खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 16°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 12 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 54 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 22 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र के कई शहरों में धुंध, दृश्यता घटी, 15 मार्च से बारिश के आसार पेज 2



अभिषेक-ईशान की जोड़ी ने टी-20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान हासिल किए खेल टाइम्स



लड़ाकू विमान अपग्रेड : भारत का वायु रक्षा में क्रांतिकारी कदम सम्पादकीय



टॉप लीडरशिप खत्म, फिर भी जंग लड़ रहा ईरान पेज 12

# भारत आ रहे थाई जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला

## ओमान की नौसेना ने 20 क्रू सदस्यों का किया रेस्क्यू, तीन अभी भी लापता

■ व्यापारी जहाजों पर हमलों में दो भारतीयों की मौत, एक लापता



**तेल अवीव/तेहरान।** भारत आ रहे थाईलैंड के एक कार्गो जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला हुआ है। ओमान के पास चल रहे इस जहाज को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया। थाईलैंड के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद 23 में से 20 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। थाई झंडे वाला यह बल्क कैरियर मयूरी नारी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से रवाना हुआ था।

होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय जहाज के पिछले हिस्से पर हमला हुआ, जिससे इंजन रूम में आग लग गई। बताया गया है कि तीन लापता क्रू सदस्य उस समय इंजन रूम में ड्यूटी पर थे। कैप्टन के आदेश पर बाकी क्रू ने जहाज छोड़ दिया और लाइफबोट में सवार हो गए। ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर को बचाकर खसाब शहर पहुंचाया। थाईलैंड के अधिकारियों के मुताबिक रायल थाई नेवी स्थिति पर नजर रखे हुए है और बचाव अभियान के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच व्यापारी जहाजों पर हुए हमलों में दो भारतीयों की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति लापता है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को दी। जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार खाड़ी क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों के कल्याण और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### होर्मुज के आसपास संकट गहराया

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान के खिलाफ समुद्र में बड़ी सैन्य कार्रवाई का दावा किया है। अमेरिकी सेना के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान की कई नौकाओं को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया, जिनका इस्तेमाल समुद्र में बारूदी सुरंगें (नैवल माइन) बिछाने के लिए किया जा सकता था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि 10 मार्च को अमेरिकी बलों ने ईरान की

■ अमेरिका ने तबाह किए ईरान के 16 माइन बिछाने वाले जहाज

कई नौसैनिक नौकाओं पर हमला किया, जिनमें 16 माइन बिछाने वाली नावें शामिल थीं। कमांड ने इस कार्रवाई का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें समुद्र में किए गए हमलों के दृश्य दिखाई देते हैं। ट्रम्प ने कहा कि अगर होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की समुद्री माइन बिछाई गई हैं, तो उन्हें तुरंत हटाया जाए।

### दुबई एयरपोर्ट के पास हमले की कोशिश, एक भारतीय समेत 4 घायल

**दुबई।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच दुबई से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दुबई के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) के पास दो ड्रोन गिराए जाने की घटना सामने आई है। इस घटना में एक भारतीय नागरिक सहित कुल चार लोग घायल हो गए। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के आसपास उड़ रहे दो ड्रोन को मार गिराया। इसके बाद ये ड्रोन एयरपोर्ट के पास गिर गए, जिससे आसपास मौजूद लोगों को चोटें आईं। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में दो घाना के नागरिकों और एक बांग्लादेशी नागरिक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि एक भारतीय नागरिक को मध्यम स्तर की चोटें लगी हैं।

# जम्मू में फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग, बाल-बाल बचे पूर्व सीएम

**जम्मू।** जम्मू में नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग की गई है। फायरिंग की यह घटना जम्मू के ग्रेटर कैलाश इलाके में हुई, जहां अज्ञात हमलावर ने उन पर गोली चला दी।


जानकारी के अनुसार, फायरिंग के दौरान डा. फारूक अब्दुल्ला बाल-बाल बच गए और उन्हें कोई चोट नहीं आई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फायरिंग करने वाले संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रेटर कैलाश इलाके में बुधवार शाम को

■ पुलिस ने फायरिंग करने वाले संदिग्ध को गिरफ्तार किया

शादी समारोह में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी भी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार, समारोह स्थल के पास अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया है। फारूक अब्दुल्ला पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस ने पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी है।

## 22वां रोज़ा

### पाकीजगी और परहेज करने की सीख देता है रोज़ा



हर मजहब की इबादत का अपना ढंग होता है। इसके अलावा हर मजहब में ऐसी कोई न कोई रात या कुछ खास बातें इबादत के लिए मख्सूस होती हैं, जिनकी अपनी अहमियत होती है। इस्लाम मजहब की इबादत की नींव ला इलाहा इल्ललाह पर मुश्तमिल है। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) अल्लाह के रसूल हैं। ये यकीन और तस्दीक यानी अल्लाह और उसके रसूल को कबूल करना जरूरी है। इसको यों कह सकते हैं कि अल्लाह पर ईमान लाना और रसूलल्लाह के अहकामात मानना ही इस्लाम मजहब की बुनियाद है। माहे रमज़ान को मजहबे-इस्लाम में खास मुकाम हासिल है। पाकीज़गी और परहेजगारी की पाबंदी के साथ रखा गया रोज़ा रोज़ेदार को इबादत की अलग ही लज़्ज़त देता है। दरअसल दोज़ख की आग से निजात का यह अशरा इक्कीसवीं रात से ही शुरू हो जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

## गाजियाबाद के रहने वाले हरीश राणा 13 साल से कोमा में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी।

गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे। पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया। परिवार ने बताया कि बेटे के इलाज के लिए अपनी संपत्ति तक बेच दी, लेकिन



■ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कानून बनाने को कहा

अब आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। बेटे की तकलीफ भी नहीं देखी जाती। फैसले पर पिता अशोक ने कहा कि हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था। दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डाक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया। इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है। इसमें रिकवरी की कोई गुंजाइश नहीं होती। 13 साल से बिस्तर पर पड़े होने की वजह से हरीश के शरीर पर बेडसोर्स यानी गहरे घाव बन गए हैं। उनकी हालत लगातार खराब होती जा रही है।

### प्रो. मिशेल को बैन करे केंद्र, करप्शन इन ज्यूडिशियरी लिखा था

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट एनसीईआरटी के कक्षा 8वीं की सोशल साइंस की किताब में करप्शन इन द ज्यूडिशियरी नाम का सब-चैप्टर तैयार करने वाली टीम को हटाने की तैयारी में है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों और पब्लिक फंडेड इंस्टीट्यूशन्स को निर्देश दिया है कि एनसीईआरटी के सोशल साइंस करिकुलम के चेयरपर्सन प्रोफेसर मिशेल डेनिनो को पाठ्यक्रम से अलग करें। साथ ही, उनके दो अन्य सहयोगी सदस्यों दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार को भी किसी भी तरह से पाठ्यक्रम तैयार करने की प्रक्रिया में शामिल न किया जाए।इसके अलावा, तीनों को नेक्स्ट जनरेशन टेक्स्टबुक्स को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया से भी अलग किया जाए। प्रोफेसर मिशेल डेनिनो ने अपने 2 सहयोगियों- दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार के साथ मिलकर कक्षा 8 की एनसीईआरटी सोशल साइंस की किताब के पार्ट-2 में सब-चैप्टर 'करप्शन इन ज्यूडिशियरी' तैयार किया था।

# स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। उन पर सदन की कार्यवाही के दौरान भेदभाव करने का आरोप था। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट तक जवाब दिया। उन्होंने इस दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और गिनाया कि 14वीं, से 18वीं लोकसभा में बोलने के लिए कितना समय मिला। उन्होंने साफ कहा कि सदन नियम से चलेगा।

स्पीकर को नियमों के उल्लघंन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे, उनका माइक बंद होगा। शाह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि अरे भाई यहां नियमों से बोलना पड़ता है, यहां इतने वरिष्ठ सदस्य बैठे हैं, मुझे तो अभी भी नहीं मालूम पड़ता कि शशि थरूर, बालू साहब बैठे हैं, क्यों नहीं सिखाते उन्हें। ये पीएम मोदी से आकर गले लग जाते हैं। आंख मारते हैं। फ्लाइंग किस देते हैं। मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। किसी के भी सामने हम एक अंगुली दिखाते हैं, तो 4 अंगुलियां अपनी तरफ भी दिखती है। विपक्ष ने अमित शाह माफी मांगो के नारे लगाए। शाह ने कहा कि कितना बोलना है इसके लिए कुछ नियम बने हैं। 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया। जबकि उनके 52 सदस्य थे। कांग्रेस को भाजपा से 6 गुना ज्यादा समय दिया गया। जबकि भाजपा के पास 6 गुना ज्यादा सदस्य थे, 18वीं लोकसभा में भी कांग्रेस को भाजपा से दो गुना समय मिला। नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। मगर बोलने का मौका आता है, तो जर्मनी में होते हैं, इंग्लैंड में होते हैं। फिर शिकायत करते हैं। 18वीं -शेष पृष्ठ दो पर



■ गृह मंत्री शाह बोले: आंख मारने वाले स्पीकर पर सवाल उठा रहे, विपक्ष ने माफी मांगो के नारे लगाए

### कांग्रेस के युवराज छोटे दायरे में सिमटे, उन्हें विकास नहीं दिखेगा: मोदी

**चेन्नई/कोच्चि।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को केरल दौरे पर हैं। उन्होंने एर्नाकुलम के कोच्चि में 10,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

इसके बाद एनडीए की एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के युवराज को यह नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कमाल कर रहे हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि केरल के युवाओं ने ड्रोन विकसित करने के लिए स्टार्टअप शुरू किए हैं। जो व्यक्ति अपने छोटे दायरे में सिमटा हो, उसे देश का विकास कभी नहीं दिखेगा। पीएम ने कहा

■ खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा के लिए हमने पूरी ताकत लगाई

कि खाड़ी और पश्चिम एशिया में जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है, लेकिन आज देश में भाजपा की सरकार है। जब भी हमारा कोई देशवासी मुसीबत में फंसा है, हमने उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है। मोदी ने कहा कि चाहे इराक से नर्सों को निकालना हो या यमन में आतंकवादियों के चंगुल से फादर टाम को छुड़ाना हो, संकट के समय भारत अपने नागरिकों को कभी नहीं छोड़ता।




# बुकिंग के बाद ढाई दिन में मिलेगा सिलेंडर

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बिना किसी बाधा के और पूरी तरह से सुरक्षित रूप से जारी है। घरेलू उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद ढाई दिनों में सिलेंडर मिल जा रहा है और यह डिलीवरी की सामान्य साइकिल है।

मंत्रालय ने देशवासियों से अपील की है कि वे एलपीजी सिलेंडर की किल्लत की किसी भी प्रकार की आशंका के चलते 'पैनिक बुकिंग' बिल्कुल न करें। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक ब्रीफिंग में पत्रकारों को बताया कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। उन्होंने कहा कि फीडबैक से पता चलता है कि गलत जानकारी के कारण कुछ लोग घबराकर सिलेंडर बुक करा रहे हैं और जमाखोरी कर



रहे हैं। मैं साफ करना चाहती हूं कि घरेलू एलपीजी की हमारी सामान्य डिलीवरी साइकिल लगभग ढाई दिन की है, इसलिए मैं अनुरोध करती हूं... ग्राहकों को सिलेंडर बुक कराने के लिए जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है... घबराकर बुकिंग कराने की कोई जरूरत नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि दो एलएनजी कार्गो भारत की ओर चल पड़े हैं। कुछ ही दिनों में देश पहुंच जाएंगे। हमारी रिफाइनरी अधिकतम क्षमता के साथ काम कर रही है। कुछ रिफाइनरी 100 फीसदी से अधिक की क्षमता के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है, लेकिन अफवाहों के चलते हो रही पैनिक बुकिंग को रोकने के लिए ही सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। मंत्रालय ने साफ किया है कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पूरी तरह से सामान्य और सुचारू तरीके से काम कर रहे हैं।

■ सरकार का दावा: कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित रूप से जारी

■ एलपीजी की सप्लाई नियंत्रण में, नहीं होगी कोई किल्लत

# यूपी में धुंध में सात वाहन टकराए, चार की मौत

**नई दिल्ली/लखनऊ।** बुधवार सुबह लखनऊ, कानपुर समेत 15 शहरों में धुंध छाई। इसके कारण शाहजहांपुर में बस- कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत हुई।

उन्नाव में भी 4 वाहनों की टक्कर में 10 लोग घायल हुए। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का अलर्ट है। उत्तराखंड के देहरादून में दिन का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मार्च में ही मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा समेत

■ राजस्थान में पारा 40 डिग्री सेल्सियस, मप्र में 39 डिग्री से ज्यादा

अन्य राज्यों में दिन का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। राजस्थान में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा, सबसे ज्यादा बाड़मेर में 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज गर्मी के साथ-साथ 2 जिलों में हीटवेव और 19 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में मार्च के दूसरे हफ्ते से ही तेज गर्मी होने लगी है। ग्वालियर-चंबल में तापमान सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### तरनजीत ने ली दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में शपथ

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को 'लोक निवास' में आयोजित एक आधिकारिक समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट के सदस्य, मुख्य सचिव और अमृतसर से आए उनके समर्थक मौजूद रहे। संधू ने विनय कुमार सक्सेना का स्थान लिया है, जिन्हें केंद्र सरकार ने अब लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया है। शपथ ग्रहण समारोह से पहले संधू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। संधू ने इस मुलाकात को सुखद बताया और कहा कि गृह मंत्री के साथ सार्वजनिक सेवा, प्रशासन और आपसी हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

### पीएम मोदी ने कभी कंप्रोमाइज नहीं किया: भाजपा

**नई दिल्ली।** संसद में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद ने राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला। राहुल के इस वार पर बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने बड़ा पलटवार किया। राहुल ने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार नेता विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया गया, यहां चर्चा लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अध्यक्ष की भूमिका के बारे में है। कई बार मेरा नाम लिया जा रहा है, मेरे बारे में अपमानजनक बातें कही जा रही हैं, यह सदन भारत की जनता की अभिव्यक्ति है। राहुल ने आगे कहा कि यह सदन किसी एक दल का प्रतिनिधित्व नहीं करता, यह सदन पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है।

# अविश्वास प्रस्ताव पर सरकार कर रही परंपरा का उल्लंघन: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए अपने प्रस्ताव पर जारी चर्चा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गैर मौजूदगी को लेकर सवाल उठाए और कहा कि सरकार इसमें भी परंपराओं और नियमों का उल्लंघन कर रही है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने बुधवार को यहां एक बयान में कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर मंगलवार को हुई बहस के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने गर्व से दावा किया कि इस बहस के लिए 10 घंटे का समय दिया गया है, जबकि दिसम्बर 1954 में इसी तरह के एक प्रस्ताव के लिए केवल ढाई घंटे निर्धारित किए गए थे। उन्होंने कहा कि रिजिजू शायद यह बताना भूल गए कि 18 दिसम्बर 1954 को स्वयं प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु बहस के दौरान सदन में मौजूद रहे और उसमें हिस्सा भी लिया था। सदन में बोलते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने सदन की अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष से अनुरोध किया था कि बहस के समय का अधिकांश हिस्सा विपक्ष को दिया जाए।

### योगी से मिले नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव

**लखनऊ।** नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान लोहम कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टॉफ आयुष सबात भी मौजूद रहे। तीनों अतिथियों ने निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के सकारात्मक माहौल की सराहना की। योगी ने नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव, लोहम के सीईओ रजत वर्मा और चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात का उत्तर प्रदेश में स्वागत किया।बैठक में उत्तर प्रदेश को देश में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

# उप्र के कई शहरों में धुंध, 15 मार्च से बारिश के आसार

## प्रयागराज में 30 मी. दृश्यता, मेरठ में 100 मी. व वाराणसी एयरपोर्ट पर 500 तक रही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई शहरों में बुधवार सुबह अचानक धुंध और कोहरे की मोटी परत छा गई, जिससे धूप लगभग लुप्त हो गई और कई जगहों पर दृश्यता काफी कम हो गई। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर, मेरठ और आगरा समेत कई जिलों में लोगों को धुंध का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग के अनुसार धुंध की वजह से कुछ स्थानों पर दृश्यता बेहद कम दर्ज की गई। प्रयागराज में यह करीब 30 मीटर, मेरठ में 100 मीटर और वाराणसी एयरपोर्ट पर लगभग 500 मीटर तक रह गई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च में इस तरह की स्थिति पहले भी 2008 में देखने को मिली थी। लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक मनीष कुमार ने बताया कि नम पूर्वी हवाओं से आई नमी की वजह से दिन के समय भी प्रदेश के कई हिस्सों में धुंध और कोहरा बना रहा। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अगले दो दिनों तक जारी रह सकती है। वहीं अगले 4-5 दिनों तक तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, जिससे गर्मी का असर बना रहेगा। हालांकि 15 मार्च के आसपास हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दिन में तेज गर्मी और रात में अपेक्षाकृत ठंडे मौसम के कारण रेडिएशन फॉग की स्थिति बन रही है। इस प्रक्रिया में हवा में मौजूद नमी रात के समय जमीन के पास छोटी-छोटी बूंदों में बदल जाती है। वैज्ञानिकों ने बताया कि शांत हवाएं इस धुंध को लंबे समय तक बनाए रखती हैं, जबकि हवा में मौजूद धूल और प्रदूषण के कण नमी को जमने में मदद करते हैं, जिससे सुबह के समय धुंध और कोहरा जैसा मौसम बन जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर और गाजीपुर के बाहरी इलाकों में भी मंगलवार सुबह से धुंध छाई रही। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के मौसम विज्ञानी प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव के अनुसार पश्चिमी हवाओं और हवा में बढ़ी नमी की वजह से पूर्वी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्र के पीलीभीत, लखीमपुर-खीरी और बहराइच जैसे जिलों में भी धुंध देखी गई। वहीं बुंदेलखंड के हमीरपुर, ओराई, बांदा और महोबा समेत कई इलाकों में सुबह करीब 9 बजे तक घनी धुंध बनी रही और विजिबिलिटी कुछ मीटर तक सीमित हो गई। मौसम वैज्ञानिकों ने चेता. वनी दी है कि मार्च के तीसरे सप्ताह में संभावित पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आंधी-तूफान, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

## सीएम योगी के निर्देश पर प्रशासन और आपूर्ति विभाग की टीमें सक्रिय

# गैस, पेट्रोल व डीजल की अफवाह पर छापेमारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** गैस, पेट्रोल और डीजल को लेकर फैल रही अफवाहों और संभावित कालाबा. जारी को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद प्रशासन और आपूर्ति विभाग की टीमें प्रदेश भर में सक्रिय हो गई हैं।

नोएडा से लेकर गोरखपुर तक जिलों में पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों और गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। कई स्थानों पर छापेमारी कर स्टॉक और वितरण व्यवस्था की जांच की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की जमाखोरी या कालाबाजारी को रोका जा सके। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की सप्लाई सुचारु रूप से जारी रहे और कहीं भी कृत्रिम संकट पैदा न होने पाए। साथ ही अफवाह फैलाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। सरकार ने साफ किया है कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। ऐसे में आम लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर अनावश्यक खरीदारी से बचें।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति या कारोबा. री जमाखोरी या कालाबाजारी करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे उत्तर प्रदेश में सतर्कता बढ़ा दी गई है और लगातार निरीक्षण अभियान जारी है।



■ नोएडा से लेकर गोरखपुर तक जिलों में पेट्रोल पंप व गैस एजेंसियां और गोदामों का किया निरीक्षण

### एलपीजी संकट से बेरोजगारी का खतरा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एलपीजी संकट पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि देश इस समय एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां रसोई गैस जैसी बुनियादी जरूरत भी लोगों को आसानी से उपलब्ध नहीं हो रही। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में एलपीजी का उत्पादन लगभग 50 प्रतिशत तक घट चुका है, जिसके कारण हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। इस कमी का सबसे बड़ा असर आम लोगों और छोटे कारोबारियों पर पड़ रहा है। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, क्लाउड किचन और छोटे फूड कारोबार एलपीजी पर ही निर्भर रहते हैं, लेकिन अब सरकार के आदेश के बाद कई जगहों पर रेस्टोरेंट और होटलों को एलपीजी सिलेंडर तक नहीं मिल रहे।

### एलपीजी की कमी पर राज्यसभा में चर्चा की मांग, भाकपा सांसद ने दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में एलपीजी की कथित कमी पर चर्चा कराने की मांग को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य संदोष कुमार पी ने बुधवार को राज्य सभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। संदोष कुमार ने नियम 267 के तहत यह नोटिस दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसके चलते एलपीजी की आपूर्ति में देरी, कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई है। कई राज्यों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की अनियमित आपूर्ति, लंबा इंतजार और अचानक कीमतों में बढ़ोतरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों परिवार, खासकर गरीब और मध्यम वर्ग, खाना पकाने के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं। एलपीजी की कमी से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटे होटल, रेस्तरां और खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों पर भी इसका गंभीर असर पड़ रहा है।

# सनातन परंपराओं का अपमान कर रही भाजपा: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर सनातन परंपराओं को अपमान करने का आरोप लगाया है।

यादव ने बुधवार को उत्तरप्रदेश सरकार की तरफ से लखनऊ में ज्योतिर्मठ के शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती के कार्यक्रम की अनुमति को लेकर लगाई गई शर्त के मुद्दे पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और कहा कि किसी कार्यक्रम पर अनावश्यक शर्तें और प्रतिबंध लगाना कमजोर सत्ता की पहचान है। यदि भाजपा सनातन परंपराओं का सम्मान नहीं कर सकती तो कम से कम उसका अपमान भी न करे। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए आरोप लगाया कि प्रदेश की सरकार एक विशेष समाज के सम्मान को ठेस पहुंचा रही है। इस समाज के लोग भाजपा सरकार में मंत्री, सांसद, विधायक या अन्य जनप्रतिनिधि के रूप में शामिल हैं, लेकिन इस मुद्दे पर वे अपने ही समाज के सामने जवाब देने से बच रहे हैं। ऐसे जनप्रतिनिधि अपने स्वार्थ के लिए भाजपा के साथ बने हुए हैं और अपने समाज में सम्मान खो चुके हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि जनता अगले चुनाव में ऐसे नेताओं को सबक सिखाएगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि कुछ जनप्रतिनिधि, जो वास्तव में अपने समाज के हितैषी हैं, वे उन दलों के संपर्क में हैं जो सनातन परंपराओं और समाज का सम्मान करते रहे हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 76863.71
निफ्टी 23866.85



सोना 160000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 269000
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया की चिंता में शेयर बाजारों में फिर बड़ी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को एक बार फिर बड़ी गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 1,342.27 अंक (1.72 प्रतिशत) लुढ़ककर 76,863.71 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 394.75 अंक यानी 23,866.85 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांकों का यह करीब 11 महीने का निचला बंद स्तर है। सेंसेक्स की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी और सुबह अधिकतर सूचकांक हरे निशान में थे। लेकिन बाद में गिरावट तेज होती गई। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.66 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.36 प्रतिशत गिर गया। बैंकिंग, वित्त, ऑटो, रियलटी, रसायन, आईटी और एफएमसीजी सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। फार्मा, स्वास्थ्य और तेल एवं गैस सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर पांच प्रतिशत टूट गया। एक्सिस बैंक में चार फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी करीब चार प्रतिशत गिर गए। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स और बीईएल के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा टूटे। भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इटरनल के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे। एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे। एनटीपीसी और सनफार्मा में तेजी रही।

### सोना 1.60 लाख पर पहुंचा, चांदी की कीमत में गिरावट

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने की कीमत में मामूली तेजी और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 505 रुपए बढ़कर 1.61 लाख पहुंच गया। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 1,886 रुपए घटकर 2.69 लाख पर पहुंच गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2. 71 लाख रुपए प्रति किलो थी। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है।

# चावल, चीनी दालों में तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ दालों और चीनी में भी तेजी रही। वहीं गेहूं में गिरावट देखी गई। खाद्य तेलों में उतार- चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 16 रुपये सस्ता हुआ और 2,798 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

आटे के भाव में टिकाव रहा। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 52 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल 20 रुपये और उड़द दाल 18 रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव नौ रुपये और मसूर दाल का सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 71 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,499 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.61 प्रतिशत की बढ़त में 67.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 139 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 96 रुपये और पाम ऑयल की 87 रुपये बढ़ी। वनस्पति में 57 रुपये की तेजी रही। सोया तेल की कीमत चार रुपये और सरसों तेल की तीन रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 29 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी 10 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7725.52 रुपये, मसूर काली 8073.07 रुपये, मूंग दाल 10142.60 रुपये, उड़द दाल 10744.18 रुपये, तुअर दाल 11221.97 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2797.69 रुपये और चावल 3850.47 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3282. 33 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4304.24 रुपये और गुड़ 4998.56 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17605.37 रुपये, मूंगफली तेल 18573.31 रुपये, सूरजमुखी तेल 16886.60 रुपये, सोया तेल 14155.25 रुपये, पाम ऑयल 12952.64 रुपये और वनस्पति 14564.41 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### दिल्ली हाईकोर्ट की कैंटीन में गैस खत्म

**नई दिल्ली/लखनऊ।** पश्चिम एशिया के लगातार बढ़ते संकट की वजह से विपक्षी दलों के सदस्यों ने रसोई गैस को लेकर बुधवार को लोकसभा में जमकर हंगामा किया, जिस वजह से सदन सुचारू रूप से नहीं चल सका। एलपीजी गैस की किल्लत का आलम यह है कि अयोध्या में गैस की गंभीर कमी को देखते हुए राम मंदिर के निकट अमावा मंदिर में संचालित श्री राम रसोई की ओर से भोजन वितरण को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट की कैंटीन में गैस खत्म हो गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**स्पीकर ओम ..**

लोकसभा में 157 घंटे 55 मिनट कांग्रेस के सदस्य बोले। मैं विपक्ष नेता से पूछना चाहता हूं कि आप तब क्यों नहीं बोले। किसने रोका था। वो तो आपका अधिकार है कि आपकी पार्टी से कौन बोलेगा। विपक्ष के नेता स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव पर भी कुछ नहीं बोलते। फिर प्रस्ताव लाते क्यों है। एक तो बोलना नहीं चाहते हैं। बोलना चाहते हैं तो नियम अनुसार नहीं बोलना चाहते। वक्फ संशोधन, धारा 370 जैसी चर्चाओं से राहुल गायब रहे। एसआईआर पर चर्चा थी। विपक्ष के नेता को बोला गया कि आप बोलिए। नहीं बोले। उन्होंने सदन डिस्टर्ब किया। उनको अचानक एक आइडिया आया कि मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा हो। आपके परनाना से लेकर आपकी दादी से पिता जी तक, बड़े-बड़े नेता के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर बहस नहीं हुई। 16वीं लोकसभा में राहुल गांधी ने 2014, 2015, 2017 और 2018 में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में भाग नहीं लिया। उन्होंने 16वीं लोकसभा में केंद्रीय बजट पर किसी भी चर्चा में भी हिस्सा नहीं लिया। इससे पहले रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और विपक्ष पर कई आरोप लगाए। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि हम जब भी बोलने को होते हैं हमे रोका-टोका जाता है। उन्होंने कहा कि यह चर्चा लोकतंत्र और स्पीकर की भूमिका पर है। कई मौकों पर मेरा नाम लिया गया। हर समय हमें बोलने से रोका गया। राहुल गांधी ने कहा कि आखिरी बार बोलते हुए मैंने प्रधानमंत्री की ओर से काम्प्रोमाइज का मुद्दा उठाया था। सदन देश का प्रतिनिधित्व करता है। पहली बार विपक्ष के नेता को नहीं बोलने दिया गया। पीएम काम्प्रोमाइज्ड हैं। राहुल के इतना बोलने पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नेवर.. .नेवर। पीएम मोदी का भारत कभी काम्प्रोमाइज्ड नहीं होगा। इनको बेसिक समझदारी भी नहीं है। स्पीकर ने कई बार चेयर घेरी गई, कागज फेंके गए, लेकिन वह मुस्कराते रहे। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने चेयर को घेरकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अमित शाह ने कहा कि स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव के नोटिस में 2026 की जगह 2025 लिखा था। जब विपक्ष के ध्यान में लाया गया, तो उन्होंने नोटिस वापस ले लिया। दूसरे नोटिस में सिर्फ गौरव गोगई के रियल साइन थे। सभी विपक्षी सांसदों को जेरोक्स साइन थे। ऐसे में नोटिस खारिज हो सकता है। लेकिन इनमें इतनी गंभीरता नहीं है कि नोटिस नियमों के हिसाब से लाएं। फिर भी स्पीकर के ऑफिस ने विपक्ष को मौका दिया कि गलतियां है। सुधार लो।

# भारतीय विमान सेवा कंपनियां रियाद के लिए आज से शुरू करेंगी उड़ानें

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय विमान सेवा कंपनियां सऊदी अरब की राजधानी रियाद के लिए 12 मार्च से उड़ानें शुरू करेंगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की मंगलवार देर रात जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस 12 मार्च से रियाद के लिए उड़ानें शुरू करने वाली हैं।

इसी तारीख से इंडिगो भी मुंबई और रियाद के बीच उड़ानें शुरू करेगी। अकासा एयर ने भी गुरुवार से दोनों शहरों के बीच उड़ानें शुरू करने का फैसला किया है। मंत्रालय ने बताया कि सभी विमान सेवा कंपनियों को सुरक्षा स्थिति पर पूरी तरह विचार करने के बाद ही उड़ानों के परिचालन की अनुमति दी जा रही है। इंडिगो ने बुधवार को पश्चिम एशिया के आठ शहरों के लिए कुल 38 उड़ानों का परिच. ालन करने की बात कही है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी आज संयुक्त अरब अमीरात के लिए 36 विशेष उड़ानों समेत कुल 58 उड़ानों के परिचालन की बात कही है। उनकी 22 शिड्यूल उड़ानें सऊदी अरब के जेद्दा और ओमान के मस्कट के लिए होंगी। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण 28 फरवरी को क्षेत्र के लिए सभी उड़ानें बंद कर दी गई थीं। अब धीरे-धीरे परिचालन फिर शुरू किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विभिन्न देशों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके भारतीय एयरला. इंस कंपनियों के लिए ओमान के मस्कट को पश्चिम एशियाई शहरों दुबई, अबु धाबी, शारजाह, रस-अल-खैमा, अल-अलाम, फुजैरा, जेद्दा और मदीना का वैकल्पिक हवाई अड्डा घोषित किया है। मंत्रालय ने बताया कि 9 मार्च को विभिन्न पश्चिम एशियाई शहरों से कुल 45 उड़ानें भारत आईं जिनमें 7,407 यात्री थे।



■ इंडिगो भी आज से शुरू करेगी मुंबई-रियाद के लिए उड़ान

# जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा : सालाना 1.20 करोड़ यात्रियों की क्षमता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तेजी से अपने संचालन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में बन रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पहले चरण का लगभग 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य 10 नवम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। सरकार की तरफ से जारी किए गए आदेश के अनुसार, पहले चरण में एयरपोर्ट एक रनवे के साथ संचालित होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता करीब 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी। अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती चरण में औसतन प्रतिदिन लगभग 150 उड़ानों के संचालन का अनुमान है। जैसे ही यात्रियों की संख्या एक करोड़ को पार करेगी, हवाई अड्डा पर दूसरे रनवे के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दो रनवे के साथ यह एयरपोर्ट करीब सात करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा। हवाई अड्डा के पहले चरण में लगभग 3,300 एकड़ क्षेत्र में विकसित हिस्से का लोकार्पण किया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 6,700 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है, जबकि शेष 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन महीनों में अधिग्रहित किए जाने की योजना है। भूमि अधिग्रहण पर लगभग 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जबकि निर्माण कार्य पर करीब 7,000 करोड़ रुपये की लागत आ रही है।

■ पहले चरण में प्रतिदिन औसतन 150 उड़ानें संचालित होंगी

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



22वां रोज़ा इफ्तार
12 मार्च गुरूवार
सुन्नी...................... 06:28
शिया...................... 06:40

23वां रोज़ा सहरी
13 मार्च शुक्रवार
सुन्नी...................... 05:06
शिया...................... 04:12



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# नरेश टिकैत-हरेंद्र मलिक का प्रयास रहा सफल

## ठाकुर-कश्यप समाज के मामले का हुआ पटाक्षेप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/बुढ़ाना।** ठाकुर और कश्यप समाज के कुछ लोगों के बीच किसी मामले को लेकर कई दिनों से चल रहा भारी तनाव आज पूर्ण रुप से समाप्त हो गया। यह तनाव प्यार में बदल गया। इस मामले में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत व मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हरेंद्र मलिक की अहम भूमिका रही। इस मामले के पटाक्षेप होने से पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना सर्किल के सिसौली कस्बे में बुधवार के दिन एक पंचायत हुई। जिसमें तितावी थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर में विगत दिवस कश्यप और ठाकुर समाज के दोष्पक्षों के बीच किसी बात पर उपजे विवाद को सुलझा लिया गया। जिसमें भाकियू सुप्रीमों चौधरी नरेश टिकैत और सपा सांसद हरेंद्र मलिक की सराहनीय भूमिका रही। दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समाधान निकालने के लिए क्षेत्र के कई गणमान्य लोग भी पूरे प्रयासरत रहे। काफी देर तक चली वार्ता के बाद दोनों पक्षों में समझौता कराया गया। गांव नसीरपुर में मारपीट प्रकरण को लेकर दोनों पक्ष सिसौली स्थित किसान भवन पहुंचे।

जहां पंचायत में चौधरी नरेश टिकैत, सांसद हरेंद्र मलिक और ठाकुर पूरन सिंह समेत क्षत्रिय व कश्यप समाज के जिम्मेदार लोग मौजूद थे। कुछ दिन पहले नसीरपुर में क्षत्रिय समाज और कश्यप समाज के युवकों के बीच मारपीट की घटना हो गई थी। जिसके बाद मामला बढ़ गया था। पंचायत में दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर बातचीत कराई गई और विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त करने का प्रयास किया गया। पंचायत में मौजूद वरिष्ठ लोगों ने दोनों पक्षों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस आपसी सहमति से विवाद का समाधान निकलने के बाद क्षेत्र का माहौल भी पूरी तरह सामान्य दिखा। इस पूरे प्रकरण में चौधरी नरेश टिकैत व हरेंद्र मलिक की भूमिका सराहनीय रही। दोनों नेताओं ने सूझबूझ और समझदारी का परिचय देते हुए बातचीत के माध्यम से विवाद को खत्म कराने और क्षेत्र में शांति व भाईचारे का संदेश देने में अहम भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि नसीरपुर गांव में बीती 6 मार्च को हुई मारपीट की घटना के बाद तनाव बढ़ गया था। इस मामले में ठाकुर पूरन सिंह के बेटों और भाई पर कश्यप समाज के युवक दुष्यंत की पिटाई का आरोप लगा था। तब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को जेल भेज दिया था। घटना के बाद दोनों पक्षों ने 14 मार्च को अलग-अलग महाप.चायतें बुलाई थी। जिससे इलाके में और तनाव फैल गया था। सिसौली स्थित टिकैत आवास पर दोनों समाजों के प्रमुख लोगों की बैठक हुई। इसमें भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत और सपा सांसद हरेंद्र मलिक ने मध्यस्थता की। उनकी पहल पर दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत से समझौता हो गया। समझौते के परिणाम स्वरुप ही ठाकुर पूरन सिंह द्वारा बुलाई गई सम्मान बचाओ महापंचायत और कश्यप समाज द्वारा प्रस्तावित महापंचायत दोनों को रद्द कर दिया गया है। दोनों पक्षों ने भविष्य में शांति और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया है। पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है।



मुजफ्फरनगर: ठाकुर और कश्यप समाज को समझाते भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत।

# विधायक राजपाल ने आश्वासन समिति की ली बैठक

## कई विभाग के अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सभापति राजपाल सिंह बालियान एवं समिति के सदस्य राम खिलाड़ी सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति की बैठक आयोजित हुई ।

सभापति एवं समिति के सदस्यो ने जनपद के कानून व्यवस्था, समाज कल्याण विभाग, लोक निर्माण विभाग वन, पर्यावरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, चीनी एवं गन्ना उद्योग,राजस्व, सिंचाई एवं जल संसाधन ,कारागार, बेसिक शिक्षा, आर0ओ0 प्रदूषण, खादय एवं रसद विभागों के लम्बित आश्वासन पर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई

सभापति एवं समिति के सदस्यो को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवगत कराया कि शासन की मनसानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु शासन/ उच्च अधिकारीगणों द्वारा निर्गत आदेशों/ निर्देशों के क्रम में विभिन्न कार्य योजना/स्कीम लागू कर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने अवगत कराया कि वर्ष 2025 से अब तक 273 पुलिस मुठभेड़ में 530 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्तों में से 323 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल एवं पांच अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में मृत हुए। एनडीपीएस अधि0 के अंतर्गत 108 अभियोग पंजीकृत किए गए, जिनमें 184 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और भारी मात्रा में गांजा, चरस अफीम बरामद की गई। उन्होने बताया कि साइबर क्राइम और महिला उत्पीडन संबंधी मामलों में भी लगातार कार्यवाही की जा रही है। समिति ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए पूर्व में छात्रवृत्ति/वृद्धा पेंशन की मंदों में कि गई गड़बड़ी के संबंध में की गई अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग ने अवगत कराया जनपद में दोनों खंडों में कोई भी ग्राम सभाएं, राजस्व ग्राम डामर रोड से जोड़ने से वंचित नहीं है। अवैध विद्युत कनेक्शन दिए जाने के संबंध में अधिशासी अभियंता विद्युत ने अवगत कराया कि ऑनलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत जनपद के विद्युत वितरण मंडलों से प्राप्त सूचना के अनुसार निजी नलकूप के संयोजनों हेतु कोई भी प्रकरण अवैध वसूली से संबंधित नहीं है एवं जनपद मुजफ्फरनगर के अंतर्गत किसी भी खंड में निजी नलकूप तथा अन्य श्रेणी की संयोजन दलालों के माध्यम से नहीं दिए जाते हैं तथा खंड कार्यालय में दलालों का प्रवेश पूर्ण रूप से निषेधहै। अपर जिला अधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह ने समिति को अवगत कराया उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार जनपद में तहसील क्षेत्र अंतर्गत अभियान चलाकर खतौली में अंकित तालाबों, जिलों कों एवं वाटर रिजर्वॉयर का सत्यापन करने के उपरांत जनपद में आधार वर्ष खतौनी में कुल 6142 तालाब क्षेत्रफल 2967.101 हेक्टेयर चिन्हित किए गए। अभियान के दौरान क्षेत्रफल 315.90 हेक्टेयर पर अवैध कब्जा पाया गया, जिसमें से कार्रवाई के उपरांत वर्तमान तक कुल 426 प्रकरणों में 619 व्यक्तियों का क्षेत्रफल 91.1278 हेक्टर से अवैध कब्जे हटाए गए। प्रदेश में बंधे/रिंग बंधें के गैप के संबंध में अधिशासी अभियंता ड्रेनेज खंड प्रथम मेरठ ने समिति को अवगत कराया जनपद मुजफ्फरनगर में खंड के क्षेत्र कार्यक्षेत्र के अंतर्गत गंगा नदी के दाएं किनारे पर 16.500 किलोमीटर लंबाई में रामराज तटबंध तथा शुक्रताल में सोलानी नदी के दाएं किनारे पर 2.2700 किलोमीटर लंबाई में शुक्रताल तटबंध निर्मित है उक्त तटों में कोई गैप नहीं है। खाद एवं रसद विभाग प्रदेश में उचित दर की दुकानों में घाटोली रोके जाने हेतु ई-पास प्रक्रिया को अपनाए जाने के संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी ने समिति को अवगत कराया वर्तमान में जनपद मुजफ्फरनगर में 849 उचित दर दुकान प्रचलित संचालित हैं तथा वर्तमान में समस्त उचित दर दुकानों पर ई-पॉस व ई-वेईग मशीन के माध्यम से कार्ड धारकों में खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिला कारागार में कार्यरत बंदी रक्षों को पौष्टिक आहार भत्ता दिए जाने के संबंध में जिला जेल अधीक्षक जिला कारागार मुजफ्फरनगर ने समितिको अवगत कराया जिला कारागार में कार्यरत बंदी रक्षों को पौष्टिक आहार भत्ता दिया जाने हेतु, उक्त प्रकरण शासन कारागार मुख्यालय लखनऊ से संबंधित होने के कारण कारागार स्तर से कोई टिप्पणी संभव नहीं है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधानसभा सदस्य राम खिलाड़ी सिंह, जिला अध्यक्ष लोकल संजय राठी, अनुर्स. चव, प्रतिवेदक तथा जिलाधिकारी उमेश मिश्रा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोरदेशभूषण, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के मामले में दस वर्ष के कारावास की सजा

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने दुष्कर्म और अपहरण के मामले में सुनवाई करते हुए सबूत व गवाहों के आधार पर दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। चरथावल के रहने वाले व्यक्ति ने अट्ठारह जून 2010 को पुलिस को एक तहरीर देकर मुक.दमा दर्ज कराया था कि थाना कांधला गांव दुर्जनपुर खेडा निवासी इंतजार उर्फ कालू पुत्र जरीफ ने उसकी बेटी का बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया। पुलिस ने इस मामले को दर्ज किया और मुकदमे में दुराचार की धारा की बढ़ोत्तरी की। धारा 363, 366, 376 आईपीसी के तहत लिखा पढ़ी हुई और 26 जून 2010 को पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था जिसके बाद यह मामला एडीजे एफटीसी द्वितीय के न्यायाधीश कमला पति ने सुना।

अपहरण व दुराचार से संबंधित कुछ सबुत भी कोर्ट में पेश किए गए। इस मुकदमे की पैरोकारी एडीजीसी अरूण कुमार शर्मा द्वारा की गई। सबूत व गवाहों के आधार पर इंतजार को दस वर्ष के कारावास और उस पर चालीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

# गैस एजेंसियों के बाहर लगी लंबी कतारें

## प्रभावित होने से उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ईरान-इजरा.इल युद्ध का असर अब वैश्विक आपूर्ति पर भी दिखाई देने लगा है। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने से जिले के उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सिलेंडर की बुकिंग और रिफिल के लिए लोगों को घंटों तक गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है।

बुधवार को शहर की कई गैस एजेंसियों के कार्यालयों और गोदामों के बाहर सैकड़ों उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे दिखाई दिए। सुबह से ही महिलाएं और पुरुष बुकिंग और सिलेंडर प्राप्त करने के लिए एजेंसियों के बाहर इंतजार करते रहे। कई उपभोक्ता सुबह से शाम तक एजेंसियों और गोदामों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन सभी को सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो सका। जिले में कुल 52 गैस एजेंसियों पर छह लाख से अधिक उपभोक्ता पंजीकृत हैं। वर्तमान स्थिति में मांग के मुकाबले आपूर्ति कम होने से संकट गहराता नजर आ रहा है।

इससे लोगों को करीब 12 साल पहले की स्थिति याद आ गई है, जब गैस सिलेंडर प्राप्त करना बेहद कठिन होता था। बाद में व्यवस्था में सुधार हुआ और घर-घर सिलेंडर की आपूर्ति शुरू होने से बुकिंग और वितरण की प्रक्रिया काफी आसान हो गई थी, लेकिन अब एक बार फिर आपूर्ति को लेकर संकट के हालात बनते दिखाई दे रहे हैं।

### कालाबाजारी करने वाले हुए सक्रिय, मनमाने दाम लेकर दे रहे सिलेंडर

**मुजफ्फरनगर।** गैस की कमी के बीच कालाबाजारी करने वाले भी सक्रिय हो गए हैं। कई इलाकों और मोहल्लों में बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस भरकर ऊंचे दामों पर बेची जा रही है। रसोई के चूल्हे ठंडे होने की मजबूरी का फायदा उठाते हुए कुछ लोग सिलेंडर दो हजार रुपये से अधिक कीमत पर ब्लैक में बेच रहे हैं। हालांकि जिला प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं, लेकिन इसके बावजूद कालाबाजारी करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानियां और बढ़ गई?

# डीआरआई का बागोवाली में छापा

## सोना तस्करी के आरोप में संदिग्ध व्यक्ति को पूछताछ के लिए लिया हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोने की तस्करी का खेल खाडी देशों से लेकर भारत के भी कई क्षेत्रों में फैला हुआ है। डीआरआई द्वारा की गई छापेमारी और सोना तस्करी के आरोप में नई मंडी क्षेत्र के गांव बागोवाली से व्यक्ति को हिरासत में लेने से यह भी साबित हो रहा है कि जनपद मुजफ्फरनगर के कुछ क्षेत्रों में भी सोना तस्करों के तार जुड़े हुए है। राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने नई मंडी पुलिस से इस मामले को गोपनीय रखा और स्वयं ही गांव बागोवाली पहुंचकर यहां के एक ग्रामीण को हिरासत में लेकर लौट गई। नोएडा से आई डीआईआर की टीम मौ. मिया को अपने साथ ले गई है। इस तरह की कार्यवाही से लोग इसको एक बड़े सोने की तस्करी के नेटवर्क से जोडकर देख रहे है, हालांकि स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन बागोवाली के व्यक्ति को हिरासत में लेने के बाद तरह-तरह की चर्चाए होने लगी है।

बताया जाता है कि राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने ऑपरेशन बुलियन ब्लैज के तहत मुम्बई में सोने की तस्करी और अवैध भट्टियों में सोना पिंघलाने और सोने को ग्रे-मार्किट में बेचने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया था। डीआरआई ने इस मामले में कई सोना तस्करों को गिरफ्तार किया था। डीआरआई ने खुफिया तौर से करीब चार स्थानों पर छापा मारकर दो अवैध भट्टिया और दो अपंजीकृत दुकानों पर कार्यवाही की थी। सूत्रों की माने तो अवैध भट्टियों में तस्करी किए गए सोने को मोम और अन्य रूपों में बदलने का कार्य चल रहा था। पुलिस ने वहां से भारी मात्रा में सोना बरामद कर भटटियों के संचाल.कों को भी हिरासत में लिया था। सोना तस्करी के मास्टर माइंड की गिरफ्तारी के बाद डीआरआई ने कई बड़े-बड़े खुलासे किए और पूछताछ के दौरान कई जनपदों के सोना तस्करों के नाम सामने आना बताया गया है। डीआरआई ने सोना पिंघलने, तस्करी करने और लिखा पढ़ी करने के मामले में करीब ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया था। वहीं करोडो रूपये की सोना चांदी भी जब्त की गई थी। धीरे-धीरे डीआरआई की जांच में मुजफ्फरनगर का नाम भी आया जिसमें नई मंडी क्षेत्र के गांव बागोवाली के रहने वाले मौ. मिया का नाम भी जांच में आया। बताया जाता है कि विगत दिवस डीआरआई की टीम बागोवाली पहुंची और पूछताछ के लिए मौ. मिया को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। डीआरआई की जनपद में छापेमारी और पूछताछ के लिए व्यक्ति को हिरासत में लेने से साफ हो रहा है कि सोना तस्करी में जनपद मुजफ्फरनगर के कुछ इलाकों में रहने वाले लोगों के तार भी जुड़े हुए है। बता दे कि इससे पहले भी सोना तस्करी के मामले में बाहर की टीम छापे मार चुकी है। और शामली और मुजफ्फरनगर के कई इलाके में सोना तस्करी के मामले में कुछ संदिग्धों का नाम भी आ रहा है।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)
डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

RAKHI PUBLIC SCHOOL
(10+2, Affiliated to CBSE, New Delhi)
8th KM, Mansurpur-Shahpur Road, Sohanjani Tagan, Muzaffarnagar -251318 (U.P.)
(Website- www.rakhipublicschool.co.in)
WALK-IN INTERVIEW
PGT's: Geography, Political Science, History, Chemistry, English
TGT's : Music & Counselor
-:VENUE:-
School Campus: Date & Time: 30th March 2026 Monday 9:30 A.M. with Original Documents
Mail Resume upto 29th March 2026
E-mail: rakheepublicschool@rediffmail.com
Contact/Whatsapp No. 6396159468, 9837002327, 9917327777
Dr. R.N. Tyagi Manager
Pramod Kumar Principal





माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार
श्री योगी आदित्यनाथ जी
की प्रेरणा से
नये निरीक्षण भवन का
लोकार्पण
दिनांक : 12-03-2026, दिन बृहस्पतिवार, समय: सायं 4 बजे
स्थान -
पुलिस चौकी के पास, भोपा रोड
ग्राम मखियाली, मुजफ्फरनगर
आप सभी
सादर आमंत्रित है



श्री कपिल देव अग्रवाल जी
माननीय विधायक, मुजफ्फरनगर एवं राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)
व्यवसायिक एवं कौशल विकास, शिक्षा उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार
के कर कमलों द्वारा सम्पन्न होगा
अधिशासी अभियंता
श्री अनिल कुमार राणा
मुख्य विकास अधिकारी
श्री देशभूषण कमल किशोर कांडारकार
जिलाधिकारी
श्री उमेश मिश्रा
निवेदक- प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, मुजफ्फरनगर

# हमले में घायल युवती ने उपचार के चलते दम तोड़ा

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**■ हमले में दो बहने हुई थी जख्मी, दूसरी का चल रहा है उपचार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** होली के दिन दबंगों द्वारा मारपीट करके घायल की गयी दो बहनों में से एक बहन ने बुधवार के दिन मेरठ मेडिकल में उपचार के दौरान दम तोड दिया।

परिजनों व भीम आर्मी नेताओं ने पोस्टमार्टम के बाद शव को बुढ़ाना कोतवाली लाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार दलित सुभाष सिंह पुत्र मलखान निवासी गांव इटावा ने बताया कि वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। वह बीती 04 मार्च को मजदूरी करके अपनी पुत्रियों कोमल और साक्षी को बाइक पर लेकर अपने घर आ रहा था। जब मैं गांव इटावा में जगमाल की टड्यूबवैल के निकट लिंक रोड के पास सडक पर पहुंचा तो उसके गांव इटावा का ही एक व्यक्ति उसे टड्यूबवैल पर मिल गया। तब वह बाइक रोककर उससे बात कर ही रहा था। तभी पीछे से एक बाइक सवार दो लडके समर पुत्र टीटू और रवि पुत्र सुनील निवासीगण गांव कुरथल बहुत तेजी व लापरवाही से बाइक को लहराते हुए आये और मेरी बाइक के पास खड़ी दोनों बहनों को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उसकी दोनों पुत्रियां गंभीर रुप से घायल होकर बेहोश हो गयी। इससे पूर्व उसकी दोनों पुत्रियों के विरोध करने पर दोनों आरोपी लड़कों ने उसकी पुत्रियों के साथ मारपीट की और फरार हो गये। उसने इसकी सूचना डायल नंबर 112 को दी तो मौके पर पुलिस आई और मेरी दोनों पुत्रियों को गंभीर हालत में सीएचसी बुढ़ाना लाए। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों बहनों को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया। आज उपचार के चलते उसकी एक पुत्री कोमल ने दम तोड दिया जबकि उसकी दूसरी पुत्री साक्षी के पैर का आपरेशन हुआ। कोमल के शव को परिजन बुधवार की सायं कोतवाली बुढ़ाना में लाए। जहां भीम आर्मी मुजफ्फरनगर के जिला संगठन मंत्री व आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हाजी नसीम अंसारी और संतलाल सागर ने बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उधर पुलिस के द्वारा आश्वासन मिलने पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### युवक की हत्या का प्रयास करने वाले दबोचे

**बुढ़ाना।** सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री ने सरेआम एक युवक को हत्या की नीयत से चाकू घोंपने वाले दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ये अभियुक्त सावेज उर्फ जिद्दी पुत्र जाबिर निवासी नदी वाला मन्दिर के पास और अरशद उर्फ निन्ना पुत्र राशिद उर्फ पीरू निवासी लुहसाना रोड सफीपुर पटी हैं। जिन्हें पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि शोयब पुत्र जाहिद निवासी ग्राम लुहसाना रोड सफीपुर पटी ने बुढाना कोतवाली में एक तहरीर देते हुए बताया था कि सावेज व अरसद ने उसे घर से बुलाकर स्टेट बैंक वाली मार्किट में ले जाकर धारदार चाकू से उसकी कोख में चाकू मारकर उसकी हत्या का प्रयास किया था। दोनों आरोपी भाग गये थे। कोतवाल की टीम में दारोगा छविकान्त चौहान, बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज सन्दीप कुमार, कांस्टेबल गौरव पूनिया, हैड कांस्टेबल गजेन्द्र कुमार और कांस्टेबल विजय कुमार थे।

# बाजार में भीड़ के बीच जेब कतरें सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** त्यौहार के समय प्रसिद्ध बाजारों मे लगातार बढ़ती भीड का फायदा जेब कतरे व चोर चक्के उठा रहे है। इस समय ईद और शादी विवाह की खरीदारी के लिए महिलाएं व लोगों की बाजारों में भारी भीड़ है। शिव चौक से लेकर भगत सिंह मार्किट और झांसी की रानी व आस-पास की मार्किटों में सवेरे दस बजे से लेकर रात ग्यारह बजे तक भीड़ देखी जा सकती है और इसी का फायदा चोर-चक्के उठा रहे है। बुधवार को भी रूडकी रोड केनरा बैंक के निकट ईद की खरीदारी के लिए आई दो महिलाएं ऐसे गिरोह का शिकार बन गई है। झपट्टा मार गिरोह ने दो महिलाओं से पर्स और मोबाइल छिन लिया। पुलिस ने छानबीन कर सीसीटीवी कैमरे खंगाले है। बताया जाता है कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सिविल लाइन क्षेत्र कच्ची सड़क की रहने वाली फराह ईद की खरीदारी कर रही थी। जहां रूडकी रोड स्थित केनरा बैंक स्थित एक युवक बराबर में आया और उसका पर्स छिन कर फरार हो गया। अभी पुलिस इस मामले की छानबीन कर ही रही थी कि बदमाशों ने शिव चौक के निकट शौचालय के पास महिला का पर्स साफ कर दिया। गांव दधेडू की रहनेवाली नाजिया पत्नी सावेज और उसके परिवार की अन्य महिलाएं तथा बच्चे खरीदारी कर रही थी इसी बीच किसी ने उनका पर्स साफ कर दिया। पर्स में बीस हजार कर नगदी मोबाइल और एटीएम कार्ड बताया जा रहा है। पर्स चोरी हुआ देख महिलाएं रोने बिलखने लगी जहां कुछ ही देर में यहां लोगो की भीड इकट्ठा हो गई। सूचना के कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीड में घुसकर संदिग्ध लोगों की तलाश की पुलिस ने काफी देर चैकिंग अभियान चलाया, लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली, हालाकि पीडित महिलाए नाजिया की ओर से इस संबंध में तहरीर ले ली गई है, लेकिन अभी तक चोरो का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस बदमाशों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है और इसमें सर्विलांस टीम का सहयोग भी लिया जा रहा है। बता दे कि कई रोज से त्यौहर व शादी को लेकर खरीदारी के लिए लोगों की भीड देखी जा रही है, लेकिन चोर और जेब कतरे बाजारों में पूरी तरह सक्रिय है।

# अफसरों संग किसान नेताओं की वार्ता रही बेनतीजा

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस कार्रवाई के बाद पनपे आक्रोश में किसान संगठनों की एंट्री और 14 मार्च को एक ही गांव में दो अलग-अलग महापंचायतों के ऐलान ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। इस टकराव और महापंचायतों को टालने की कोशिश में जुटे बड़े किसान नेताओं और आला अधिक. ारियों के बीच हुई वार्ता भी बेनतीजा रही।नसीरपुर में प्रस्तावित पंचायत को लेकर तैयारियों के बीच भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत और किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय वर्मा से मुलाकात कर मामले को लेकर चर्चा की। इस दौरान तितावी थाना प्रभारी पर लापरवाही और पक्षपात के आरोप लगाए गए तथा उन्हें हटाने की मांग की गई, लेकिन वार्ता किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी।ठाकुर पूरन सिंह ने आरोप लगाया कि तितावी थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली से क्षेत्र में माहौल बिगड़ रहा है। उनका कहना है कि ऐसे अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि 14 मार्च की महाप. ंचायत सम्मान बचाने के लिए आयोजित की जा रही है और इसे किसी भी हाल में टाला नहीं जाएगा। दरअसल 6 मार्च को नसीरपुर गांव में गाड़ी और भैंसा-बुग्गी हटाने को लेकर ठाकुर पूरन सिंह और कश्यप समाज के युवक दुष्यंत के बीच कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इस दौरान पूरन सिंह के बेटों और भाई ने दुष्यंत के साथ मारपीट कर दी, जिसमें वह घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए पूरन सिंह के बेटे और भाई सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अब एक ही दिन और एक ही गांव में दो महापंचायतों के ऐलान से प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। खुफिया विभाग को अलर्ट कर दिया गया है और तितावी क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की तैयारी की जा रही है। प्रशासन दोनों पक्षों से लगातार बातचीत कर माहौल शांत रखने की कोशिश में जुटा है।भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने भी पूरन सिंह का समर्थन करते हुए कहा कि जो लोग क्षेत्र में माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, उनसे सतर्क रहने की जरूरत है।

# नगर पंचायत सभासद सोनू सैनी राजनीति में बना रहे अपनी पहचान

**( भाग्य शर्मा )**

**शाहपुर।** नगर पंचायत सभासद एवं जनप्रिय तथा सक्रिय सोनू सैनी आज क्षेत्रीय राजनीति में एक ऐसी पहचान बनाकर उभरे हैं, जिनका नाम जनसेवा, समर्पण और विकास कार्यों के साथ जुड़कर लिया जाता है। वे शाहपुर नगर पंचायत सभासद के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, समाज के हर वर्ग तक अपनी पहुंच बनाने में लगे हुए हैं। उनकी कार्यशैली में राजनीति केवल पद या प्रतिष्ठा प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की सेवा करने का एक सशक्त माध्यम है। यही कारण है कि वे हमेशा राजनीति को समाजसेवा की भावना से करते आए हैं और इसी सोच के साथ जनता के बीच सक्रिय रहते हैं। सोनू सैनी ने अपने वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए अनेक जनहितक.



ारी कार्यों को आगे बढ़ाया है। वार्ड में सड़क, सफाई, पेयजल और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने निरंतर प्रयास किए हैं। जब भी अपने वार्ड के मोहल्ले में लोगों को किसी समस्या का सामना करना पड़ा, उन्होंने तत्परता के साथ उसे सुनकर समाधान कराने की कोशिश की। यही वजह है कि आम जनता उन्हें केवल एक नेता के रूप में नहीं बल्कि अपने बीच का व्यक्ति मानती है, जो हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहता है। उनकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण यह है कि वे लोगों से सीधे संवाद बनाए रखते हैं। चाहे सामाजिक कार्यक्रम हों, धार्मिक आयोजन हों या फिर किसी जरूरतमंद की मदद का अवसर, सोनू सैनी हमेशा आगे बढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभाते दिखाई देते हैं। उन्होंने कई बार यह साबित किया है कि राजनीति का असली उद्देश्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। जनता में उनकी मजबूत पकड़ और व्यापक जनसमर्थन इस बात का संकेत है कि उन्होंने अपने व्यवहार, कार्यशैली और सेवा भाव से लोगों का विश्वास जीता है। सोनू सैनी की पहचान एक ऐसे जननेता के रूप में बन रही है जो पद की राजनी. ति से अधिक जनता की राजनीति में विश्वास रखते हैं। वे हमेशा इस बात को महत्व देते हैं कि समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद लोगों की आवाज सुनी जाए और उनके अधिक. ारों की रक्षा हो। इसी सोच के साथ वे लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए जनसमस्याओं को उठाने और उनके समाधान के लिए प्रयास करते हैं। समाज के प्रति उनका समर्पण, लोगों के साथ उनका अपनापन और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें क्षेत्र में एक मजबूत और भरोसेमंद नेतृत्व के रूप में स्थापित करती है। यही कारण है कि शाहपुर और आसपास के क्षेत्र में लोग उन्हें एक सच्चे जनसेवक और जनता के नेता के रूप में देखते हैं, जो हर समय समाज और क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहता है।

### नगर पंचायत चरथावल की बोर्ड मीटिंग हुई आयोजित

**चरथावल।** नगर पंचायत चरथावल की बोर्ड मीटिंग मे बजट सहित अनेको प्रस्ताव पास किए गए नगर पंचायत कार्यालय मे चेयरमेन मास्टर इस्लाम की अध्यक्षता मे आयोजित बोर्ड मीटिंग मे वर्ष 25-26 का बजट पास किया गया 25 करोड़ के पारित बजट के साथ 25करोड़ रुपए आय व साढ़े 23करोड़ रुपए व्यय के रूप मे दिखाया गया वही घर घर यूजर चार्ज लगाने पर भी विचार किया गया इसके अलावा निर्माण कार्यो के लिए सात करोड़ रुपए की डीपीआर शासन को भेजी गयी इसके अलावा अन्य प्रस्ताव भी पास किए गए इस दौरान बारह सभासदगण तथा बाबू महेश कुमार भी मौजूद रहे ।

### सड़क हादसे में ट्रक व टेम्पो चालक हुए घायल

**बुढ़ाना।** देर रात के समय घने कोहरे मे आगे पीछे जा रहे दो वाहनों की आपस में भिड़त गयी। इस घटना में ट्रक चालक और टेम्पो चालक घायल हो गए। दोनों को घायल अवस्था में जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने दोनों घायलों के परिजनों को भी सूचना दे दी थी। मिली जानकारी के अनुसार मेरठ वाया करनाल हाइवे पर गढी सखावतपुर और सराय गांव के बीच सडक पर बीती मंगलवार की देर रात के समय घना कोहरा छाया हुआ था। इसी दौरान जनपद शामली से मेरठ की ओर जा रहे वाहन आपस में टकरा गए। गांव जौला निवासी चालक तालिब हसन का ट्रक अपने सामने जा रहे ट्रक से टकरा गया। इस घटना में ट्रक आगे से क्षतिग्रस्त हो गया। चालाक तालिब हसन गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे टेम्पो के चालक बिल्लू का टेम्पो तालिब हसन के ट्रक से टकरा गया। इस घटना में वह भी घायल हो गया। आते जाते राहगीरों की ओर से इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

### वैंडर का खाली गैस सिलेंडर हुआ चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोर ने मौका पाकर गैस वैंडर का खाली सिलेंडर चोरी कर लिया। हुआ यूं कि बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला शाहवाडा धोबियान निवासी शाहिद कस्सार पुत्र साबिर अहमद इंडेन गैस एजेंसी बुढ़ाना का गैस वैंडर है। वह रोजाना कस्बे में रेहड़े के माध्यम से गैस सप्लाई करता है। बुधवार के दिन वह रेहड़े में दर्जनों गैस सिलेंडर अलग अलग उपभोक्ताओं को देने के लिए अपने मौहल्ले में ही आया हुआ था। जब वह मौहल्ले के गुलफाम कस्सार पुत्र इस्लामुद्दीन के घर पर रेहड़ा बाहर खड़ा करके गैस सिलेंडर देने के लिए अंदर गया और कुछ ही देर में वापस आ गया तो किसी अज्ञात चोर ने मौका पाकर आनन फानन में उसकी गैर मौजूदगी में रेहड़े में रखा किसी उपभोक्ता के यहां से आया हुआ खाली गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। शायद चोर भरा हुआ गैस सिलेंडर ही चोरी करना चाहता था लेकिन उसका दाव नहीं लग सका। गैस वैंडर ने खाली गैस सिलेंडर को तलाश किया लेकिन सिलेंडर नहीं मिल सका। खाली गैस सिलैंडर के चोरी होने की घटना पूरे मौहल्ले में चर्चा का विषय बनी है और मौहल्ले के लोग कह रहे हैं कि ये काम मौहल्ले के ही किसी व्यक्ति का है जिसने मात्र एक मिनट से भी कम समय में ही अपने हाथों का कमाल दिखा दिया। गैस वैंडर शाहिद के द्वारा इस घटना की सूचना फिलहाल बुढ़ाना पुलिस को नहीं दी गयी है।

# नौकरी के बहाने युवक से ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** महिला ने अपने बेटे के साथ ठगी, मारपीट करने सहित गायब करने का आरोप लगाते हुए अनहोनी की आशंका जताई है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव जोली निवासी मोमिना ने बताया कि बीते 2019 में उसके बेटे जीशान को परवेज उर्फ फरमान, सादिक और मन्नू नामक व्यक्तियों ने पंजाब में पशुओं की खरीद-फरोख्त के काम में 25 हजार रुपये प्रतिमाह की नौकरी का लालच देकर अपने साथ ले गए थे। जीशान उनके साथ काम करता रहा और शुरू में कोई परेशानी नहीं हुई। आरोप है कि जनवरी 2025 के बाद से आरोपियों ने जीशान को वेतन देना बंद कर दिया। जब उसने अपने पैसे मांगे तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि बीते 29 जनवरी को उसके बेटे ने किसी अन्य नंबर से फोन कर बताया कि फरमान, सादिक और मनु उसके पैसे नहीं दे रहे हैं और तीन लाख रुपये की मांग कर रहे हैं।महिला के अनुसार आरोपियों ने जीशान के दो मोबाइल फोन, एक एटीएम कार्ड और करीब पांच हजार रुपये भी छीन लिए। इसके बाद से जीशान का परिवार से कोई संपर्क नहीं हो पाया है, जिससे उसके साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है।

पीड़िता ने बताया कि उसने मामले की शिकायत थाना भोपा और उच्च अधिकारियों से भी की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की हैं पुलिस ने आरोपी फरमान निवासी पटियाला पंजाब सादिक निवासी तावली थाना शाहपुर मुज़फ्फरनगर व मन्नू निवासी बझेडी थाना नई मंडी मुज़फ्फरनगर के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सदस्य राज्य महिला आयोग ने सुनी समस्याएं



**मुजफ्फरनगर ।** सदर ब्लॉक सभागार, कूकड़ा, जनपद मुज़फ्फरनगर में सपना कश्यप मा. सदस्य राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश के आगमन पर उपस्थित अधिकारीगणो द्वारा उनका भव्य स्वागत/अभिनन्दन किया गया।

माननीय द्वारा महिलाओ सम्बन्धित प्रकरणों में जनसुनवाई की गई।

जनसुनवाई में कुल 11 प्रार्थना पत्र/शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिनको सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया एवं निस्तारण हेतु आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए तथापूर्व में प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की गई।

बैठक/कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव कुमार सदस्य बाल कल्याण समिति द्वारा किया गया।

माननीय महोदया एवं उपस्थित अधिकारीगणो द्वारा टोल फी नंबर/हेल्पलाइन नंबर कैलेंडर भी वितरित किये गए। माननीय द्वारा ए. एन. एम. ट्रेनिंग सेंटर कूकड़ा, जनपद मुज़फ्फ नगर का भ्रमण किया गया, सरिता सिंह, प्रिंसिपल एवं स्टाफ ए. एन. एम. ट्रैनिंग सेंटर कूकड़ा द्वारा माननीय को लाइव प्लांट भेंटकर स्वागत किया गया।

जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक में महिला कल्याण विभाग से श्री संजय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग से अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिव्या वर्मा, जिला कारागार से डिप्टी जेलर दीपक कुमार, पुलिस विभाग से पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती रुपाली रॉय चौधरी , प्रभारी महिला थाना, उप निरीक्षक ज्योति यादव, उप निरीक्षक श्रीमती प्रीति चाहल, उप निरीक्षक श्रीमती ज्योति तोमर, उप निरीक्षक सुश्री बबली सिंह , आपूर्ति विभाग, राजस्व विभाग, विकास विभाग, श्रम विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा जन सुनवाई कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। नीना त्यागी संरक्षण अधिकारी, पूजा नरूला केंद्र प्रबन्धक, रेणु रानी सोशल वर्कर, पूनम शर्मा एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय से सचिन कुमार, नाथी राम,अरुण कुमार, नितिन त्यागी व अजय कुमार उपस्थित रहे।

## सिल्वरटोन पैंथर्स की शानदार जीत, भवानी लायंस को 78 रन से हराया

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग एमपीएल सीजन-2 में खेले गए मैच संख्या 30 में सिल्वरटोन पैंथर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भवानी लायंस को 78 रन से पराजित कर दिया। मुकाबला चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम, मुजफ्फरनगर में खेला गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिल्वरटोन पैंथर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 195 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से शांतनु ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 47 रन बनाए, जबकि संदीप तोमर ने 18 रन का योगदान दिया। अतिरिक्त रनों के रूप में टीम को 18 रन मिले।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भवानी लायंस की टीम सिल्वरटोन के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 15.1 ओवर में 117 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। भवानी लायंस की ओर से उदित चौधरी ने 37 रन और प्रतीक रमन ने 24 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। सिल्वरटोन पैंथर्स की ओर से सैय्यद आसिर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल किए और अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। आज पुरस्कार वितरण समारोह में उद्योगपति अमित गर्ग,उद्योगपति सुमित रोहल, वागीश पवार आर्किटेक्चर उपस्थित रहे । मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग एमपीएल सीजन-2 के सेमीफाइनल मुकाबले 12 मार्च 2026 को निर्धारित समय पर खेले जाएंगे। लीग चरण के रोमांचक मुकाबलों के बाद अब टूर्नामेंट अपने निर्णायक दौर में पहुंच गया है। पहला सेमीफाइनल मुक. ाबला ग्रुप । की प्रथम स्थान प्राप्त टीम और ग्रुप ठ की द्वितीय स्थान प्राप्त टीम के बीच खेला जाएगा। वहीं दूसरा सेमीफाइनल ग्रुप । की द्वितीय स्थान प्राप्त टीम और ग्रुप ठ की प्रथम स्थान प्राप्त टीम के बीच होगा।दोनों मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सेमीफाइनल में जीत दर्ज करने वाली टीमें टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाएंगी।मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में जिले के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे स्थानीय क्रिकेट को भी बढ़ावा मिल रहा है। आज पुरस्कार वितरण समारोह में उद्योगपति अमित गर्ग,उद्योगपति सुमित रोहल, वागीश पवार आर्किटेक्चर उपस्थित रहे

## सरकारी आश्वासन समिति की बैठक

**बुढ़ाना।** लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन परिसर में आयोजित मीटिंग में उत्तर प्रदेश विधानसभा की सरकारी आश्वासन समिति की बैठक में सभापति, नेता विधानमंडल दल और बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान ने कहा कि अधिकारी केवल पत्रचार के माध्यम से औपचारिकता न करें। व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्यों को कराएं। इस मौके पर नवनिर्वाचित सभापति राजपाल सिंह बालियान का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत हुआ। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन परिसर में बुधवार को रालोद कार्यकर्ता और नेताओं के अलावा ग्रामीणों की मीटिंग का आयोजन हुआ। सरकारी आश्वासन समिति की बैठक में सभापति की मौजूदगी में सभी विभाग की समीक्षा हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याएं रखी। सभापति ने सभी समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस समीक्षा के बाद आश्वासन समिति के सभापति ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी समय पर अपने अपने कार्यालय में मौजूद रहे। पीडित ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करें। समय पर तथा पारदर्शिता पूर्वक समाधान नही होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। इस मौके पर आश्वासन समिति के सदस्य व विधायक राम खिलाडी यादव, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, सरेंद्र सहरावत, बालकिशोर त्यागी, मुकेश मलिक, सुधीर भारतीय, संयम पंवार, नियम पंवार और कुलदीप मलिक सहित दर्जनों कार्यकर्ता और ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा शिकायतों का कर रहे तुरंत निस्तारण

**बुढ़ाना।** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली रैंकिंग में तहसील बुढ़ाना समूचे उत्तर प्रदेश में नंबर एक पर आई है और इसका श्रेय सीधे बुढ़ाना उप जिला अधिकारी कृष्णकांत विश्वकर्मा और उनकी टीम को जाता है जिनके सहयोग से बुढ़ाना तहसील एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली रैंकिंग में पूरे उत्तर प्रदेश में नंबर एक पर आई है। इससे पता लगता है कि बुढ़ाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से आने वाली लगभग सभी शिकायतों का निस्तारण समय पर हुआ है और फरियादी भी संतुष्ट से नजर आए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर की बुढ़ाना तहसील ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली जनसुनवाई समाधान प्रणाली रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। बीते फरवरी महीने की नवीनतम



रिपोर्ट के अनुसार बुढ़ाना तहसील को यह उपलब्धि पूरे यूपी मे प्राप्त हुई है। अगर देखा जाए तो एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा के कुशल नेतृत्व में बुढ़ाना तहसील ने जन समस्याओं के समाधान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

पोर्टल पर प्राप्त सभी 110 शिकायतों का समय सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण किया गया है। इस प्रदर्शन के परिणामस्वरूप बुढ़ाना तहसील का स्कोर 100 में से 100 रहा। जिससे यह प्रदेश में नंबर एक तहसील बन गई। बताया जाता है कि एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा ने बुढ़ाना तहसील क्षेत्र का कार्यभार संभालने के बाद से ही जनसुनवाई व शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया है। उनके नेतृत्व में तहसील ने यह उपलब्धि हासिल की है। जिससे लोगों को अपने कार्यों के लिए तहसील आने पर आसानी हो रही है। बुढ़ाना तहसील की इस उपलब्धि पर लोगों ने एसडीएम बुढाना कृष्णकांत विश्वकर्मा व उनकी टीम को बधाई दी है। लोगों ने कहा कि ये उपलब्धि तहसील के कर्मचारियों की मेहनत व समर्पण का ही परिणाम है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं Parvez Zaidi S/o Hamid Husain, निवासी 203, Wahalna, Vehlana Muzaffarnagar, Uttar Pradesh-251003, यह घोषित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से Pravez Zaidi दर्ज हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड और मार्कशीट में मेरा सही नाम Parvez Zaidi है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम Parvez Zaidi से ही जाना जाए।


# युवक नाबालिग किशोरी को लेकर हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना/भौरांकला।** एक युवक एक नाबालिग किशोरी को मौका पाकर बहला फुसलाकर भगा ले गया। परेशान परिजनों ने भौरांकला पुलिस को उसको ले जाने वाले युवक के खिलाफ तहरीर देते हुए किशोरी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर युवक और किशोरी की सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए थे। मिली जानकारी के अनुसार भौंरा खुर्द गांव के एक पीडित व्यक्ति ने भौरांकला पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसकी लगभग 17 साल की नाबालिग बहन को मुजफ्फरनगर जनपद के मंस. ूरपुर थाना क्षेत्र के गांव नावला का निवासी जावेद अहमद पुत्र मेहरबान अहमद बीती 07 मार्च की सायं लगभग 03 बजे कहीं पर बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। उसने अपनी बहन को इधर उधर काफी तलाश कर लिया है लेकिन वह कहीं पर भी नहीं मिली है और उसको ले जाने वाला आरोपी जावेद भी तभी से फरार चल रहा है। पीड़ित व्यक्ति ने भौरांकला पुलिस से अपनी बहन की सकुशल बरामदगी और आरोपी जावेद की गिरफ्तारी की गुहार लगाई है।

उधर भौरांकला पुलिस ने आरोपी जावेद और गायब नाबालिग किशोरी की रिपोर्ट दर्ज करते हुए सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए थे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैंने अपना नाम Atharabano से बदलकर ATHER BANO (अथर बानो) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे इसी नाम ATHER BANO W/o SHAMSHAD ALI से ही जाना व पहचाना जाए।

**निवासी- 84-A Galibpur, Jansath, Muzaffarnagar Uttar Pradesh, 251201**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै Shamshad Ali यह घोषित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से Shamshad दर्ज हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा सही नाम Shamshad Ali है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम Shamshad Ali S/o Buniyad Ali से ही जाना जाए।

**निवासी- 84-A Galibpur, Jansath, Muzaffarnagar Uttar Pradesh, 251201**


# गांधी पॉलीटेक्निक के पुरातन छात्र इं. निर्भय सिंह ने प्रदान किए 16 नए छत के पंखे

**■ 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती सम्मान समारोह में हुए शामिल**

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गांधी पॉलीटेक्निक के पुरातन छात्र इं. निर्भय सिंह, सहायक निदेशक (विद्युत सुरक्षा), उत्तर प्रदेश शासन, कुछ समय पूर्व अपने बैच के 25 वर्ष पूर्ण होने पर, अपने के रजत जयंती सम्मान समारोह में सम्मिलित होने गांधी पॉलीटेक्निक परिसर पहुंचे थे और उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास कपिल देव अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सम्मान समारोह में महान संत, शिक्षा षि स्वामी कल्याण देव की दिव्य प्रेरणा से अभिभूत होकर अपने शिक्षण संस्थान के चहूमुखी उन्नयन हेतू हर संभव सहयोग करने का मन बनाकर गये थे। पुरातन छात्र एसोसिएशन के संयोजक इं. बसन्त कुमार गोयल ने बताया कि गांधी पॉलीटेक्निक से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 2000 बैच में शिक्षित इं. निर्भय सिंह जो बरेली व बुलंदशहर दो संभाग के सहायक निदेशक (विद्युत सुरक्षा) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं, ने गांधी पॉलीटेक्निक की आवश्यकतानुसार 16 नग, छत के नये पंखे जो आधुनिक तकनीक से बने हुए, कम बिजली खपत के, उच्च गुणवत्ता के व सुप्रसिद्ध कंपनी द्वारा निर्मित हैं, पॉलीटेक्निक में संस्थापित किये जाने हेतू प्रदान किये हैं, सभी पुरातन छात्रों की ओर से पुरातन छात्र एसोसिएशन ने सहायक निदेशक इं. निर्भय सिंह की मंगल कामना की प्रार्थना करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया ?

### जनगणना 2027 की ट्रेनिंग का एडीएम ने शुभारंभ किया

**मुजफ्फरनगर।** एसडी पब्लिक स्कूल भोपा रोड पर एडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह द्वारा भारत की जनगणना 2027 के मकान सुचिकरण व मकानों की गणना की तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 मार्च से 18 मार्च तक दो चरणों में आज दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया गया कार्यक्रम शुभारंभ के दौरान एडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह के साथ एसडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर चंचल सक्सेना भी मौजूद रही।एसडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने एडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह का फूलों का बुके देकर स्वागत किया यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डीएम उमेश मिश्रा के दिशा निर्देशन में आज शुभारंभ हुआ हेएडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह ने ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया।


**नीलाम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 में राजकीय प्रक्षेत्र पर आलू बीज संवर्द्धन कार्यक्रम अन्तर्गत आलू खुदाई से प्राप्त कट-फट एवं किर्री की नीलामी दिनांक 20.03.2026 दिन शुक्रवार पूर्वान्ह 10.30 बजे राजकीय प्रक्षेत्र लोई पर की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट जमाकर बोली में भाग ले सकते हैं।

**राजकीय प्रक्षेत्र लोई पर उपलब्ध आलू किर्री एवं कटफट की अनुमानित मात्रा**

| क्र. स. | विवरण | किस्म | नीलामी की मात्रा ( अनुमानित ) |
|---|---|---|---|
| 1. | आलू किर्री | कुफरी बहार आधारित प्रथम | 8 से 10 कुण्टल |
| 2. | आलू कटफट, डीशेप | कुफरी बहार आधारित प्रथम | 15 से 16 कुण्टल |
| 3. | आलू किर्री | कुफरी संगम आधारित प्रथम | 14 से 15 कुण्टल |
| 4. | आलू कटफट, डीशेप | कुफरी संगम आधारित प्रथम | 20 से 22 कुण्टल |

**नीलामी की मुख्य शर्ते -**

1-बोली बोलने से पूर्व ठेकेदार को कटफट एवं किर्री हेतु पृथकतया 10000.00 रू0 की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट, जो जिला उद्यान अधिकारी, मुजफ्फरनगर के नाम देय हो, जमा कराना होगा। नीलामी स्वीकृत होने के उपरान्त अस्वीकृत बोलीदाताओं की धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट वापिस कर दिया जाएगा। स्वीकृत बोलीदाता की धरोहर राशि नीलामी प्रक्रिया समाप्ति के उपरान्त वापस की जाएगी।

2-बोली स्वीकृत होने के उपरान्त नीलामी के समय ही नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि अथवा कम से कम 75 प्रतिशत धनराशि जमा कराई जाएगी एवं यदि अवशेष 25 प्रतिशत धनराशि 03 दिन के अन्दर जमा नहीं की जाती है तो जमानत धनराशि जब्त करते हुए द्वितीय बोलीदाता को आमंत्रित किया जाएगा।

# गंग नहर निरगाजनी झाल की पटरी में हुआ छेद



**भोपा।** क्षेत्र स्थित अपर गंग नहर की निरगाजनी झाल में अचानक बिग वॉल (दीवार) में बड़ा छेद हो गया। तेज बहाव के कारण पानी छेद के रास्ते बाहर निकलकर नहर की पटरी को काटने लगा, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका पैदा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सुभाष चंद्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। विभाग द्वारा तुरंत बड़े-बड़े पत्थर मंगवाकर छेद को बाहरी हिस्से से भर दिया गया, जिससे पानी का बहाव रोका जा सका। विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से पटरी का कटाव रुक गया और संभावित बड़ा हादसा टल गया। गौरतलब है कि निरगाजनी झाल स्थित पनचक्की का पुल पहले से ही क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण आसपास के कई गांवों का संपर्क प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में बिग वॉल में छेद होने से स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। सिंचाई विभाग के जेई वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अपर गंग नहर काफी पुरानी और ऐतिहासिक नहर है, जिसे समय-समय पर मरम्मत की आवश्यकता पड़ती है। तेज बहाव और लगातार पानी के दबाव के कारण दीवार में दरार आ गई थी, जिससे यह छेद बन गया।

अधिशासी अभियंता सुभाष चंद्रा ने बताया कि मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है और फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

# मादक पदार्थों के तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**■ ऑपरेशन सवेरे के तहत हुई कार्यवाही**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र में बड़े स्तर पर हो रही मादक पदार्थो की तस्करी की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अवैध चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान भोपा में जनता इंटर कॉलेज की ओर से एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह मुड़कर भागने लगा, जिस पर पुलिसकर्मियों ने उसे घेरकर पकड़ लिया।पूछताछ में युवक ने अपना नाम मौ.दानिश पुत्र दिलशाद निवासी नई बस्ती भोपा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक सफेद पॉलिथीन में रखी करीब 494 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। बरामदगी के संबंध में आरोपी कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका पुलिस ने बरामद चरस को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।जहां से उसे जेल भेजा गया।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक इतरत अली,शिव कुमार शर्मा मय पुलिस बल के शामिल रहे।

# एक दुल्हन के लिए दो दुल्हे बारात लेकर पहुंचे, रुकी शादी

**■ चाइल्ड हेल्पलाइन ने युवती को लिया संरक्षण में, दोनों दूल्हे बिना फेरे लौटे**

**खतौली।** क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को एक शादी समारोह उस समय उलझन भरे घटनाक्रम में बदल गया, जब एक ही दुल्हन के लिए दो अलग-अलग स्थानों से बरातें गांव पहुंच गईं। मामला बढ़ने पर पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम को हस्तक्षेप करना पड़ा। दुल्हन की उम्र को लेकर संदेह पैदा होने के बाद विवाह की रस्में रोक दी गईं और दोनों बरातों को बिना फेरे वापस लौटना पड़ा। युवती को फिलहाल वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है।

परिजनों के अनुसार युवती की शादी करीब छह माह पहले शामली जनपद के गांव बाबरी निवासी प्रदीप उर्फ अनिल से तय हुई थी। शादी से एक दिन पहले दूल्हे के भाई का निधन हो जाने से बरात को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बन गई।

दूल्हे पक्ष की ओर से स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने पर दुल्हन के बाबा मनोहर ने मेरठ जनपद के थाना मेडिकल क्षेत्र के गांव डिग्गी निवासी आकाश के साथ सोमवार शाम को ही नया रिश्ता तय कर दिया और मंगलवार को बरात बुला ली। मंगलवार को स्थिति उस समय पेचीदा हो गई जब शामली और मेरठ, दोनों जगहों से दूल्हे अपनी-अपनी बरात लेकर गांव पहुंच गए। एक ही दुल्हन के लिए दो बरातें आने की खबर फैलते ही गांव में हंगामे जैसा माहौल बन गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बन सकी। इसी बीच किसी व्यक्ति ने दुल्हन के नाबालिग होने की आशंका जताते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी सचिन कुमार और सुपरवाइजर भुवनेश्वर टीम के साथ गांव पहुंचे। परिजन युवती का आयु प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद टीम उसे अपने साथ ले गई।

चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी के अनुसार युवती को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा। फिलहाल उसे जिला अस्पताल स्थित वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है, जहां उसका ओसिफिकेशन टेस्ट कराकर उम्र का निर्धारण कराया जाएगा।

रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।उधर, उम्र को लेकर विवाद खड़ा होने के बाद दोनों दूल्हे अपनी-अपनी बरात के साथ वापस लौट गए। बताया गया कि दोनों बरातों में लगभग सात-सात लोग ही शामिल थे। पुलिस ने स्थिति को शांत कराते हुए बरातों को वापस भिजवा दिया। बताया जा रहा है कि दुल्हन का पूरा परिवार दिव्यांग है। माता-पिता के साथ भाई-बहन भी दिव्यांग हैं, जिसके चलते शादी की अधिकांश तैयारियां गांव के लोगों ने मिलकर करवाई थीं। अब युवती की वास्तविक उम्र स्पष्ट होने के बाद ही शादी को लेकर आगे कोई निर्णय लिया जाएगा।

# चाइल्ड हेल्पलाइन ने किशोरी की शादी रुकवाई

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के गांव सफीपुर में बुधवार की दोपहर पहुंची चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने एक बाल विवाह को सफलतापूर्वक रुकवा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव चंधेडी से एक दूल्हा अपनी बारात लेकर नाबालिग किशोरी से शादी करने के लिए सफीपुर गांव में पहुंचा था। चाइल्ड लाइन मुजफ्फरनगर के सचिन कुमार और डीपीओ संजय यादव ने बताया कि एक जागरूक नागरिक ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत पर टीम गांव सफीपुर पहुंची। गांव के मिंटू नामक दलित की नाबालिग बेटी से विवाह करने के लिए दुल्हा बारात लेकर आया हुआ था। इस शिकायत की गंभीरता को देखते हुए चाइल्ड हेल्प लाइन टीम ने दुल्हन के कागजात देखे। उन्होंने बताया कि दुल्हन दलित गरीब परिवार से संबंध रखती है। अनपढ होने के कारण परिवार वालों के पास बालिग होने का भी कोई प्रमाण पत्र मौके पर नही मिला और दूल्हा भी मौके पर नही मिला। उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। बाल कल्याण समिति ने उसे वन स्टॉप सेंटर सखी सेंटर भेज दिया। चाइल्ड लाइन मुजफ्फरनगर के सघचिन कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को लडकी व उसके परिजनों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा। चर्चा है कि जिस किशोरी की शादी हो रही थी उसकी बड़ी बहन अपने देवर से उसकी शादी कराना चाह रही थी।

# बबरे वाली शीतला माता मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** उत्तरी भारत के प्राचीन और महाभारत कालीन शीतला माता (बबरे वाली) मंदिर में शीतला अष्टमी के पावन अवसर पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देश-विदेश से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने माता शीतला के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। शीतला अष्टमी के मौके पर आसपास के जनपदों के साथ-साथ दूर-दराज से आए भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक की सुपुत्री सुप्रिया पाल भी मंदिर पहुंचीं और माता शीतला की विशेष पूजा-अर्चना व स्तुति कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में मुजफ्फरनगर के उद्योगपति और श्रीराम इंडस्ट्रीज के मालिक विशु तायल की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता का प्रसाद प्राप्त किया। इसके अलावा मंदिर परिसर में सैकड़ों परिवारों ने अपने नवजात बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। वहीं नवविवाहित दंपत्तियों ने अपने वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि के लिए माता शीतला की विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में पं. अनिरुद्ध शारदा, अंकित वत्स, विभोर डागा, दीपक गोयल, नवनीत शारदा, विकास कौशिक, चन्द्रपाल, विनीत कुमार, असीम शर्मा, संजय माहेश्वरी और रोहित लखोटिया सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## गैस सिलेंडरों का संकट गहराया, जनता में रोष

**मीरापुर।** क्षेत्र में इन दिनों कमर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडरों का संकट गहराता जा रहा है, जिससे आम जनता में रोष व्याप्त है। गैस की कमी के कारण जहां घरों में खाना बनाने में परेशानी हो रही है, वहीं होटल, ढाबों, हलवाइयों और केटरिंग का काम करने वाले लोगों की रोजी-रोटी पर भी संकट खड़ा हो गया है। बताया जा रहा है कि इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के चलते गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसके कारण क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता कम हो गई है। कमर्शियल गैस सिलेंडर आसानी से नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे हलवाई और केटरिंग का काम करने वाले लोग खासे परेशान हैं। कई हलवाइयों ने गैस की कमी के चलते विवाह और अन्य समारोहों के लिए किए गए अपने अनुबंध तक निरस्त कर दिए हैं। उधर घरेलू गैस उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि सिलेंडर बुक कराने के बाद उन्हें करीब एक माह तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे घरों का बजट और दैनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि सरकार ने गैस की कीमतों में यह कहकर बढ़ोतरी की थी कि आपूर्ति समय पर और सुचारू रूप से होगी, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने जिला पूर्ति अधिकारी से मांग की है कि घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति जल्द से जल्द सुचारू कराई जाए।

# कही सेहत न बिगाड़ दे सरसो का तेल, सम्बन्धित अधिकारी करते हैं सिर्फ खानापूर्ति

**बुढ़ाना।** ईद उल फितर, रामनवमी और महावीर जयंती जैसे त्योहार इसी मार्च के महीने मे हैं और अब रमजान भी चल रहे हैं। इन सभी त्यौहारों में सरसों के तेल का प्रयोग भी किसी ना किसी सब्जी, पकौडी या डिश बनाने में जरुर होता है। क्या आपको पता है कि बुढाना कस्बे और क्षेत्र में इस समय बड़े पैमाने पर सरसों का नकली तेल बड़े पैमाने पर कुछ दुकानदारों के द्वारा बैंचा जा रहा है ऐसा सुत्र बताते हैं। मिली जानकारी के अनुसार आगामी त्यौहारों पर खाद्य तेलों की बढ़ी डिमांड को पूरा करने के लिए मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। जानकार बताते हैं कि बाजार मिलावटी खाद्य तेल से अटा पड़ा है। यदि घर में उपयोग के लिए सरसों का तेल खरीदते समय चूक हुई तो आप मिलावटी तेल ही ले जाएंगे जो आपकी सेहत खराब कर देगा। डॉक्टरों का कहना है कि मिलावटी खाद्य तेल का सेवन करने से सबसे पहले जी मिचलाना और पेट खराब होना जैसी समस्या हो सकती है। इसके अलावा पेट में सूजन यहां तक कि दिल व सांस की बीमारी और एनीमिया का खतरा भी बढ़ जाता है। इन त्योहारों पर लोग घरों में तरह तरह के पकवान बनाने के लिए सरसों के तेल का इस्तेमाल करते हैं। भोजन पकाते समय ज्यादातर लोग सरसों के तेल का इस्तेमाल करते हैं। वहीं कुछ लोग त्वचा और बालों में भी सरसों का तेल इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। पकवान बनाने में बड़े पैमाने पर सरसों के तेल की खपत होती है। इसी का फायदा उठाकर मिलावटखोर सरसों के तेल में मिलावट कर दुकानों पर पहुंचा देते हैं। उधर ग्राहक नकली और असली तेल की पहचान नहीं कर पाते हैं जिसकी वजह से वे दुकानदार की तरफ से दी गई मिलावटी तेल को घर लेकर चले जाते हैं। उधर मिलावटी तेल का इस्तेमाल करने से हेल्थ, स्किन और बालों पर भी कई साइड इफेक्ट होने लगते हैं। ऐसे में सरसों का तेल खरीदते समय पूरी तरह जांच कर ही खरीदारी करें ताकि आप अपने घर शुद्ध सरसों का तेल ले जा सकें।

## ऐसे करते हैं सरसों के तेल में मिलावट

**बुढ़ाना।** अगर सूत्रों की बातों पर यकीनघ् किया जाए तो कुछ धंधेबाज तेल में खेल करने के कई उपाय इजाद किए हुए हैं। केंद्र सरकार ने पाम ऑयल का आयात प्रतिबंधित किया हुआ है लेकिन धंधेबाजों ने रिफाइंड जैसे दिखने वाले सस्ते नेपाली तेल में रासायनिक अखाद्य रंग और एसेंस मिलाकर उसे पाम ऑयल और सरसों के तेल के तौर पर बिक्री करते हैं। जानकारों का कहना है कि सरसों तेल के अलावा सोयाबीन, राइस ब्रान, सूरजमुखी और मूंगफली आदि तेलों में मिलावट हो रही है। नकली खुला सरसों का तेल तो बिकता ही है विभिन्न ब्रांड के नाम पर भी नकली तेल बेचा जा रहा है। लगभग 70 रुपये लीटर मिलने वाले इन तेलों की खासियत यह होती है कि इनमें किसी तरह की गंध नहीं होती है। मिलावटखोर इसी का फायदा उठाते हैं। पाम ऑयल, ब्लेंडेड ऑयल, सोयाबीन तेल, राइस ब्रान ऑयल मिले तेल को शुद्ध सरसों का तेल बताकर बेच देते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मिलावट वाला तेल खाने से तुरंत कोई समस्या महसूस नहीं होती लेकिन लंबे समय तक इसका इस्तेमाल बहुत सी स्वास्थ्य समस्याएं खड़ी कर सकता है। इससे सबसे ज्यादा दिमाग के काम करने की शक्ति पर असर पड़ता है। बेहतर होगा कि अपने खाने के तेल को टेस्ट करने के बाद ही प्रयोग में लाना चाहिए। सबसे बेहतर विकल्प है कि ब्रांडेड उत्पादों को देखकर खरीदा जाए।

## नकली तेल की ऐसे करें पहचान

**बुढ़ाना।** टेस्ट टड्ूब में लगभग पांच ग्राम सरसों का तेल डालें। इसके बाद उसमें नाइट्रिक एसिड डालकर टेस्ट टड्ूब को हिलाएं यदि उसका रंग बदलता है तो सरसों के तेल में मिलावट है। थोड़ा सरसों का तेल लें। दो तीन घंटों के लिए फीज में रखें। यदि फीज में रखे सरसों के तेल के ऊपर सफेद रंग का पदार्थ तैरता नजर आ रहा है तो समझ लीजिए कि इस तेल में मिलावट की गई है। सरसों के तेल को अपनी हथेली पर रगड़ें। इसको ध्यान से देखें यदि कोई दूसरा रंग या गंध आती है तो ऐसे में तेल में मिलावट की आशंका हो सकती है। एक सफेद कागज लें उस पर सरसों के तेल की कुछ बूंदों को डालें। कागज पर यदि गहरा पीला या भूरे रंग का दाग रह जाता है तो तेल में मिलावट की गई है। वहीं तेल अगर शुद्ध है तो कागज पर हल्का पीला दाग पड़ेगा।

## एक किलो सरसों से मिलता है 300 एमएल तेल

**बुढ़ाना।** बाजार में साबुत सरसों 60 65 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है। दुकानदारों ने बताया कि एक किलोग्राम सरसों की पेराई हो तो उसमें से करीब 300 एमएल तेल मिलेगा। इस तरह एक लीटर सरसों के तेल के लिए तीन किलोग्राम सरसों की पेराई करनी पड़ेगा। इस तरह देखें तो सरसों तेल का मूल्य 180 से 195 रुपये होना चाहिए लेकिन बाजार में 140 रुपये से 180 रुपये तक खुला सरसों का तेल बिक रहा है। वहीं एक लीटर डिब्बाबंद तेल का मूल्य बाजार में 180 रुपये है। ऐसे में सरसों के तेल की शुद्धता का आंकलन खुद ही किया जा सकता है।

## सरसों का नकली तेल स्वास्थ्य के लिए गंभीर

**बुढ़ाना।** चिकित्सकों के अनुसार मिलावटी तेल का शुरुआत में खास असर नहीं दिखेगा लेकिन लगातार मिलावटी तेल के सेवन से लीवर डेमेज, हार्ट डिजीज व ड्रॉप्सी जैसी खतरनाक बीमारियों का खतरा होता है। लीवर, किडनी व कोलेस्ट्राल बढ़ने की समस्या भी हो सकती है। काफी अधिक दिन मिलावटी तेल का प्रयोग करने से कैंसर की भी संभावना बन जाती है।

## सभापति राजपाल बालियान का शाहपुर नगर में हुआ जोरदार स्वागत

**शाहपुर।** नगर में सरकारी आवास समिति के नवनियुक्त सभापति राजपाल बालियान के प्रथम आगमन पर एक भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह स्वागत समारोह नगर पंचायत कार्यालय के समीप विभिन्न प्रतिष्ठित स्थानों पर आयोजित हुआ, जहां स्थानीय प्रशासन, समाजसेवी, राजनीतिक नेता एवं नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी और अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने बालियान का हार्दिक अभिनन्दन किया। इसके साथ ही महिपाल सैनी, रोहित सैनी ठाकरान ने अपनी दुकान (गगन फोटो स्टेट) पर ओर प्रमुख समाजसेवी अनिल सैनी ने अपनी दुकान (वेल्डिंग की दुकान) पर, हाजी इलियास कुरैशी ने उधर भावी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी अरविंद पाल ने अपने गणपति शोरुम पर, और अन्य लोगों ने भी अलग-अलग स्थानों पर फूलमाला और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। डॉक्टर लोकेंद्र बालियान के अस्पताल पर भी उनका स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में शाहपुर रालोद नगर अध्यक्ष मनोज सैनी, सभासद सोनू सैनी, मोहसिन रंगरेज, आस्फि सलमानी, वकीला, कलाम, पूर्व प्रधान शिवचरण चौधरी धर्मपाल सिंह, शिवचरण चौधरी, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, साबू प्रधान बसी, डॉ अमित पाल, सतपाल सैनी, लोकेश प्रजापति, वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी हाजी शाहिद त्यागी, मुरसलीन राईन सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी उल्लासपूर्ण और प्रभावशाली बना दिया। यह स्वागत समारोह न केवल राजपाल बालियान के प्रति स्थानीय जनसमूह के सम्मान और स्नेह को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि शाहपुर नगर में विकास और प्रशासन के प्रति नई उम्मीदें जग रही हैं। ऐसे आयोजनों से स्थानीय नेतृत्व और जनता के बीच बेहतर संवाद एवं सहयोग की संभावनाएं मजबूत होती हैं। आगे भी आवासन समिति के माध्यम से नगर के हित में सार्थक प्रयासों की उम्मीद की जा रही है।

# बुजुर्गों ने दिया विकास अंबेडकर को समर्थन



**बुढ़ाना।** जिला पंचायत मुजफ्फरनगर के वार्ड नंबर 18 से सदस्य पद के उम्मीदवार विकास अंबेडकर डूंगर ने बुधवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बतलाया कि उनका वार्ड मे खूब माहौल दिख रहा है। वार्ड का युवा, बुजुर्ग, महिला और बच्चे सब मेरे साथ हैं।

जनसंपर्क के दौरान वे फुगाना गांव में बड़े बुजुर्गों से मिले। जहां पर उनके दलित समाज के बड़े बुजुर्गों ने इकठा होकर उन्हें अपना आशीर्वाद व समर्थन दिया और आश्वासन दिया कि पूरा गांव, सर्व समाज और पूरा क्षेत्र विकास अंबेडकर के साथ खड़ा है। इस बार जिला पंचायत का इस वार्ड का चुनाव विकास अंबेडकर ही जीतेगा। जिसको क्षेत्र एकजुट होकर चुनाव लड़ाता है वह कभी नहीं हारता। इस बार क्षेत्र का सर्व समाज हर जाति, धर्म व बिरादरी के लोगों की आवाज है कि इस बार जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव विकास अंबेडकर ही जीतेगा। सब लोगों का भरपूर समर्थन विकास अंबेडकर के साथ है। सभी लोग तन, मन और धन से विकास अंबेडकर के साथ खड़े हैं। चुनावघ् शुरु होने के दौरान वे विकास अंबेडकर को तोल देंगे। यहां फुगाना गांव के साथ गांव खरड़ और गांव करौदा के लोग भी उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड किडनी डे- समय रहते पहचानें लक्षण, छोटी आदतों से किडनी को रखें स्वस्थ

## बार-बार पेशाब, जलन और सूजन जैसे संकेतों को नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी: डॉ. सहज गर्ग

**■ विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य के लिए लोगों को किया जागरूक**

**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** वर्ल्ड किडनी डे के अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को किडनी की सेहत के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी है। उनका कहना है कि यदि लोग अपनी दिनचर्या में कुछ छोटे लेकिन जरूरी बदलाव कर लें और शरीर के शुरुआती संकेतों को गंभीरता से लें, तो किडनी से जुड़ी कई गंभीर बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। शांति मदन हॉस्पिटल, मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. सहज गर्ग ने बताया कि किडनी शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। यह



खून को साफ करने, शरीर से विषैले तत्व बाहर निकालने और शरीर में पानी व खनिजों के संतुलन को बनाए रखने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आजकल बदलती जीवनशैली, फास्ट फूड का बढ़ता चलन और अनियमित खान-पान के कारण किडनी से संबंधित बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। डॉ. गर्ग के अनुसार अक्सर लोग किडनी से जुड़े शुरुआती लक्षणों को सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे बीमारी बढ़ने के बाद ही मरीज डॉक्टर के पास पहुंचते हैं। समय पर जांच और उपचार मिलने पर कई गंभीर स्थितियों से बचा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि बार-बार पेशाब आना, पेशाब में जलन होना, चेहरे या पैरों में सूजन, कमर के निचले हिस्से में दर्द, पेशाब में खून आना या लगातार थकान महसूस होना किडनी की समस्या के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। डॉ. गर्ग ने कहा कि किडनी को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त पानी पीना, संतुलित और पौष्टिक आहार लेना, नमक का सीमित सेवन करना, नियमित व्यायाम करना तथा बिना डॉक्टर की सलाह के दवाइयों का सेवन न करना बेहद जरूरी है। खासतौर पर डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित लोगों को समय-समय पर किडनी की जांच कराते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड किडनी डे हमें यह संदेश देता है कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और शरीर के संकेतों को समय रहते समझकर किडनी की कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

# एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीसीए तृतीय सेमेस्टर के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस. डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीसीए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के बीबीएख्रबीसीए कॉन्फ्रेंस हॉल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सराहना देना तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल तथा बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ संजीव तायल द्वारा किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की वास्तविक पहचान उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होती है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। घोषित परिणाम के अनुसार बीसीए तृतीय सेमेस्टर में हर्षिता तायल ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कीर्ति त्यागी ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि लवी पाल ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान इन सभी मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा हर्षिता तायल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने हमेशा समय का सही उपयोग किया और पढ़ाई के साथ-साथ अपने विषयों को गहराई से समझने का प्रयास किया। उन्होंने अपने जूनियर विद्यार्थियों को भी यह संदेश दिया कि यदि वे नियमित पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। हर्षिता ने बताया कि भविष्य में वह आईटी क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर एक सफल सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल बनना चाहती हैं। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कीर्ति त्यागी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास आवश्यक है। उन्होंने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को अपनी सफलता का मुख्य कारण बताया। कीर्ति ने कहा कि वह भविष्य में कंप्यूटर क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहती हैं।

तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र लवी पाल ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की। उन्होंने अपने साथियों को भी यह सलाह दी कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें और कभी भी हार न मानें। लवी पाल ने अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि वह आईटी क्षेत्र में आगे की पढ़ाई कर तकनीकी क्षेत्र में अपना



योगदान देना चाहते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य और विभागाध्यक्ष ने सभी विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज प्रशासन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहता है और आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर बीसीए विभाग के सभी शिक्षकगण, जिनमें चन्दना दीक्षित, हिमांशु शर्मा रजत शर्मा, हर्षित गोयल, हर्षिता, निरंकार शर्मा, देवेश भारद्वाज, नवनीत चौहान, अंकुर अग्रवाल, अनुज गोयल, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक, शेखर, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, अमित, सतीश, शशांक भारद्वाज एवं पवन बालियान शामिल रहे।

## बी.एस.सी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित

**मीरापुर।** भगवन्त इंस्टीटड्ूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के बी.एस.सी नर्सिंग प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत।

भगवन्त इंस्टीटड्ूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की प्राचार्या डॉ विजया डी ने कहा कि बी.एस.सी नर्सिंग प्रथम वर्ष के द्वितीया सेमेस्टर की छात्र प्रियांशी ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, तनिष्का ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और प्रियंका और रिया राज ने 70 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया । छात्रें ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया। प्राचार्या विजया डी ने छात्रें से कहा कि लक्ष्य निर्धारण कर बड़ी से बड़ी सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। विद्याथर्ह्म जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ अनुराग विजय अग्रवाल, उप निदेशक डॉ पुष्पनील वर्मा, एवम समस्त शिक्षकों ने छात्र एवम छात्रओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कैराना पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेशानुसार जिले में चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के नेतृत्व में कैराना थाना पुलिस ने मंगलवार रात कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जावेद पुत्र अनवर निवासी ग्राम खुरगान थाना कैराना जनपद शामली बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाना कैराना पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र त्यागी, हेड कांस्टेबल ज्योति प्रकाश और हेड कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे।

# इमाम अली की याद में उठाया गया शबी-ए-ताबूत

### अकीदतमंदों ने सीनाजनी कर किया मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** हजरत इमाम अली (अ.स.) की शहादत की याद में बिडौली सादात स्थित इमाम बारगाह में मजलिस का आयोजन किया गया, जिसके बाद शबी-ए-ताबूत और अलम का जुलूस निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने सीनाजनी कर मातम किया और इमाम अली की शहादत को याद करते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश किया।

मंगलवार की रात आयोजित मजलिस में अंजुमन सज्जादिया के सदस्यों ने नौहाख्वानी और मातम किया। मजलिस के बाद शबी-ए-ताबूत और अलम को इमाम बारगाह से उठाया गया। जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ आगे बढ़ा और अंत में मुस्तफवी मस्जिद पर जाकर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान अकीदतमंदों ने सोजख्वानी और नौहे पढ़ते हुए इमाम अली की शहादत को याद किया। वातावरण पूरी तरह गमगीन रहा और हर ओर ह्या अलीह्न की सदाएं गूंजती रहीं। मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना अब्बास रजा लखनवी ने इमाम अली के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश




डाला। उन्होंने कहा कि हमें इमाम अली की जिंदगी से इंसाफ, सब्र और इंसानियत की सीख लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 19 रमजान सन 40 हिजरी को जब इमाम अली फज्र की नमाज अदा करने के लिए कूफा की मस्जिद में पहुंचे, तो उनका कातिल अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम वहीं सो रहा था। इमाम अली ने उसे जगाकर कहा कि नमाज का वक्त हो गया है, सोना ठीक नहीं। लेकिन जब इमाम अली सजदे में गए तो उसी अब्दुर्रहमान ने उनके सिर पर जहर बुझी तलवार से वार कर दिया। मौलाना ने आगे बताया कि इस हमले के बाद इमाम अली बुरी तरह घायल हो गए और उनके सिर से खून बहने लगा। वहां मौजूद लोगों ने हमलावर को पकड़ लिया, लेकिन इमाम अली ने जख्मी हालत में भी उसे नुकसान न पहुंचाने और उसे शर्बत पिलाने का हुक्म दिया। उन्होंने कहा कि यह घटना इमाम अली की महानता, दया और इंसानियत का सबसे बड़ा उदाहरण है। मजलिस में जब यह वाकया बयान किया गया तो मौजूद अकीदतमंदों की आंखें नम हो गईं और माहौल गमगीन हो गया। बताया गया कि इमाम अली 19 और 20 रमजान तक जख्मी हालत में जीवित रहे और 21 रमजान की सुबह उन्होंने शहादत प्राप्त की। इसी कारण शिया मुसलमान हर साल 19 से 21 रमजान तक उनके गम में मातम करते हैं। मजलिस के बाद अंजुमन सज्जादिया ने ह्फलक पर सुबह का तारा तुलू होता है, खुदा के सजदे में साजिद शहीद होता हैह्न जैसे नौहे पढ़े, जिन पर अकीदतमंदों ने सीनाजनी कर मातम किया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान फजल अली और सै"यद वसी हैदर ने संयुक्त रूप से की। इस मौके पर रजी बाकर, मन्नन मियां, मोहसिन रिजवी, मंसूर शाह, सलीम शाह, बाकिर अली, जिंदा शाह, नफीस शाह, अजीम शाह, मेहताब मेहदी, मिन्हाल मेहदी, आफताब मेहदी, कंबर, गुड्डू मियां, मौलाना ऑन मोहम्मद, हसन अली जैदी, सम्मी शाह, नियाज हैदर, रेहान हैदर सहित कई अकीदतमंद मौजूद रहे।

## शामली में पुलिस प्रशासनिक फेरबदल

### अमरदीप मौर्य थानाभवन और जितेन्द्र कुमार बने नगर क्षेत्राधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में कानून और प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने हाल ही में क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस फेरबदल के तहत कई वरिष्ठ अधिकारियों के पदों में परिवर्तन किया गया, ताकि जनपद में कानून व्यवस्था और पुलिसिंग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देशानुसार अमरदीप मौर्य को पुलिस उपाधीक्षक अपराध के पद से हटाकर थानाभवन क्षेत्राधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, थानाभवन के पूर्व क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार को नगर क्षेत्राधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बदलाव के साथ ही अपेक्षा निम्बाड़िया को नगर क्षेत्राधिकारी के पद से स्थानांतरित कर पुलिस उपाधीक्षक अपराध के पद पर तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिरता और अपराध नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए यह प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। उनका कहना है कि अधिकारियों के पद परिवर्तन से क्षेत्रीय पुलिसिंग और जनप्रतिनिधियों व नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे और पुलिसिंग के कामकाज में पारदर्शिता तथा तत्परता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र में जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और समय पर समाधान के लिए कार्रवाई करें। इस प्रशासनिक बदलाव के साथ ही पुलिस अधीक्षक का उद्देश्य है कि सभी क्षेत्राधिकारियों का अनुभव और क्षमता जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के सुख्रढ़ीकरण में पूर्ण रूप से लगाया जाए। अधिकारी एवं स्टाफ को इस बदलाव से अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह प्रशासनिक फेरबदल जनपद में पुलिसिंग के कामकाज को और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# वीवीपीजी में वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के वीवीपीजी कॉलेज में बुधवार को वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्र कल्याण अधिष्ठाता समिति, सांस्कृतिक समिति और शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। समारोह में शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों की अच्छी खासी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार, प्रबंध समिति के अध्यक्ष नवनीत जैन, सचिव दीपक जैन, प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार, डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार और सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. बबली ने संयुक्त रूप से किया। प्रारंभ में डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार ने स्वागत भाषण दिया, जबकि डॉ. अनुप्रता ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। डॉ. मुकेश कनौजिया ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया। मुख्य अतिथि डॉ. राजीव कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल मेरिट हासिल करना ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण भी आवश्यक है। उन्होंने धैर्य, अनुशासन, सकारात्मक सोच और सही दिशा में किए गए प्रयासों पर जोर दिया और कहा कि यही विद्यार्थियों को सफलता के शिखर तक पहुंचाता है। साथ ही उन्होंने पाठ्क्रमों की प्रासंगिकता और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में स्वयं को सक्षम बनाने का महत्व बताया। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि आत्मविश्वास, लगन और प्रतिबद्धता के साथ किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की जा सकती है। समारोह में



शैक्षणिक, सांस्कृतिक और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्गीय लाल जैन पुरस्कार और श्यामलाल जैन पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. नीना छोकरा, डॉ. प्रताप, गिरीश नारायण यादव, निर्भय सिंह, डॉ. पूजा, धीरेंद्र कुमार, अर्शी खान, डॉ. अरविंद, रिचा, गीता, अनुकृति, सोनिया और छवि सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आयोजन ने छात्रों में उत्साह और प्रेरणा का संचार किया।

# विधान परिषद में मुद्दे उठाकर कराए अनेकों विकास कार्य: किरणपाल

**■ विकास के मुद्दे पर योगी सरकार को बताया पूरी तरह फैल।**

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। नगर पंचायत थानाभवन सभागार में प्रेसवार्ता करते हुए पूर्व मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य किरणपाल कश्यप ने योगी सरकार को विकास के मुद्दे पर पुरी तरह फैल बताया और कहा की अगर उनके द्वारा विधान परिषद में मुद्दा उठाकर कोई विकास कार्य कराया भी जाता हैं तो भाजपा नेता उन विकास पर अपनी मोहर लगाने का कार्य कर रहे हैं स उन्होंने बताया की कादरगढ़-थानाभवन मार्ग के चौड़ीकरण व दोनों और नाले के निर्माण के लिए उन्होंने करीब 17 करोड़ रूपये पीडब्लूडी विभाग से पास कराये गये हैं। जिस पर एक जिला पंचायत सदस्य पति पूर्व मंत्री व अपना बोर्ड लगाकर सुर्खिया बटोरने का काम कर रहा हैं। उनके द्वारा मादलपुर-नौजल मार्ग भी उनके द्वारा सरकार से बनवाया गया हैं। विधान परिषद सदस्य ने आरोप लगाया की भाजपा व योगी सरकार एसआईआर के माध्यम से पीडीए के वोट काटना चाह रही थी। मगर समाजवादी पार्टी द्वारा नामित किये गये बीएलए की सतर्कता के चलते वोटो को कटवाने में कामयाब नहीं होने व भाजपा के पक्ष के अत्यधिक वोट कट जाने के बाद सरकार एसआईआर का समय बार-बार बढ़ा रही हैं। बीएलओ द्वारा विपक्ष के वोट काटने का मुख्य उधारण हैं की बलिया जिले से पांच बार के विधायक रियाजुदिन की पत्नि का ही वोट काट दिया गया था! और बताया की उनके द्वारा शिक्षा मित्रो का मुद्दा सदन में उठाये जाने के बाद सरकार ने शिक्षा मित्रो का वेतन बढ़ने का काम किया हैं। सरकार विधायक निधी पर 18 प्रतिशत जीएसटी वसूलकर विकास कार्यो को प्रभावित



कर रही हैं। उक्त सरकार ने लतीफगढ़ आईटीआई का निर्माण दुवेश भावना के चलते वर्षो तक लटकाये रखा इस मुद्दे को भी सदन में उठाने के बाद ही कार्य कराया गया। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही हैं। सरकार बनने के बाद सरकार के द्वारा चालू की गई। एम्बुलेंस एवं डायल 100 सेवा को पुनरूदुरुस्त किया जायेगा! इस दौरान उन्होंने योगी सरकार की कार्यप्रणाली पर जमकर सवालिया निशान उठाए। इस दौरान उनके साथ संजीव राठी, डा.राजकुमार कश्यप एमएलसी प्रतिनिधि, गौरव कश्यप आदि मौजूद रहे।

## खेत में युवक का गला दबाकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जगनपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों द्वारा खेत में काम कर रहे युवक के साथ मारपीट करने तथा बाद में घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ अभद्रता करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जगनपुर निवासी सतवीर सिंह पुत्र कृष्ण सिंह ने कोतवाली कैराना में तहरीर देकर बताया कि गांव के ही संजीव, जसवीर, राजीव उर्फ राजू पुत्रगण करण सिंह, अशोक, राजेंद्र व सुशील पुत्रगण रामपाल तथा आदित्य पुत्र संजीव से उसकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि इससे पहले भी उक्त लोग उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। पीड़ित के अनुसार 9 मार्च की शाम करीब छह बजे उसका पुत्र अमित चौहान खेत में कृषि कार्य कर रहा था। इसी दौरान आरोपी लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए अमित पर हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसका गला दबा दिया, जिससे वह बेहोश हो गया शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। सतवीर सिंह ने बताया कि वह अपने पुत्र को पुलिस के साथ मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल ले गया था। इसी दौरान रात करीब साढ़े 9 बजे आरोपी उसके घर में घुस आए और उसकी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए अभद्रता की। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और भविष्य में भी उसके परिवार को नुकसान पहुंचा सकते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सातों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जयंत चौधरी से मिले पूर्व विधायक राव वारिस

### थानाभवन के विकास को लेकर मुद्दों को उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राव बारिश ने तबलीग जमात के जिम्मेदार लोगों के साथ नई दिल्ली स्थित संसद भवन में केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल के नेता चौधरी जयंत चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और उनके समाधान की मांग उठाई।

मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक राव बारिश ने थानाभवन क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और मांगों को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने विशेष रूप से जनपद शामली के गांव बाबरी स्थित लाला इंद्र प्रकाश इंटर कॉलेज में एनसीसी के ए और बी सर्टिफिकेट की मान्यता प्रदान किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि कॉलेज में एनसीसी की मान्यता मिल जाती है तो क्षेत्र के युवाओं को सेना और अन्य सेवाओं में आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा।

इसके अलावा उन्होंने थानाभवन कस्बे की एक महत्वपूर्ण मांग भी केंद्रीय मंत्री के सामने रखी। उन्होंने कहा कि जनता एक्सप्रेस ट्रेन का थानाभवन टाउन रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराया जाए। इससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और यात्रियों को लंबी दूरी तय कर अन्य स्टेशनों पर जाने की परेशानी से भी राहत मिलेगी। बैठक में मौजूद तबलीग जमात के जिम्मेदार लोगों ने भी अपने कुछ सामाजिक और क्षेत्रीय मुद्दों को मंत्री के सामने रखा। केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत चौधरी ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक



सुना और आश्वासन दिया कि इन मुद्दों को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संबंधित विषयों को उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष रखा जाएगा और उनके समाधान के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। पूर्व विधायक राव वारिस ने मुलाकात के बाद बताया कि क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इन मांगों को उठाया गया है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही इन मुद्दों पर सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।

## सरकारी आश्वासन समिति शामली दौरा, आज रात्रि विश्राम कल कलेक्ट्रेट में होगी बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति (2025-26) का जनपद शामली में भ्रमण कार्यक्रम जारी है। समिति के सदस्य बुधवार को शामली पहुंचे और जनपद में ही रात्रि विश्राम करेंगे। समिति का उद्देश्य विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित सरकारी आश्वासनों की प्रगति की समीक्षा करना है।

समिति गुरुवार 12 मार्च 2026 को प्रातः 10:00 बजे नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित आश्वासनों की समीक्षा की जाएगी और उनके निस्तारण की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में परिवहन, चीनी एवं गन्ना उद्योग, वन एवं पर्यावरण, सिंचाई एवं जल संसाधन, कारागार, खेलकूद, पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, राजस्व, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा गृह विभाग सहित कई महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। समिति इन विभागों से संबंधित विधानसभा में दिए गए आश्वासनों की स्थिति की जानकारी लेगी और आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी करेगी। इसके अलावा बैठक के बाद समिति द्वारा आश्वासनों से संबंधित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा। इस दौरान समिति के सदस्य मौके पर जाकर विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बैठक में सभी आवश्यक अभिलेख और प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहें। समिति के दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस बैठक से लंबित आश्वासनों के निस्तारण में तेजी आने की उम्मीद है और विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी प्रभावी ढंग से हो सकेगी।

## तीन दिन बाद भी चोरी हुई मोटरसाइकिल का सुराग नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में भारतीय स्टेट बैंक के पास स्थित एक मैडिकल स्टोर के सामने से स्प्लेंडर प्लस एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। हालाकिं इस संबंध में पीड़ित की तहरीर पर थाने में मुकदमा दर्ज हो गया था। मगर 3 दिन बाद भी अभी तक बाइक का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

जानकारी के अनुसार कस्बे के मौहल्ला तलाही निवासी ईरशाद पुत्र ईनाम कस्बे के ही स्टेट बैंक के पास मेडिकल स्टोर की दुकान करता है। जहां उसकी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस मेडिकल स्टोर के सामने खड़ी होती रहती थी। गत 3 दिन पहले 8 मार्च की शाम करीब 7रू45 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोटरसाइकिल को चुरा लिया हालांकि सीसीटीवी कैमरे में चुराने वाले युवक की तस्वीर भी कैद हो गई जो मुंह पर कपड़ा बांधे हुए था। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज कर दिया था। 72 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लगा पाई है। पुलिस का कहना है कि तलाश की जा रही है। संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुज़फ्फरनगर तरसपाल मलिक , पूर्व विधायक नूर सलीम राणा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## इमाम गेट चौराहे पर मुख्य नाले पर अवैध कब्जे की शिकायत, जाम से लोग बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के मोहल्ला खैलखुर्द स्थित इमाम गेट चौराहे पर मुख्य नाले और सार्वजनिक सड़क पर किए गए अवैध अतिक्रमण की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कराकर अतिक्रमण हटवाने तथा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला बिसातियान निवासी सलीम चौधरी पुत्र गय्यूर ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि इमाम गेट चौराहे पर शहर के मुख्य नाले के ऊपर एक व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर रखा ह।आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने नाले के ऊपर लोहे का जाल डालकर वहां ठेलियां लगवा दी हैं और स्वयं भी उसी स्थान पर ठेला संचालित करता है। शिकायत में कहा गया है कि नाले के ऊपर ठेलियां लगाए जाने के कारण चौराहे पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही नाले पर अतिक्रमण होने के कारण उसकी नियमित सफाई भी नहीं हो पा रही है, जिससे गंदगी और जलभराव की समस्या बढ़ने की आशंका बनी हुई है शिकायतकर्ता का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति दबंग प्रवृत्ति का है। यदि कोई उससे अतिक्रमण हटाने के लिए कहता है तो वह गाली-गलौज करते हुए धमकी देता है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर नाले से अवैध अतिक्रमण हटवाने और दोषी के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है। इस संबंध में शिकायत की प्रतिलिपि डीजीपी, कमिश्नर सहारनपुर, जिलाधिकारी शामली और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कैराना को भी भेजी गई है।

# नाला निर्माण में मानकों की अनदेखी पर भड़के सभासद

### घटिया सामग्री लगाने का आरोप, जेई के पहुंचने पर शांत हुआ विवाद पहले भी डीएम से हो चुकी है शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर पालिका परिषद कैराना के निर्माण कार्य एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गए हैं। मुख्य मार्ग पर कराए जा रहे नाला निर्माण में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए बुधवार को सभासद भड़क उठे। मौके पर पहुंचे सभासदों ने निर्माण कार्य पर कड़ी आपत्ति जताते हुए हंगामा किया, जिसके चलते कुछ समय के लिए नाले का निर्माण कार्य रुक गया। बाद में मौके पर पहुंचे निर्माण जेई की मौजूदगी पुनः निर्माण शुरू किया गया। बताया गया है कि कस्बे के मुख्य मार्ग पर नगर पालिका परिषद की ओर से मुख्य नाले का निर्माण कराया जा रहा है।स्थानीय सभासदों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं कराया जा रहा है और खुलेआम घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसको लेकर कई बार शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।बुधवार को जब सभासदों को निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं की जानकारी मिली तो साभासद पति इन्तिज़ार अहमद,तौसीफ,मौलवी फुरकान व महबूब अली मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए सभासदों ने नाराजगी जताई और विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई और काम कर रहे मजदूरों ने निर्माण कार्य रोक दिया। सभासदों का कहना है कि नगर पालिका के ठेकेदार लगातार निर्माण कार्यों में लापरवाही



बरत रहे हैं। घटिया सामग्री के कारण नाले और नालियां कुछ ही दिनों में टूटने लगती हैं, जिससे जनता के पैसे की बर्बादी हो रही है। उनका आरोप है कि निर्माण कार्यों में हो रही गड़बड़ियों को लेकर बार-बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। बताया गया है कि इससे पहले भी करीब आधा दर्जन सभासद नगर पालिका में चल रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान को शिकायती पत्र सौंप चुके हैं। इसके बावजूद अब तक किसी भी मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है, जिससे सभासदों और स्थानीय लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। इधर, सभासदों के विरोध और हंगामे की सूचना मिलने पर नगर पालिका के निर्माण जेई मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभासदों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और निर्माण कार्य की जांच कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद उनकी मौजूदगी में कुछ देर बाद निर्माण कार्य दोबारा शुरू करा दिया गया। हालांकि सभासदों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं कराया गया और घटिया सामग्री का इस्तेमाल जारी रहा तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, महिला सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर एक महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।गांव नाला में बीते मंगलवार को दीपक पक्ष और धर्मेंद्र पक्ष के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच पिछले कई महीनों से रंजिश चली आ रही है और इससे पहले भी उनके बीच विवाद और झगड़े की घटनाएं हो चुकी हैं।पीड़ित पक्ष की ओर से दीपक की पत्नी रीना ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह रोज की तरह अपनी दुकान पर बैठी हुई थी। आरोप है कि उसी दौरान धर्मेंद्र, अमित, विक्की और कविता एक राय होकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में पीड़िता के साथ मारपीट की गई,शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर धर्मेंद्र, अमित, विक्की और कविता के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**सूचना**

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )

मो. 8630354443

कार्यालय पताः- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराएं परीक्षा: मनीष

## जिलाधिकारी ने की उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती परीक्षा तैयारियों की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने 14 एवं 15 मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित कराई जाने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए परीक्षा को शांति एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी श्री बंसल कलक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन की उपस्थिति में परीक्षा के सम्बंध में दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों की जांच के लिए अलग-अलग स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर उपस्थित सभी कार्मिक अपने फोटोयुक्त पहचान पत्र जरूर प्रदर्शित करें। सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, केन्द्र पर्यवेक्षक निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए लगन, सजगता, आत्मानुशासन एवं समयबद्धता से सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्व परीक्षाओं की भांति पूरी पारदर्शिता के साथ नकलविहीन संपन्न करायी जाये। इसकी संवेदनशीलता, शुचिता एवं पारदर्शिता किसी भी स्तर पर भंग न हो, यदि कोई भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने रेलवे, रोडवेज एवं परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। साथ ही होटलो एवं धर्मशालाओं में भी ठहरने पर किसी को दिक्कत न हो। होटल, धर्मशाला सहित ई-रिक्शा की दरें भी निर्धारित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर लें। उप निरीक्षक नागरिक सुरक्षा एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा जनपद में 25 परीक्षा केंद्रों पर संपादित होगी। प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3 से 5 बजे तक चार सत्रों में होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जनपद में काफी संख्या में अभ्यर्थियों का मूवमेंट होगा। किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसलिये अधिकारी सभी तैयारियां पूर्ण कर लें।नकल विहीन और शुचितापूर्ण परीक्षा आयोजित कराने के संबंध में उन्होंने कहा कि परीक्षा के संबंध में भर्ती बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं बेहतर प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। कक्ष निरीक्षकों की अच्छी तरह से ब्रीफिंग और ट्रेनिंग करा दी जाये। परीक्षा के दौरान सभी अधिकारी भ्रमणशील रहें। कोषागार से परीक्षा केन्द्रों तक प्रश्न पत्र को गाडी में पुलिस अभिरक्षा सहित प्रोटोकाल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ले जाया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्र के अंदर मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, वाच, चाबियां, ब्लूटूथ, डिजिटल पैन, हैल्थ बैण्ड आदि इलैक्ट्रानिक गैजेट्स पूर्ण प्रतिबंध होंगे। केवल पेन, प्रवेश पत्र एवं आईडी कार्ड के साथ ही अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अंदर प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिनों में जाम की स्थिति न हो। बेहतर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए जिससे आमजनों एवं परीक्षार्थियों को कोई असुविधा न हो। परीक्षा को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा से पहले पूर्वाभ्यास करें।

बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट संतोष बहादुर सिंह, एसपी यातायात शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट, सैक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार को जागरूकता वैन को दिखाई हरी झंडी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 14 मार्च को जनपद तथा सभी तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता प्रचार वाहन को रवाना किया गया। जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवेन्द्र सिंह, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अम्बर रावत, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राहुल त्यागी तथा सचिव पालम राणा उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य आपसी विवादों को सुलह-समझौते के आधार पर निपटाना है, जिससे दोनों पक्षों को लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में निस्तारित मामलों में कोई अपील नहीं होती और जमा की गई कोर्ट फीस भी वापस कर दी जाती है। उन्होंने अधिवक्ताओं, वादकारियों तथा सभी संबंधित पक्षों से अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के लिए सहभागिता की अपील की। पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि प्रचार वैन 11 से 14 मार्च तक सहारनपुर के गांवों, तहस. ीलों, पंचायतों और दूरदराज क्षेत्रों में जाकर राष्ट्रीय लोक अदालत तथा विभिन्न कानूनों के संबंध में लोगों को जागरूक करेगी। इस अभियान में पीएलवी (पैरा लीगल वॉलंटियर) भी सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम, वैवाहिक वाद (तलाक को छोड़कर), लघु शमनीय वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, एनआई एक्ट, दीवानी वाद, विद्युत अधिनियम, एमवी एक्ट व ट्रैफिक ई-चालान, भू-राजस्व, बैंक ऋण विवाद सहित प्रशासनिक मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

# मारपीट मामलों में नौ पर मुकदमे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन अलग-अलग मामलों में नौ आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कानूनी कार्यवाही शुरू की।

क्षेत्र के गांव माहेश्वरी कला निवासी गुलशानी पत्नी खुर्शीद ने थाना पर दी तहरीर देकर बताया कि उसका पति काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ है। आरोप है कि शनिवार को दोपहर के समय वह अपने घर के बाहर खड़ी थी कि विपक्षी साजिद पुत्र मंजूरा, राशिद पुत्र मंजूरा व निन्नी पुत्र मंजूरा ने उसके साथ गाली गलौज की, जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

दूसरे मामले में वाजिद पुत्र महमूद निवासी मोहल्ला हामिद हसन कस्बा व थाना चिलकाना ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी पत्नी बिना बताये घर से कहीं चली गयी थी जो कि कुछ दिनों बाद वापस आ गई। आरोप है कि रविवार को उसके ससुरालियों ने उसे थाने के सामने बुलाया जहां पर विपक्षी शौकीन पुत्र अशरफ व शाहिदा पत्नी अशरफ निवासी ग्राम काजीपुरा ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। एक अन्य मामले में नईम पुत्र हनीफ निवासी ग्राम भाऊपुर थाना कुतुबशेर सहारनपुर ने बताया है कि उसकी भांजी की शादी चिलकाना थाना क्षेत्र के ग्राम घाटहेड़ाडा में लगभग एक वर्ष दो माह पूर्व हुई थी। ससुरालियों ने भांजी पर आभूषण चोरी का आरोप लगाया। जिसको लेकर परिजन भांजी के ससुरालियों से बात करने आये थे।

## सुरक्षा सप्ताह मनाया

**सहारनपुर।** स्टार पेपर मिल के प्रांगण में आज 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया गया, जिसमें मिल कर्मचारियों के साथ उनके परिवार. जन भी शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई. जे. सिंह ने सुरक्षा सप्ताह के महत्व के बारे में जानकारी दी और कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य पद्धति अपनाने तथा असुरक्षित स्थितियों को कम करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करना चाहिए।

# सुमित के युवा तहसील अध्यक्ष बनने पर जताई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा सुमित चौधरी को युवा तहसील अध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन और किसानों के हित में कार्य करने का आवाहन किया।

भाकियू टिकैत द्वारा ग्राम घसौती निवासी सुमित चौधरी को रामपुर मनिहारान का युवा तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष गालिब प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मवीर चौधरी, जिला महासचिव सिकंदर चौधरी, अंकुर चौधरी, अमरीश चौधरी तथा युवा मंडल महासचिव सहारनपुर पुनीत चौधरी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि सुमित चौधरी अपने नए दायित्व का निर्वहन करते हुए किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्य करेंगे।

इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने तथा किसानों के हितों की लड़ाई को और तेज करने पर भी चर्चा की गई।




# मौला अली की शहादत पर ताबूत निकाल बहाए आंसू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** बीस रमजानुल मुबारक की रात में मौला अली अलैहिस्सलाम की शहादत पर शिया समुदाय के लोगों ने आंसू बहाते हुए ताबूत निकाला।

मंगलवार को देर रात के समय मोहल्ला मजहर हसन स्थित बड़े इमामबारगाह में एक मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना गमखार हैदर ने बताया कि मौला अली अलैहिस्सलाम की शहादत इक्कीस रमजानुल मुबारक को हुई थी। उन्नीसवीं शब रमजान को जब मौला अली नमाज पढ़ाते वक्त सजदे की हालत में थे तब रहमान इब्ने मुल्जिम ने जहर आलूदा यानी जहर से बुझी हुई तलवार उनकी गर्दन पर मारी। जिससे अली सजदे की हालत मे ही लहूलुहान हो गए।

यह देखकर सभी नमाजी दहाड़े मार मार कर रोने लगे और कत्ल करके वहां से भाग रहे इब्ने मुल्जिम पकड़ कर मौला अली के पास ले आए। तब मौला अली ने कहा कि इसको मत मारना और जो भी मैं खाऊं वो ही खाना इसे भी खिलाना। अगर मैं जिन्दा रहा तो मैं इसे खुद्द सजा दूंगा और अगर मैं मर गया तो इसके ऊपर भी तलवार का एक ही वार करना क्योंकि इसने भी मेरे ऊपर भी एक ही वार किया है।

मजलिस के बाद बंगले वाली मस्जिद से ताबूत बरामद कर बड़े इमामबारगाह में लाया गया तथा आंसू बहाते हुए सीना जनी की। मर्सिया जैनुल आबेदीन ने अपने बाबा जान की तर्ज पर पढ़ा। नोहा खानी मोहम्मद फैज, समर अब्बास, कमर अब्बास ने की। सोगवार सदर अली इमाम उर्फ प्रिंस, तहरीर अब्बास नकवी, मूसा इमाम, शहबाज, तारीफ हुसैन, जैरी, अलमदार, दानिश, गाजी, ताज हैदर, आलीशान, चंदू, शाने हैदर, आजमी, जावेद आदि सहित सैंकड़ो लोग रहे।



# राजयोगिनी दादी का 5 वां स्मृति दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पर राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी जी के पांचवें स्मृति दिवस को "दिव्यता दिवस" के रूप में श्रद्धा, योग-साधना और आध्यात्मिक भावनाओं के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति और राजयोग ध्यान से हुआ। इस अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी बीके संतोष दीदी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन ईश्वर की स्मृति, आध्यात्मिक सेवा और मानव कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। दादी जी ने ब्रह्माकुमारी संस्था के माध्यम से लाखों लोगों को राजयोग का मार्ग दिखाकर शांति, प्रेम और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी। 11 मार्च 2021 को उन्होंने देह त्याग कर ईश्वरीय धाम की यात्रा की, लेकिन उनके दिव्य संस्कार और शिक्षाएं आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इस अवसर पर सरिता बहन और संगीता बहन ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में जिनमें जगपाल, सुरेश, आत्माराम,राजकुमार,सुरेश चौधरी, जितेंद्र प्रधान,सुभाष शर्मा, पवन रोहिल्ला, कमलेश, नीरज बहन, कान्ता माताजी तथा विशेष रूप से सुशील भाई सहित अनेक भाई-बहनों की उपस्थिति रही।




# बडकला चौकी का नशा कारोबार को संरक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर अंतर्गत सूत्रों के अनुसार, बड़कला पुलिस चौकी से महज कुछ कदम दूर खुलेआम स्मैक चरस, सुल्फा और डोडे का अवैध कारोबार चल रहा है शाम होते ही सहारनपुर रोड, रुड़की रोड कमलापुर रोड, हलवाना रोड, फतेहपुर नानका हरिजन कॉलोनी और मुस्लिम कॉलोनी में नशे के सौदागर सक्रिय हो जाते हैं।

सूत्र बताते हैं कि छोटे तस्करों को पकड़कर पुलिस ने 198 ग्राम चरस जैसी मामूली मात्रा दिखाकर लूट खसोट का खेल चलाते हैं जबकि बड़े मगरमच्छ बड़े कारोबारी चौकी के आसपास खुले आम घूमते हैं और कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती यह स्थिति पुलिस की घोर लापरवाही पूर्ण मिलीभगत और नाकामी को उजागर करती है सहारनपुर पुलिस द्वारा हाल ही में थाना फतेहपुर में ही 198.20 ग्राम चरस सहित तस्कर गिरफ्तार किया गया लेकिन बड़कला चौकी क्षेत्र में स्थिति बेकाबू बनी हुई है। पुलिस की मौजूदगी में इतना खुला नशा कारोबार चलना कानून का मखौल है और युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। क्या चौकी इंचार्ज जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं उच्चाधिकारियों को तत्काल जांच करनी चाहिए, दोषी पुलिस कर्मी के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए और इस इलाके से नशे के अड्डों को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए। अन्यथा जनता का पुलिस पर विश्वास पूरी तरह खत्म हो जाएगा।



ऑपरेशन सवेरा के तहत जिले में नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई जारी है

# मार्च के महीने में अचानक बदला मौसम का मिजाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मार्च के महीने में मौसम ने अचानक करवट ले ली।

बुधवार सुबह शहर में घना को. हरा और हल्की ओस दर्ज की गई, जिससे कई इलाकों में दृश्यता कम रही और लोगों को हल्की ठंडक का एहसास हुआ। सड़कों व वाहनों पर ओस की बूंदें भी दिखाई दीं, जिसके कारण सुबह के समय लोगों को हल्के गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस हुई। हालांकि दिन चढ़ने के साथ धूप निकलने पर तापमान तेजी से बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह और दोपहर के तापमान में बड़े अंतर के कारण मौसम में काफी बदलाव महसूस किया गया।

कोहरे के कारण सुबह टहलने निकलने वाले लोगों और वाहन चाल. कों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा, हालांकि दिन निकलने के बाद हालात सामान्य हो गए। शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 159 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों ने सांस, एलर्जी या अस्थमा के मरीजों को सुबह के समय अधिक देर तक खुले में रहने से बचने की सलाह दी है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में दिन के समय गर्मी का असर बढ़ सकता है, जबकि सुबह और रात में हल्की ठंडक बनी रह सकती है। लोगों को बदलते मौसम के अनुसार स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

## बच्चों का चैकअप

**गंगोह।** इनरव्हील क्लब द्वारा लंदन किड्स स्कूल में जनरल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन कर 75 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, और आवश्यक परामर्श दिया गया।

डॉ. रिजवान ने बच्चों और उपस्थित उनके माता पिता को मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। क्लब द्वारा स्वच्छता के लिए विद्यालय परिसर में दो कूड़ेदान लगवाए गए ताकि स्वच्छ वातावरण बनाकर बच्चों के स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य के लिए उनमें स्वच्छता और अपने आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया जा सकें। प्रबंधक अरुण राज ने सराहनीय पहल के लिए क्लब के प्रति आभार जताया।

**शिक्षा का महत्व बताया: गंगोह।** पूरनमल रामलाल डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों व सेविकाओं कोमल, सिमरन, आरती सैनी व कुणाल चौधरी, मुराद अली आदि ने विभिन्न समाजिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य पवन कुमार ने स्वंयसेवको व सविकाओं को शिक्षा के महत्व के विषय मे बताते हुए शिक्षा हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है। शिक्षित होने से हम सामाजिक व मानसिक रूप से जागरूक होते है और शिक्षा के माध्यम से संसार को बदला जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामकुमार ने कहा कि आयुर्वेद भारत की एक प्राचीन स्वदेशी चिकित्सा पद्धति है। इस मौके पर अमित धीमान, हेमन्त गुप्ता, नफे सिंह, सलीम आदि रहे।

**सूचना**

मेरा प्लाट खसरा नं.73 ग्राम दाबकी गुर्जर परगना तहसील व जिला सहारनपुर का बैनामा बही नं.1जिल्द संख्या 10171 के पृष्ठ 149 से 162 तक क्रमांक 5582 पर दिनांक 20-5-2024 जो रजिस्ट्रार द्वितीय सहारनपुर के यहां रजिस्टर्ड है वास्तव में खो गया है। जिसका किसी ओर के द्वारा प्रयोग अवैध होगा।

**अश्वनी पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी ग्राम हुसैनपुर भरावड तहसील बेहट, जिला सहारनपुर।**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र धर्मेन्द्र मेरे कहने सुनने में नहीं है, मुझसे गलत आचरण करता है जिस कारण मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैने व मेरे परिवार ने उससे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इसके किसी भी लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**फूल सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी 898/7 नजदीक बाबा दीप सिंह गुरूद्वारा शारदानगर, थाना कुतुबशेर, सहारनपुर मो. 9897319468**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र योगेश कुमार व उसकी पत्नी सुनीता को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**अशरफी लाल पुत्र श्री नवल सिंह निवासी मौहल्ला ओजपुरा, थाना सदर बाजार, सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री अनुराधा हाल निवासी ग्राम बास्तम, थाना देवबंद, जिला सहारनपुर को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**तेल्लूराम पुत्र श्री भुल्लर निवासी ग्राम बलियाखेडी, सहारनपुर देहात, थाना गागलहेडी, जिला सहारनपुर।**

**कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर**

पत्रांक : 4025 / जि0पं0 / मेला / 2025-26 दिनांक :- 11-3-2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

जिला पंचायत, सहारनपुर में पंजीकृत व अन्य ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि बसन्त / चैत्र मास के अवसर पर दिनांक 18.03.2026 से 05.04.2026 तक के लिये सिद्धपीठ माँ श्री शाकम्भरी देवी मेला क्षेत्र की साफ-सफाई कराने तथा दो अदद कूड़ा उठाने के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली एवं अन्य सामग्री तथा वाहन नियन्त्रण हेतु बैरिकेटिंग एवं हैल्थ सैन्टर हेतु टैन्ट व्यवस्था के 04 कार्यों की सामान्य निविदा दिनांक 16.03.2026 समय अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर में आमन्त्रित की जाती है। निविदा तद् दिनांक को उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष अपरान्ह 03:00 बजे विभागीय समिति द्वारा अपर मुख्य अधिकारी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ दस प्रतिशत धरोहर धनराशि के रूप मे राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ०डी०आर० जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सहारनपुर के पदनाम से बन्धक होगी, जमा कराना अनिवार्य होगा। निविदा फार्म दिनांक 16.03.2026 समय दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर से क्रय किये जा सकते है। कार्यो का विस्तृत विवरण / प्राक्कलन / शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। उक्त निविदा सूचना www.saharanpur.nic.in की वैबसाईट पर भी देखी जा सकती है।

(मुकेश कुमार) अवर अभियन्ता जिला पंचायत, सहारनपुर
(चन्द्रवीर सिंह) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सहारनपुर
(मा० मांगेराम चौधरी) अध्यक्ष जिला पंचायत, सहारनपुर

# अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीमी द्वारा महंत गोरखनाथ पीठ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उनकी माताजी और गौमाता के संबंध में की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए आज विश्व हिन्दू महासंघ (भारत) एवं हिन्दू युवा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में आज विरोध प्रदर्शन किया गया।

जिला मुख्यालय पर हिन्दूवादी नेता संजय वर्मा के नेत्तृव में आज कार्याकर्ता पंहुचे ओर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीमी द्वारा महंत गोरखनाथ पीठ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उनकी माता. जी और गौमाता के संबंध में की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई। इस दौरान हिन्दूवादी नेता संजय वर्मा ने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से दोषी के विरुद्ध कठोरतम सजा देने की मांग की। मंडल प्रभारी पंकज शमी व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र बुनकर ने कहा कि ऐसे मामलों को रोकने के लिए कड़े कानून का प्रावधान होना चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी करने का साहस न कर सके। प्रदर्शन के दौरान अजय मैथली, अंकित बावरे, गरसीमासिंह, भजन सिंह, शिवा कटारिया, रामनाथ, टिंकू गुर्जर, वैभव पंडित, मनीष राणा, आशीष शर्मा, संदीप चौहान, मिखिल मौजूद रहे।

# पोस्टर से नशा मुक्त समाज का संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टरों ने द्वारा बच्चों को तंबाकू और सिगरेट के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ. सुलताना, डा. दिलनवाज, अरशद फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा बच्चों को तंबा. कू और सिगरेट के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बच्चों को बताया कि इनके सेवन से कई गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की बीमारी हो सकती हैं। अत: सभी से अनुरोध है कि तंबाकू और सिगरेट का सेवन न करें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें। प्रबंध समिति के अध्यक्ष शुभम गुप्ता, प्रबंधक आदेश गर्ग, मुकेश गुप्ता, नरेन्द्र तायल, गौरव गर्ग, नितिन तायल, अमित गर्ग आदि ने भी सहयोग किया। प्रधानाचार्य भूपेन्द्र सिंह ने भी स्वस्थ जीवन के लिए नशामुक्त रहने लिए कहा और तंबाकू और सिगरेट का सेवन न करने के लिए कहा।

# भीम सेना प्रमुख पर फायरिंग कर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गुरुग्राम के भीम सेना प्रमुख और संविधान सुरक्षा पार्टी के सुप्रीमो नवाब सतपाल तंवर पर देवबंद के गुनारसा गांव में फायरिंग कर जानलेवा हमला किया गया। इसमें वह चोटिल हो गए। जबकि उनके साथ पत्नी अधिवक्ता निशा तंवर हमले में बाल-बाल बच गईं।

मंगलवार को संविधान सुरक्षा पार्टी के सुप्रीमो नवाब सतपाल तंवर देवबंद क्षेत्र के गुनारसा गांव में स्थित रिश्तेदारी में हो रहे शादी समारोह में आए थे, साथ में अधिवक्ता पत्नी निशा तंवर भी थीं। देर रात वह घर वापस लौट रहे थे। गांव से बाहर निकलते ही उनकी कार पर सामने से फायरिंग की गई। गोली कार के शीशे पर लगी, जिससे वह चकनाचूर हो गया। हमले में सतपाल और उनकी पत्नी गोली लगने से बाल बाल बच गए। लेकिन कांच के टुकड़े गले और



मुंह पर लगने से सतपाल घायल होकर बेहोश हो गए। पत्नी से जानक. ारी मिलने पर ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और उन्हें स्टेट हाईवे स्थित शिफा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। कुछ समय बाद पुलिस वहां पहुंची और सतपाल को सरकारी अस्पताल में ले जाकर उनका मेडिकल परीक्षण कराया।



देवबन्द। फायरिंग में टूटा भीम सेना प्रमुख की कार का शीशा

**हमले के समय साथ नहीं था सुरक्षाकर्मी**

लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकियां मिलने के बाद नवाब सतपाल तंवर को एक सुरक्षाकर्मी मिला है, लेकिन उसे गुरुग्राम से बाहर लेकर जाने की अनुमति नहीं है। जिसके चलते सतपाल बिना सुरक्षाकर्मी ही गुनारसा गांव में शादी समारोह में पहुंचे थे। हालांकि हमले के पीछे किसका हाथ है, इसके बारे में पुलिस जांच कर रही है।

------

**हमलावरों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

भीम सेना के प्रमुख नवाब सतपाल तंवर पर जानलेवा हमला होने के बाद पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है। पुलिस गांव से लेकर हमले वाले स्थान और दिल्ली देहरादून हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इससे पुलिस अंदाजा लगा सकती है कि हमलावर पहले से ही सतपाल के पीछे थे या फिर वे देवबंद से ही उनके पीछे चले।

-------

**लॉरेंस बिश्वोई गैंग से मिल चुकी हैं धमकियां**

सतपाल तंवर नौ साल पहले तब सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने रागिनी गायक सपना चौधरी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी। एक्टर सलमान खान पर हमला करने वाले लॉरेंस बिश्नोई गैंग से भी सतपाल को कई बार धमकियां मिल चुकी हैं। पुलिस का कहना है हमले के पीछे कौन है और क्या कारण रहा, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# प्रदूषण को लेकर कोल्हू संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गांव राजूपुर निवासी समा. जसेवी हसीब हाशमी ने डीएम को पत्र भेजकर कोल्हू संचालक पर लकड़ी के स्थान पर प्लास्टिक कचरा जलाकर प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाया है।

पत्र में कहा गया है कि गांव में स्थित गन्ना कोल्हू में ईंधन के रूप में अवैध रूप से प्लास्टिक कचरा, पॉलिथीन, रबर और पुराने टायर जलाए जा रहे हैं। कोल्हू से निकलने वाले जहरीले धुएं से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। प्रदूषण के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में सांस लेने में समस्या बनी हुई है। कहा कि प्लास्टिक जलाना नियमों का घोर उल्लंघन भी है इसलिए मामले की जांच कराते हुए दोषी कोल्हू संचालक के खिलाफ कार्रवाई किए जाना जनहित में आवश्यक है। पत्र में गांव में स्वास्थ्य विभाग का शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी कराए जाने की मांग की गई है।

---

**देवबन्द।** सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक टिप्पणी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी खेड़ा मुगल पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक टिप्पणी करने के आरोपी रविकांत के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बीएनएसएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को चौकिंग के दौरान गिरफ्तार किया।

# वाल्मीकि समाज ने जताया पालिकाध्यक्ष का आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वाल्मीकि बस्ती में पिछले काफी समय से अनदेखी का शिकार पार्क की दशा अब जल्द ही सुधरने वाली है। वाल्मीकि समाज की मांग पर पालिकाध्यक्ष विघपिन गर्ग ने इसमें निर्माण कार्य शुरु करा दिया है। इसको लेकर समाज के लोगों ने पालिक. ाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी राजपति बैस का आभार जताया।

अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी महासंघ के नगर उपाध्यक्ष राहुल वाल्मीकि ने बताया कि बस्ती में स्थित पार्क पिछले लंबे समय से अनदेखी का शिकार था। जिसके चलते इसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए भी कुछ नहीं था। समाज के लोग काफी समय से इसके सौंदर्यकरण की मांग करते आ रहे थे। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने इसका




संज्ञान लेते हुए पार्क में निर्माण कार्य कराया। बताया कि उनके नेतृत्व में समाज के लोगों ने कैंप कार्यालय पहुंचकर पालिकाध्यक्ष और ईओ का आभार जताया। इस दौरान विपिन गर्ग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ एवं सबका विकास के नारे को पूरा करते हुए देवबंद विधानसभा के विधायक व राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह लगातार सभी वर्ग एवं जातियों के विकास के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज लंबे समय से भाजपा से जुड़ा हुआ है। काफी समय से पार्क के निर्माण और सौंदर्यकरण की मांग की जा रही थी। जिसे पूरा करते हुए वहां कार्य आरंभ कराया गया है। इस मौके पर यूनियन अध्यक्ष सुनील झंजरवल, महामंत्री अविनाश वाल्मीकि, गीता देवी, कौशल देवी, राखी देवी, अंजू देवी, वंदना देवी, सविता देवी,नंदकिशोर वाल्मीकि,सनी वाल्मीकि,रोहित वाल्मीकि, वासु वाल्मीकि, विशाल उर्फ भोला, सोनी वाल्मीकि,अशोक वाल्मीकि आदि वाल्मीकि समाज के लोग शामिल रहे।

## कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्रों ने सेमेस्टर परीक्षा में मारी बाजी

**बिजनौर।** कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग, बिजनौर के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित सेमेस्टर परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि से संस्थान में खुशी का माहौल है। प्रथम सेमेस्टर के परिणामों में पलक पवार ने 205 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मोहन यादव ने 194 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा दिव्यांशी सैनी ने 192 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। संस्थान के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस मौके पर कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार आदि रहे।

## एक नजर

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**धामपुर।** धामपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर 2024 को एक युवती ने थाना धामपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि राजन निवासी ग्राम भवानीपुर थाना नगीना जनपद बिजनौर ने उसे शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना धामपुर में मुकदमा अपराध संख्या 574/2024 धारा 69 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में बुधवार को थाना धामपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राजन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अश्वनी तथा कांस्टेबल अंकित शामिल रहे।

### मुरलीवाला में गुलदार का आतंक जारी



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव मुरलीवाला व आसपास में गुलदार का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन गुलदार के दिखाई देने और हमले की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि मात्र एक सप्ताह में गुलदार अब तक एक महिला सहित दो लोगों पर हमला कर चुका है, जबकि दो आवारा पशुओं को भी मौत के घाट उतार चुका है। बुधवार को गांव के पास गेहूं के खेत में गुलदार घात लगाकर बैठा हुआ था। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे एक आवारा छोटे बछड़े पर उसने हमला कर दिया और उसे घसीटते हुए खेतों की ओर ले गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने गेहूं के खेतों में गाय और बछड़े को काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। लगातार हो रही घटनाओं के कारण गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार गुलदार को कई बार गांव के आसपास और खेतों में देखा जा चुका है। वह पहले भी कई पशुओं पर हमला कर चुका है, जिससे लोगों में डर और बढ़ता जा रहा है। वन विभाग द्वारा गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया गया है, लेकिन अब तक गुलदार पिंजरे में नहीं आया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते वन विभाग ने कोई ठोस कदम उठाया होता तो यह घटनाएं नहीं घटती, यदि गुलदार शीघ्र ना पकड़ा गया तो जनहानि कर कोई बड़े हादसे को अन्जाम दे सकता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में लगातार गश्त कराई जाए तथा ड्रोन कैमरों की मदद से सर्वेक्षण कर जल्द से जल्द गुलदार को पकड़कर जंगल में छोड़ा जाए।

### धामपुर हुसैनपुर में नशे का कारोबार



**धामपुर।** क्षेत्र के गांव धामपुर हुसैनपुर में बिक रहे अवैध नशे से परेशान महिलाओं ने पूर्वी पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर आकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि गांव में बिकने वाले इन नशों को बंद कराया जाए, जिससे गांव की महिलाओं का जीवन नर्क होने से बच सके। महिलाओं ने बताया कि गांव में घर-घर नशा बेचे जा रहे हैं, जिससे बड़े और छोटे-छोटे बच्चे भी नशा करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि घर का सामान बेचकर नशा करते हैं और घर में आकर मारपीट करते हैं। नशा बेचने वालों से जब मना किया जाता है तो वह मारने पीटने पर उतारू हो जाते हैं और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। ज्ञापन देने वालों में मिथिलेश, मनीषा रानी, दीपा, अनुराधा, यशोदा, सरोज, पिंकी, सीमा, हेमलता, मुन्नी देवी, बबीता, अनीता, कमलेश, राजवती, किरण, रचना आदि शामिल है।

### प्लॉट कब्जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**स्योहारा।** क्षेत्र में प्लॉट पर अवैध कब्जा करने की कोशिश, जान से मारने की धमकी देने और निर्माण कार्य गिराने के मामले में पुलिस ने उच्च अधिकारियों के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रार्थी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने ग्राम अलादीनपुर रेलवे फाटक रोड पर लगभग 250 वर्ग गज का एक आवासीय प्लॉट खरीदा था। प्लॉट खरीदने के बाद जब 20 फरवरी 2026 को उसने वहां निर्माण कार्य शुरू कराया तो मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी अजीम जफर पुत्र नसीम जफर, उमेर जावेद पुत्र जावेद जमील तथा हम्माद पुत्र अथर परवेज वहां पहुंच गए और प्लॉट को अपना बताते हुए काम रुकवा दिया। आरोप है कि तीनों ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थी का आरोप है कि उक्त लोगों ने उसकी जमीन की चौहद्दी दिखाकर फर्जी तरीके से एक एग्रीमेंट तैयार करा लिया और बाद में एक कथित बैनामा भी करा लिया।

# बाइकों की भिड़ंत में किशोर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव छजुपुरा सादात के निकट दो बाइकों की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो जाने से एक किशोर की मौत हो गई, जबकि दूसरा अन्य बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया।

थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी बंटी सैनी का 15 वर्षीय पुत्र सूरज गांव में शादी में आया था। शादी समारोह के बाद बरात की विदाई समारोह का आयोजन किया जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार किशोर बाइक लेकर घर से हल्दौर की ओर जा रहा था। बिजनौर, मुरादाबाद हाईवे स्टेट मार्ग पर स्थित गांव छजुपुरा सादात के निकट एक रेस्टोरेंट के सामने गांव पैजनियां निवासी विशाल त्यागी बाइक पर सवार होकर बिजनौर ओर से अपने घर जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार दोनों बाइकों की देर शाम आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई और दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने दोनों



## एक अन्य गंभीर रूप से घायल

घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए बिजनौर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे अन्य बाइक चालक गांव पैजनियां निवासी विशाल त्यागी का उपचार किया जा रहा है। किशोर की मौत पर उसकी चचेरी बुआ की शादी की खुशियां मातम में बदल गई और परिवार में कोहराम मच गया।

# धामपुर में गैस एजेंसी पर हंगामा

## रसोई गैस की किल्लत से उपभोक्ताओं में भारी रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** देशभर में रसोई गैस की किल्लत के बीच अब इसका असर धामपुर में भी दिखाई देने लगा है। पिछले एक सप्ताह से कई उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग नहीं हो पा रही है, जबकि जिन उपभोक्ताओं ने पहले ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करा दी है, उन्हें भी समय पर डिलीवरी नहीं मिल रही है। इस समस्या के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से कई घरों में रसोई का काम प्रभावित हो गया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके घरों में गैस सिलेंडर खाली पड़े हैं और गैस एजेंसी से भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है कि सिलेंडर कब उपलब्ध होंगे।

इसी समस्या को लेकर धामपुर के रानी बाग चौकी क्षेत्र स्थित एक गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं का




गुस्सा फूट पड़ा और वहां हंगामे की स्थिति बन गई। बड़ी संख्या में लोग एजेंसी के बाहर एकत्र हो गए और गैस की आपूर्ति जल्द शुरू करने की मांग करने लगे।

हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद उपभोक्ताओं ने प्रशासन से जल्द से जल्द गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस की कमी के कारण उन्हें गंभीर परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई लोगों ने आशंका जताई कि कहीं गैस की कृत्रिम कमी पैदा कर ब्लैक मार्केटिंग को बढ़ावा तो नहीं दिया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की आपूर्ति जल्द बहाल कराई जाए और यदि कहीं अनियमितता हो रही है तो उसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

### घरेलू गैस सिलेंडर की कमी से परेशानी

**स्योहारा।** नगर और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर की कमी महसूस की जा रही है, जिससे आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण रसोई का काम प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है। कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि बुकिंग कराने के बाद भी सिलेंडर समय पर नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि अचानक बढ़ी मांग के कारण स्थिति और भी ज्यादा कठिन हो गई है। वहीं कई परिवारों को मजबूरी में वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है।

## एक नजर

### साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक



**शेरकोट।** पुलिस द्वारा बैंकट हॉल में साइबर अपराध जागरूकता बैठक का आयोजन कर नगर के लोगों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि आज के समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी साझा करना और सोशल मीडिया पर अंजान लोगों से संपर्क करना कई बार लोगों को ठगी का शिकार बना देता है। अंजान लोगों के बहकावे में ना आये। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल या मैसेज आने पर तुरंत सतर्क रहें और अपनी बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साथ ही किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर सूचना देने को कहा। बैठक में सभासद सुमन, अवधेश, नासिर प्रधान, महफूज अहमद, अफजाल अहमद आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान कुछ लोगों ने साइबर अपराध से संबंधित सवाल पूछे, जिनका थानाध्यक्ष द्वारा विस्तार से जवाब दिया गया और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई।

### विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण

**हल्दौर।** जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता ने विकास खंड हल्दौर कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा सेल व खंड विकास अधिकारी कार्यालय में अभिलेखों और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों से मनरेगा सहित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं को पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालयों में साफ-सफाई और अभिलेखों को व्यवस्थित रखने पर भी जोर दिया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख चौधरी बिजेन्द्र सिंह, खंड विकास अधिकारी सीपी पांडे, एडीओ पंचायत सुशील कुमार, सचिव मोहित कुमार, संजय कुमार, संजीव राणा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# खाड़ी देशों में काम कर रहे युवाओं की मिसाल

## गल्फ कंट्री से जुटाए चंदे से गांव में कर रहे सामाजिक कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** खाड़ी देशों में काम करने वाले ग्राम पंचायत मानियावाला के मुस्लिम समाज के युवा कामगारों द्वारा गांव में सामाजिक कार्य कराए जाने को लेकर क्षेत्र में भारी प्रसंशा की जा रही है।

ग्राम मानियावाला के युवा भारी मात्रा में सऊदी अरब, बहरीन, दुबई, शारजाह, आबूधाबी, कुवैत, कतर, मस्कत, श्रीलंका, माल्टा आदि देशों में नौकरी करते हुए। लगभग सभी कामगार कम तनख्वाह में अपने परिवारों को चला रहे हैं परन्तु इन युवाओं के हौंसले इतने बुलंद हैं कि 22 दिसंबर 2025 को लगभग 10 कामगारों ने (गल्फ ग्रुप मानियावाला) नाम से एक सोशल वर्क व्हाट्सएप ग्रुप की बुनियाद रखी, जिसके आज 138 सदस्य हैं। उक्त सभी सदस्यों ने आपस में धन इकट्ठा कर गांव में सामाजिक कार्य कराने प्रारंभ कर दिए।



सर्वप्रथम दलित बस्ती के समीप ईदगाह के मुख्य द्वार पर नल (हैंडपंप) लगवाया, उसके बाद ईदगाह कब्रिस्तान की उत्तर की ओर से 350×5 फिट लम्बाई बाउंड्री का निर्माण व दक्षिण की ओर 500×3 फिट लम्बाई में बाउंड्री को ऊंचा कराया एवं कासमपुर गढ़ी मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान की क्षतिग्रस्त बाउंड्री का जगह-जगह मरम्मत कराया गया तथा दोनों कब्रिस्तान में सफेद कली- चूना कराया गया। लगभग एक सौ पचास कुर्सियां (मुफ्त सेवा) जनाजा गाह के संरक्षक के हवाले की, जो कि गांव में होने वाली मौतों (मय्यतो) में आने वाले मेहमानों को बैठाने की व्यवस्था के लिए है। ग्रुप के सदस्यों के हौंसले बुलंद है। आगे भी गांव में सामाजिक कार्य करने की रणनीति तैयार की जा रही है।

ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि शीघ्र ही ग्रुप की गूगल मीटिंग कर ग्रुप को भारत में गल्फ ग्रुप सोशल वेलफेयर सोसाइटी मानियावाला के नाम से रजिस्टर्ड करने के संबंध में बैठक में सहमति ली जाएगी।

# रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन

**बिजनौर।** वर्धमान कालेज में तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्रशिक्षकों ने व्यायाम के प्रकार एवं आपदा प्रबंधन के नियमों की जानकारी दी। प्राप्त समाचार के अनुसार वर्धमान कालेज में रोवर्स रेंजर्स के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन कालेज परिसर में प्रशिक्षक पुष्पा, ऋतु रानी, रेंजर्स प्रभारी लीडर डा. चेतना शाक्य, टीना अग्रवाल, रोवर्स क्रू प्रभारी लीडर आयुष बघेल, डा. कुलदीप कुमार एवं प्रवेश प्रशिक्षण कैम्प के सभी प्रशिक्षुओं की उपस्थिति में रोवर रेंजर्स का ध्वजारोहण व ध्वजगीत का गायन किया गया। प्रशिक्षकों ने व्यायाम के प्रकार बताए। प्रशिक्षुओं को रोवर्स-रेंजर्स के भविष्य में होने वाले लाभ के साथ आपदा प्रबंधन के नियमों पर प्रकाश डाला।

जीवन में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के प्रति जागरूक व अवगत कराया साथ ही विभिन्न प्रकार की गांठ की निर्माण का प्रशिक्षण दिया। प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने बताया कि रोवर्स रेंजर्स के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ समाज सेवा के अवसर व टीम भावना की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर प्रो.राजेश यादव, प्रोफेसर जे. के. विश्वकर्मा, प्रो.मुकेश कुमार, प्रोफेसर शशि प्रभा, डा. मनीष कुमार, डा. अंजू बंसल, डा. रेशु शर्मा, डा. दुर्गा जैन, डा. चारुदत्त आर्य, डा. विनीता, डा. टीना, डा. कुलदीप, डा. चेतना उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेला समाचार

### विश्व कप में खेलने को लेकर आशंका के बीच नेमार ने गुस्सा निकाला

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** नेमार ने मिरासोल के साथ सैंटोस के अवे मैच के लिए टीम से बाहर किए जाने पर गुस्सा जताया, जिससे इस साल के फीफा वर्ल्ड कप से पहले उनकी फिटनेस पर नए शक पैदा हो गए हैं। 34 साल के इस खिलाड़ी के मंगलवार रात के सीरी ए मैच में चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी की उम्मीद थी। ब्राजीलियन फुटबॉल कन्फेडरेशन ने पहले कहा था कि नेशनल टीम के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी इस महीने के आखिर में फ्रांस और क्रोएशिया के खिलाफ वर्ल्ड कप वार्म-अप मैचों के लिए अपनी टीम का नाम बताने से पहले नेमार का हालचाल जानने के लिए मैच में आएंगे। लेकिन इस फैसले से यह चिंता बढ़ गई कि क्या बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व स्टार जून और जुलाई में होने वाले फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयार होंगे।

### अमेलिया की हैट्रिक से जीती न्यूजीलैंड

**डुनेडिन, वार्ता।** अमेलिया केर (80 रन /पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 200 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया।

'प्लेयर ऑफ द मैच अमेलिया केर ने हैट्रिक बनाई। केर ने यूनिवर्सिटी ओवल में जबरदस्त ऑल-राउंड प्रदर्शन किया, उन्होंने 80 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 303/6 का बड़ा स्कोर बनाया। केर के अलावा मैडी ग्रीन ने 73 गेंदों में (94), ब्रूक हॉलीडे ने (40) रनों का योगदान दिया। जिम्बाब्वे के लिए क्रिस्टाबेल चैटोंजवा ने 48 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि टेंडाई मकुशा, एडेल जमिनु और प्रेशियस मारेंज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अभिषेक-ईशान की जोड़ी का जलवा

## आईसीसी पुरुष टी-20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान हासिल किए



**दुबई, वार्ता।** स्टार भारतीय लेफ्ट-हैंडर अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी पुरुष टी-20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं। यह पहली बार है जब किसी भारतीय बैटिंग जोड़ी ने इस फॉर्मेट में पहले-दो स्थान हासिल किए हैं। किशन की नजर टी-20 बैटिंग रैंकिंग में टॉप पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय बनने पर भी है। बॉलिग रैंकिंग में, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का टॉप पर राज खत्म हो गया, हालांकि वह 14 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, लेकिन उन्होंने बहुत ज्यादा रन दिए।

जबकि पेसर जसप्रीत बुमराह, जो फाइनल में 15 रन देकर चार विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने थे, एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए, जबकि स्पिनर अक्षर पटेल और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या 17वें और 46वें स्थान पर हैं। आईसीसी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। शर्मा के अभी 875 रेटिग पॉइंट्स हैं, नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 21 गेंदों में 52 रन बनाने की वजह से वह अभी भी टेबल में टॉप पर हैं, जबकि किशन ने कीवी टीम के खिलाफ 25 गेंदों में 52 रन और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 18 गेंदों में 39 रन बनाकर इंग्लैंड के फिल साल्ट और पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल किया है।

दोनों के बीच सिर्फ चार पॉइंट्स का फर्क होने की वजह से, किशन (871 पॉइंट्स) के पास विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और शर्मा की बराबरी करने और इस फॉर्मेट में टॉप पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय बैट्समैन बनने का भी मौका है। सितम्बर 2022 में, एक ही टीम के पिछले दो बैटर पहले दो पोजीशन पर पाकिस्तान के बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान थे। लेटेस्ट वीकली रैंकिंग अपडेट में न्यूजीलैंड के ओपनर टिम सीफर्ट भी चार पायदान ऊपर चढ़कर करियर के बेस्ट छठे पोजीशन पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 58 और इंडिया के खिलाफ फाइनल में 52 रन बनाए थे। बड़े फायदे पाने वाले दूसरे खिलाड़ियों में इंग्लैंड के जैकब बेथेल हैं, जिनकी सेमीफाइनल में इंडिया के खिलाफ सेंचुरी ने उन्हें करियर के बेस्ट 16वें पोजीशन पर पहुंचा दिया है, और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन, जिनकी वेस्ट इंडीज के खिलाफ नॉट आउट 97 रन की पारी और इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन के एक जैसे स्कोर ने उन्हें 22वें स्थान पर पहुंचा दिया है। शिवम दुबे (चार पायदान ऊपर चढ़कर 27वें स्थान पर) और विल जैक्स (आठ पायदान ऊपर 58वें स्थान पर) भी आगे बढ़े हैं। बॉलिग रैंकिंग में, टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर खत्म करने के बाद भी, इंडिया के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का टॉप पर राज खत्म हो गया है। उन्होंने नौ मैचों में 14 विकेट लिए, लेकिन बहुत ज्यादा रन दिए, खासकर पिछले हफ्ते के मैचों में।

## सैन्य विवाद की वजह से अफगानिस्तान-श्रीलंका सीरीज स्थगित



**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि उन्होंने मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे सैन्य विवाद की वजह से श्रीलंका के खलिाफ अपनी आने वाली सीरीज, जो यूनाइटेड अरब अमीरात में होनी थी, स्थगित कर दी है।

दोनों टीमों को 13 से 25 मार्च तक तीन वनडे और इतने ही टी-20 खेलने थे। एसीबी के चीफ एग्जीक्यूटिव नसीब खान ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हां, श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज स्थगित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि फ्लाइट्स, लॉजिस्टिक्स और इलाके की स्थिति को लेकर कुछ दिक्कतें थीं।

हमने इन मैचों को श्रीलंका में कराने के लिए दूसरा ऑप्शन भी देखा और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के लगातार संपर्क में रहे। हालांकि, उस समय यूएई से श्रीलंका के लिए कोई फ्लाइट उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, इतने कम समय में प्रोडक्शन, होटल, ग्राउंड बुकिंग और सिक्योरिटी का इंतजाम करना काफी मुश्किल था। इसलिए, हमने आखिरकार इसे टालने का फैसला किया।

## ईरान की फुटबॉल टीम अभी भी फीफा विश्व कप में भाग ले सकती है : जियानी इन्फेंटिनो



**वॉशिंगटन, वार्ता।** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा है कि ईरान की राष्ट्रीय टीम अभी भी 2026 फीफा विश्व कप में भाग ले सकती है।

उन्होंने टूर्नामेंट के संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ सीधी बातचीत के बाद यह घोषणा की। इन्फेंटिनो के साथ बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान का इस गर्मी के विश्व. कप में हिस्सा लेने के लिए 'स्वागत' है, भले ही दोनों देश युद्ध में हों।

सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पोस्ट में इन्फेंटिनो ने कहा कि वह अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में होने वाले वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को ट्रम्प से मिले। इन्फेंटिनो ने कहा कि उन्होंने और ट्रम्प ने 'ईरान की मौजूदा स्थिति के बारे में बात की। इन्फेंटिनो ने कहा कि बातचीत के दौरान, राष्ट्रपति ट्रम्प ने दोहराया कि ईरानी टीम का अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए स्वागत है।

# मजबूत टीम भावना ने पर्दे के पीछे से अहम भूमिका निभाई: सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के विजई अभियान को आकार देने में मदद करने वाली निजी बातचीत और पलों पर बात करते हुए, भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि विश्वास, भरोसा और मजबूत टीम भावना ने पर्दे के पीछे अहम भूमिका निभाई। सूर्य ने टीम के कई खिलाड़ियों, जिनमें ईशान किशन और संजू सैमसन शामिल हैं, के साथ इमोशनल बातचीत के बारे में बात की, और बताया कि कैसे निजी भूमिकाओं से ऊपर टीम को प्राथमिकता देने की उनकी इच्छा ने भारत के सफल वर्ल्ड कप सफर को तय किया।

**● कहा : निजी भूमिकाओं से ऊपर टीम को प्राथमिकता देने की उनकी इच्छा ने भारत के सफल विश्व कप सफर को तय किया**

हमारी वर्ल्ड कप टीम के कुछ खिलाड़ियों की कहानियां बहुत प्रेरणा देने वाली और इमोशनल रही हैं। अगर आप सिराज की बात करें, तो मैंने उन्हें टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले फोन किया था। वह अपने दोस्तों के साथ बैठे थे, कैप पहने हुए थे और खाना खा रहे थे। मैंने उनसे कहा कि हर्षित राणा घायल हैं, आपको टीम में शामिल होना होगा। उन्होंने कहा, 'सूर्य भाई, क्या आप मजाक कर रहे हैं?' यह उनका पहला रिएक्शन था। फिर मैंने हमारी सिलेक्शन मीटिंग से ठीक पहले इशान किशन को कॉल किया। मैंने उनसे कहा, 'छोटू, क्या तुम हमें वर्ल्ड कप जिताने में मदद करोगे?' उन्होंने कहा, 'सूर्य भैया, बस मुझ पर भरोसा करो और मुझ पर भरोसा रखो।



## द. अफ्रीका के चार तथा विंडीज के नौ सदस्य स्वदेश रवाना: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी बुधवार को कहा कि द.अफ्रीका के चार खिलाडी और परिवार के पांच सदस्य तथा वेस्टइंडीज दल के नौ सदस्य अपने-अपने देशों के लिए प्रस्थान हो चुके है। आईसीसी की ओर से आज अपरान्ह दी गई ताजा अपडेट में खिलाड़ियों के रवाना होने की पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के चार खिलाड़ी और उनके परिवार के पांच सदस्य फ्लाइट पकड़ चुके हैं और घर जा रहे हैं, उनके बाकी सभी 29 सदस्य अगले 24 घंटों में निकलने वाले हैं। वहीं वेस्ट इंडीज के दल में से, नौ सदस्य स्वदेश रवाना हो चुके हैं, जबकि बाकी 16 अगले 12 घंटों में भारत से जाने वाली उड़ानों में बुक हैं।

## आईसीसी की पुरस्कार राशि से टी-20 विश्व कप टीमें हुई मालामाल

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने बुधवार को टी-20 विश्व कप 2026 में शामिल हुई सभी 20 टीमों को उनके प्रदर्शन के आधार पर कुल 11-25 मिलियन यूएस डॉलर (एक अरब 39 करोड़ चार लाख 43 हजार) की पुरस्कार राशि के अंतिम विवरण की पुष्टि कर दी है। सह-मेजबान भारत खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनी है।

खिताब विजेता भारत को 2,639,423 डॉलर (24,28, 49,351 रुपये) और उप विजेता न्यूजीलैंड को 1,422,692 डॉलर (13,08,91,789 रुपये) की पुरस्कार राशि मिली है। वहीं सेमीफाइनल में हारने वाली दक्षिण अफ्रीका को 1,005,577 डॉलर (9,24,89,855 रुपये) और इंग्लैंड को 974,423 डॉलर (8,96,49,741 रुपये) राशि मिली है। विंडीज को 538,269 डॉलर (4,95, 19,222 रुपये), पाक को 522,692 डॉलर (4,80,86,182 रुपये), जिम्बाब्वे को 491,538 डॉलर (4,52,20,103 रुपये), श्रीलंका को 475,962 डॉलर (4,37,87,155 रुपये), अफगानिस्तान को 309,808 डॉलर (2,85,01,248 रुपये), ऑस्ट्रेलिया को 309,808 डॉलर (2,85,01,248 रुपये),अमेरिका को 309,808 डॉलर (2,85, 01,248 रुपये) स्कॉटलैंड को 278,654 डॉलर (2,56,35,189 रुपये), आयरलैंड को 271,731 डॉलर , इटली को 256,154 डॉलर , नीदरलैंड को 256,154 डॉलर (2,35,62,748 रुपये), यूएई को 256,154 डॉलर (2,35,62,748 रुपये), नेपाल को 256,154 डॉलर (2,35, 62,748 रुपये), कनाडा को 225,000 डॉलर (2,06,92,575 रुपये), नामीबिया 225,000 डॉलर (2,06,92,575 रुपये) व ओमान को 225,000 डॉलर (2,06,92,575 रुपये) की पुरस्कार राशि मिली है।

# टी-20 के बाद वनडे में भी पाक टीम फुस्स

**● पहले मुकाबले में बांग्लादेश ने आठ विकेट से रौंदा, पाकिस्तान मात्र 114 रन ही बना सकी**

**मीरपुर, वार्ता।** पाकिस्तान का टी-20 विश्व कप में सुपर-8 चरण से बाहर होने का दुख अभी खत्म नहीं हो पाया था कि अब वनडे में भी उन्हें करारी शिकस्त मिली है। दरअसल, पाकिस्तान को बांग्लादेश ने पहले वनडे में आठ विकेट से रौंद दिया। तीन मैचों की वनडे सीरीज का यह मुकाबला मीरपुर में खेला गया, जहां पाकिस्तान 30.4 ओवर में महज 114 रन ही बना सकी।

वहीं, बांग्लादेश ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मेजबान बांग्लादेश सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तानी टीम ने 23 वर्षीय नाहिद राणा की धारदार गेंदबाजी के सामने घुटने टेक दिए। मेहमान टीम 30.4 ओवरों में सिर्फ 114 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान को साहिबजादा फरहान और माज सदाकत की सलामी जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के लिए 10 ओवरों में 41 रन जोड़े। साहिबजादा फरहान 38 गेंदों में 4 चौकों के साथ 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद विकेटों का सिलसिला शुरू हो गया। अगली आठ साझेदारियां दहाई का आंकड़ा भी ना छू सकीं। आलम ये रहा कि पाकिस्तानी टीम 82 के स्कोर तक अपने नौ विकेट गंवा चुकी थी। यहां से अबरार अहमद ने फहीम अशरफ के साथ अंतिम विकेट के लिए 41 गेंदों में 32 रन जुटाकर टीम को जैसे-तैसे शतक के पार पहुंचाया। पाकिस्तान की ओर से साहिब. जादा फरहान के अलावा, माज सदाकत (18), मोहम्मद रिजवान (10) और फहीम अशरफ (37) के अलावा, कोई अन्य बल्लेबज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।



विपक्षी खेमे से नाहिद राणा ने सात ओवरों में 24 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। उनके अलावा, कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 3 विकेट निकाले। तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर के हाथ 1-1 विकेट लगा। इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम ने महज 15.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। सैफ हसन ने तंजीद हसन तमीम के साथ पहले विकेट के लिए 16 गेंदों में 27 रन की साझेदारी की। सैफ हसन 10 गेंदों में चार रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद नजमुल हसन शांतो ने तंजीद के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 गेंदों में 82 रन की साझेदारी करते हुए बांग्लादेश को जीत के करीब पहुंचा दिया।

## 2025 बीसीबी चुनावों की जांच के लिए कमेटी बनाई गई

**ढाका, वार्ता।** नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) ने बुधवार को बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड के 2025 के चुनाव में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यों वाली एक इंडिपेंडेंट जांच कमेटी बनाई।

एनएससी ने एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन के जरिए इस फैसले की घोषणा तमीम इकबाल द्वारा पिछले साल के बीसीबी चुनावों की जांच के लिए एक रिक्वेस्ट करने के कुछ दिनों बाद की, जिसमें दावा किया गया था कि राजधानी के 76 में से 50 क्लबों ने जांच की मांग का समर्थन किया था। इस कदम के बाद, डिविजनल काउंसलर और पुराने क्रिकेट ऑर्गनाइजर ने भी काउंसलरनॉमिनेशन में कथित गड़बड़ियों, एड-हॉक कमेटियों के बनने और चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर अधिकारों के गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई और एनएससी को एक लेटर सौंपा।

**● एनएससी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने ऑर्डर पर साइन किए और कमेटी से 15 वर्किंग डेज के अंदर रिपोर्ट देने को कहा**

एनएससी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (जॉइंट सेक्रेटरी) मोहम्मद दोलोतुज्जमां खान ने ऑर्डर पर साइन किए और कमेटी से 15 वर्किंग डेज के अंदर युवा और खेल राज्य मंत्री को अपनी रिपोर्ट देने को कहा। रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज एकेएम असदुज्जमां कमेटी को हेड करेंगे। दूसरे मेंबर युवा और खेल मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी मोहम्मद सलीम फकीर, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के जॉइंट कमिश्नर (डीबी एडमिन और साउथ) मोहम्मद नसीरुल इस्लाम, स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एटीएम सईद उज्जमां और सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट बैरिस्टर सालेह अकरम सम्राट हैं।



## महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने सूर्यकुमार यादव व शिवम दुबे को सम्मानित किया

**मुम्बई, वार्ता।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के रिकॉर्ड तीसरे टाइटल जीतने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे को सम्मानित किया। मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अजिक्य नाइक भी इस मौके पर मौजूद थे, जब मुंबई की इस जोड़ी को टाइटल जीतने वाले कैंपेन में उनके शानदार योगदान के लिए सम्मानित किया गया। भारत ने गत रविवार को अहमदाबाद में फाइनल में न्यूघीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार खिताब जीता था। शिवम दुबे के लिए मुंबई पहुंचना एक दिलचस्प घटना रही। हवाई यात्रा उपलब्ध न होने के कारण शिवम थ्री टियर एसी से सफर कर मुंबई पहुंचे।

# जीत के साथ सिनर, सबालेंका क्वार्टरफाइनल में


**● जानिक सिनर ने जोआओ फोन्सेका को 7-6, (6), 7-6, (4) से हराया**

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जानिक सिनर ने उभरते ब्राजीलियाई स्टार जोआओ फोन्सेका की कड़ी चुनौती पर काबू पाते हुए रोमांचक मुकाबले में 7-6(6), 7-6(4) से जीत के साथ बीएनपी परीबा ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो युवा प्रतिभाओं के बीच बहुप्रतीक्षित पहली मुलाकात इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में खचाखच भरी भीड़ के सामने उम्मीदों पर खरी उतरी, जिसमें सिनर ने महत्वपूर्ण क्षणों में जीत हासिल कर टूर्नामेंट में अपनी तीसरी क्वार्टरफाइनल उपस्थिति सुनिश्चित की।

सिनर ने शुरूआती सेट के टाई-ब्रेक में तीन सेट प्वाइंट बचाए और बाद में दूसरे सेट में 5-2 पर मैच बंद करने में नाकाम रहने के बाद वापसी की और एक और टाई-ब्रेक में जोरदार समापन करके जीत हासिल की। सिनर ने मैच के बाद कहा कि जोआओ एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है, अविश्वसनीय प्रतिभा है, दोनों तरफ से बहुत शक्तिशाली है। वह बहुत अच्छी सर्विस कर रहा था। मुझे लगा कि जितना संभव हो उतना आक्रामक होने की कोशिश करना महत्वपूर्ण है। दूसरे सेट के अंत में मैंने थोड़ी तीव्रता कम कर दी लेकिन उसने वहां अविश्वसनीय टेनिस खेला।



**दुनिया** की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराकर इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। 27 साल की बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की ओसाका को 80 मिनट चले मुक. ाबले में 6-2, 6-4 से हरा कर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। जुलाई 2023 में बेटी शाई के जन्म के बाद 14 महीनों के बाद वापसी कर रही ओसाका ने मैच की शुरुआत एक कॉन्फिडेंट ओपनिग सर्विस गेम से की।



**● आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराया**

हालांकि, सबालेंका ने जल्द ही अपनी रिदम पकड़ ली और 28 साल की जापानी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 2-1 की बढ़त बना ली। बेलारूसी खिलाड़ी ने कई दमदार बैकहैंड मारकर अपनी पकड़ मजबूत की और 5-2 की बढ़त बना ली, फिर एक ऐस के साथ आराम से सेट जीत लिया। ओसाका और सबालेंका दोनों ने दूसरे सेट की शुरुआत में सर्विस बनाए रखी, फिर सबालेंका ने 4-2 से कंट्रोल हासिल किया और फिर एक अहम ब्रेक के साथ मैच जीत लिया।

मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि यह पागलपन है, इतने सालों में हमने सिर्फ एक बार खेला।

**रमजान मुबारक**



**तेईसवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.10 |
| | शिया | 5.02 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.27 |
| | शिया | 6.40 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**
**कुरआन करीम**

# सौहार्द के साथ मनाएं ईद उल फितरः अभिनंदन

## अलविदा जुमा व ईद उल फितर को लेकर एसएसपी ने ली शांति समिति की बैठक, जिम्मेंदार लोग रहे मौजूद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने कहा कि अलविदा जुमा और ईद उल फितर को शांति से मनाते हुए सौहार्द को कायम रखे।

एसएसपी अभिनंदन सिंह अंबा. ला रोड स्थित एक पैलेस में शांति समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखते हुए पर्व को मनाये। शहर काजी नदीम अख्तर ने समस्त जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले अलविदा जुमा और ईद उल फितर को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए। जिस प्रकार हम सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाई है इसी प्रकार हम आपसी सद्भाव को कायम रखते हुए आने वाले त्योहार अलविदा जुमा और ईद उल फितर को भी मनाने का कार्य करेंगे।



जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद ने कहा कि सभी लोग शासन प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए आने वाले त्योहार को मनाने का कार्य करेंगे और सभी लोग स्वयं भी जागरूक हो और दूसरे लोगों को भी जागरूक करने का काम करेंगे और सोशल मीडिया पर कोई भी जानकारी बिना किसी तहकीक के आगे फॉरवर्ड ना करें और कोई संदिग्ध वीडियो अगर आती है तो उसकी सूचना संबंधित पुलिस स्टेशन से करें।

**■ शहर काजी नदीम अख्तर व जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद ने की गाइड लाइन के पालन की अपील**

मीटिंग में एसपी सिटी व्योम जिंदल, एसपी देहात सागर जैन, एसपी मनोज यादव सीओ सिटी, सभी थाने के प्रभारी निरीक्षक के अलावा मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी, एम शाहिद जुबेरी, आरिफ खान, मंसूर बदर, नौशाद सिद्दीकी, नकुड अध्यक्ष शाहनवाज खान, बेहट से मोहम्मद अहमद काजमी और तमाम और देहातों के मस्जिद और मदरसो के जिम्मेदारान आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे। मीटिंग का संचालन सीनियर पार्षद मंसूर बदर ने किया।

# 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हैड कांस्टेबल गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हेड कांस्टेबल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।



मिली जानकारी के अनुसार एंटी करप्शन टीम को शिकायत मिली थी कि मंडी थाना क्षेत्र की खाता खेड़ी चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल विनोद कुमार एक मामले में कार्रवाई के नाम पर रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि हेड कांस्टेबल ने मामला निपटाने और राहत देने के बदले 15 हजार रुपये की मांग की थी।

शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन टीम ने पूरे मामले की जांच की और फिर सुनियोजित तरीके से ट्रैप की कार्रवाई की। योजना के तहत शिकायतकर्ता को 15 हजार रुपये देकर आरोपी के पास भेजा गया। जैसे ही हेड कांस्टेबल विनोद कुमार ने रिश्वत की रकम ली, पहले से मौके पर मौजूद एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि आरोपी हेड कांस्टेबल मंडी थाना क्षेत्र की खाता खेड़ी चौकी पर तैनात था। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी को अपने साथ लेकर थाना सदर बाजार पहुंची, जहां उससे पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ताः चौ.नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला पंचायत चुनाव में लग जाये। जिला पंचायत चुनाव की कभी भी अचानक घोषणा हो सकती है इसलिए रालोद कार्यकर्ता अपनी पूरी तैयारी से जुट जाए।



चौ.नीरपाल सिंह ने यह बात दिल्ली रोड शाकम्बरी विहार में राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं की बैठक में कही। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एवं चुनाव आयोग से मांग करते हुए कहा कि देश की तरक्की और विकास ग्रामीण अंचल से शुरू होता है। पंचायत चुनाव सबसे बड़ा चुनाव होता है। इसलिए सरकार को चुनाव समय से कराने चाहिए, क्योंकि देश के लोकतांत्रिक ढांचे का पंचायत चुनाव अहम होता है। जाट महासभा के अध्यक्ष मुकेश चौधरी ने कहा कि किसानों के महान नेता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह भी कहते थे कि देश की तरक्की का रास्ता खेत और खलिहान से होकर जाता है।

इस अवसर पर खेल प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, राजदीप ढाका, संजय राणा, संजीव चौधरी, गोल्डी सिंह, रामपाल सिंह, देवेंद्र, विजय राणा उपस्थित रहे।

# गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय हिन्दू संगठन की जिला इकाई ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने तथा देशभर में गौ-वध पर प्रभावी केंद्रीय कानून बनाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा।

ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में गौ माता को प्राचीन काल से पूजनीय माना गया है और इसका समाज की आस्था व सांस्कृतिक पहचान में विशेष स्थान है। साथ ही संविधान के नीति निदेशक तत्वों में भी गौवंश संरक्षण पर बल दिया गया है। संगठन ने केंद्र सरकार से मांग की कि गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान दिया जाए, पूरे देश में गौ-वध पर सख्त केंद्रीय कानून बनाया जाए, गौ-तस्करी व गौ-मांस की अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

# जल्द लॉन्च होगी नई टाउनशिपः संतोष

## एसडीए वीसी ने कहा योजना पर भ्रामक खबरें फैलानों वालों पर होगी बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसडीए के वीसी संतोष कुमार राय ने कहा कि महानगर में मां शाकम्भरी देवी नई टाउनशिप जल्द लॉन्च की जायेगी और जो लोग इस संबंध में भ्रामक खबर फैला रहे है उनके खिलाफ कडी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि योजना के प्रथम चरण का प्रस्ताव तैयार हो गया है।

एसडीए कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए वीसी ने कहा कि कुछ कॉलोनाइजर टाउनशिप को लेकर भ्रामक और गलत खबरें फैला रहे हैं, जिनके खिलाफ जल्द कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मां शाकुंभरी देवी नई टाउनशिप "नवीन सहारनपुर के नाम से प्रस्तावित है। इस परियोजना का कुल क्षेत्रफल करीब 50 हेक्टेयर है, जिसमें से लगभग 40 हेक्टेयर भूमि प्राधिकरण को प्राप्त हो चुकी है। टाउनशिप के प्रथम चरण का प्रस्ताव तैयार कर दिया गया है और यह रेरा में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में है, जिसके इसी सप्ताह पूरा होने की उम्मीद है। रजिस्ट्रेशन के बाद टाउनशिप को औपचारिक रूप से लॉन्च किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि यह टाउनशिप सहारनपुर के लोगों को एक आधुनिक और व्यवस्थित आवासीय माहौल प्रदान करेगी। यहां 30 मीटर तक चौड़ी सड़कें, हर सेक्टर में बड़े पार्क, साफ-सुथरा और ग्रीन वातावरण जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। इसके साथ ही सभी आधुनिक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की योजना है, जिससे लोगों को बेहतर जीवनशैली मिल सके।

**■ मां शाकुंभरी देवी नई टाउनशिप नवीन सहारनपुर के नाम से प्रस्तावित, प्रथम चरण का प्रस्ताव भी हुआ तैयार**

वीसी ने बताया कि टाउनशिप के लॉन्च होते ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी, ताकि लोग पारदर्शी तरीके से प्लॉट के लिए आवेदन कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्राधिकरण द्वारा अवैध कॉलोनियों के खिलाफ लगातार बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है, जिससे अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मचा हुआ है। इसी कारण कुछ लोग नई टाउनशिप को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।वीसी संतोष कुमार राय ने स्पष्ट किया कि जो भी लोगटाउनशिप को लेकर अफवाह या भ्रामक जानकारी फैलाएंगे, उनके खिलाफ सबूत मिलने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि दिल्ली रोड की सड़कों का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिससे शहर के प्रवेश मार्ग को और बेहतर बनाया जा सके।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 40 हजार उड़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** एटीएम से रूपये निकालने गये युवक को विश्वास में लेते हुए एटीएम कार्ड बदलकर खाते से चालीस हजार रुपये उड़ा लिये। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की।

गांव दुमझेडा निवासी पीड़ित खुशीदत्त पुत्र नाथीराम ने तहरीर देते हुए बताया कि वह कस्बा सुल्तानपुर स्थित इन्डिया ए-वन एटीएम से नकदी निकालने गया था। जहां पर खड़े एक अज्ञात युवक ने उसे विश्वास में लेकर रूपये निकालकर देने की बात कहकर उसका एटीएम कार्ड ले लिया। कुछ देर कोशिश करने के बाद अज्ञात युवक ने कहा कि आपके कार्ड से रूपये नहीं निकल रहे हैं और कार्ड वापस दे दिया।

पीड़ित का आरोप है कि लगभग चालीस पचास मिनट बाद उसके मोबाइल पर नौ हजार रूपये निकलने का मैसेज आया। पीड़ित के खाते से नौ हजार रुपये चार बार व चार हजार रुपये एक बार निकाले गये। जब पीड़ित ने एटीएम कार्ड देखा तो उस पर किसी दीपक कुमार का नाम था। तब उसे पता चला कि उसका कार्ड अज्ञात द्वारा बदल लिया गया है। पीड़ित ने अपने साथ हुए इस धोखे की शिकायत साइबर सेल पर भी ऑनलाइन दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में मनाया महिला दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शी फॉर हर क्लब के बैनर तले विश्वविद्यालय के खेल मैदान में विभिन्न खेल एवं मनो. रंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन, अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति (अकाद. मिक) प्रोफेसर ओम कुमार हर्ष, प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ. जॉन फिनबे तथा रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वोकेशनल स्कूल की डीन डॉ. रेशमा ताहिर, मुख्य कुलानुशासक जमीरूल इस्लाम और डॉ. आरती कामथ सहित कई संकाय सदस्यों ने भी भाग लिया और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।




आयोजन का संचालन फातिमा परवीन और डॉ. सुष्मिता के संयोजन में किया गया, जबकि समन्वयकों के रूप में डॉ. रिया, डॉ. आशी, साक्षी लांबा, डॉ. प्रविणी, डॉ. चिंदु, डॉ. सोनम, डॉ. तन्वी, डॉ. अनुप, डॉ. प्रीतपाल, डॉ. जीशान, डॉ. गुरसेवक, डॉ. नेहा और डॉ. दिव्या, जोगिंदर रोहिल्ला सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# झूठे मुकदमें की जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव बुड्ढाखेडा निवासी पीड़ित महिला ने विपक्षी द्वारा दर्ज कराये गये झूठे मुकदमे की गहनता से जांच कराकर निरस्त किये जाने तथा विपक्षियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराये जाने की मांग की है।

बुधवार को ग्राम बुड्ढाखेडा निवासी शहजादी पत्नी शाहिद ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि विगत 04 मार्च को बच्चों के बीच हुई कहासुनी को लेकर विपक्षियों ने उसके घर के बाहर आकर गाली गलौज देना शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर विपक्षियों ने उसके पति के साथ मारपीट की, यदि पीड़िता बीच बचाव में आई तो उसके साथ भी बदतमीजी करते हुए मारपीट की गई।

आस पडौस के लोगों ने किसी तरह उन्हें विपक्षियों से छुड़ाया। विपक्षी जाते जाते भी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर गए।

पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद उसने थाना पर तहरीर दी थी लेकिन कोई भी कानूनी कार्यवाही आज तक नही हुई। जबकि विपक्षियों ने पीड़ित परिवार के खिलाफ मारपीट का झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया है। जबकि मारपीट उल्टा विपक्षियों द्वारा खुद पीड़िता के घर पर आकर की गयी जिसका एक विडियो पडोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

# वाहन चोर पकडा, दो बाइक बरामद

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कुतुबशेर पुलिस ने थाना प्रभारी एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक भूपेश शर्मा के नेतृत्व में चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे एक वाहन चोर सूफियान पुत्र इसरार निवासी मौहल्ला लोहरान कस्बा बेहट हाल निवासी राणा पैलेस के पास आजाद कालोनी थाना मंडी को मिर्जा फास्टफूड के पास आलाज कालोनी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# पिछले आठ माह से नहीं मिला मानदेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** मनरेगा कर्मियों को पिछले आठ महिनों से मानदेय न मिलने से परेशान होकर उन्होने जिलाधिकारी सहारनपुर को खंड विकास अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन देकर मानदेय दिलवाने की गुहार लगाई है।

खंड विकास अधिकारी के दिये ज्ञापन में कहा है कि गत वर्ष की जुलाई माह से उनको मानदेय नही मिला है जिस कारण उनकी आर्थिक हालत खराब हो गयी है । होली ,दीपावली जैसे त्योहार पर भी उनको मानदेय नही दिया गया जिससे उनके त्यौहार भी फीके रहे। आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान होकर आत्म हत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर होना पड रहा है । सरकार का यह कदम संविधान मे वर्णित जीवन के अधिकार के पूर्णत विपरीत है। उन्होने कहा है कि आगामी ईद से पहले उनको मानदेय दिलवाया जाये। ज्ञापन देने वालों मे मुख्य रूप से फिरोज अहमद, गौरव, देवपाल, सोनू कुमार, असजद, सुशील कुमार, प्रदीप कुमार, संगीता, कुलदीप, हसीब आदि दर्जनो मनरेगा कर्मी उपस्थित रहे।



**महिला आरोपी गिरफ्तार:सहारनपुर।** थाना महिला थाना पुलिस ने एक वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती कुसुम भाटी व महिला उपनिरीक्षक रंजीता ने मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान एक वारंटी आरोपी त्रिवेणी चंद्रा पुत्री पूरन सिंह निवासी फ्रेंड्स कालोनी मल्हीपुर रोड थाना सदर बाजार को फ्रेंड्स कालोनी मल्हीपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार की गई आरोपी मुअसं. 95/15 धारा-498ए, 323, 504, 506 भादवि व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम वांछित चल रही थी। पुलिस ने आरोपी को अन्य विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है।

# शेखों वाली मस्जिद में 21 दिन की तरावीह मुकम्मल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** मुकद्दस रमजान माह के दौरान कस्बे के बस स्टैंड स्थित शेखों वाली मस्जिद में आयोजित 21 दिन की तरावीह मुकम्मल होने पर मुल्क व कौम की तरक्की, खुशहाली और अमन-ओ-अमान के लिए खास दुआएं की गईं। इस मौके पर लोगों से अपील की गई कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारे, मोहब्बत और खुशनुमा माहौल में मनाया जाए।

तरावीह की नमाज मुकम्मल होने के बाद नमाजियों को खिताब करते हुए मुफ्ती मोहम्मद असजद ने कहा कि अल्लाह तआला ने रमजान का मुकद्दस महीना अपने बंदों के लिए बड़ी नेमत के रूप में अता किया है। उन्होंने कहा कि इस महीने में रोजा, नमाज, तरावीह, जकात और फितरा का खास एहतमाम करना चाहिए। साथ ही कलाम-ए-पाक को पढ़ना और सुनना बहुत बड़ा सवाब का काम है, जिससे इंसान को दीन और दुनिया दोनों में कामयाबी हासिल होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि रमजान के आखिरी दिनों में इबाद. तों का खास ख्याल रखें और ईद का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं।तरावीह के दौरान मस्जिद में कारी रागिब जमील ने कलाम-ए-पाक सुनाया, जबकि मस्जिद के पेश इमाम हाफिज असजद शाहजेब ने कलाम-ए-पाक सुना। बयान के बाद मुल्क व कौम की तरक्की, खुशहाली और अमन-ओ-अमान के लिए दुआ कराई गई। इस मौके पर कामरेड शौकत, अकरम मलिक, शकील अहमद, शेख परवेज आलम पत्रकार, तौफीक शेख, गुलफाम शेख, शेख नदीम, अशफाक अहमद, शेख वक्कार अहमद, सत्तार अहमद (पत्रकार), अरशद शेख, अजीम मलिक, शाहनवाज सिद्दीकी, मोहम्मद अमान, शेख अनवर, शेख सूफी, इब्रा. हिम चौधरी, मुनीब अहमद, खुर्शीद आलम, अजहर शेख, वाजिद मलिक, सुलेमान साथी, तौकीर मलिक, इमरान मिर्जा, शाहनवाज कुरैशी, अहसान मिर्जा, शेख जुल्फकार, आरिफ, अदनान, मुंशी इलियास सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।























शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 12 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# तनाव के बीच महंगाई

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और तेल ठिकानों पर हमलों के बीच ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल पार पहुंच गया, जबकि 150 डॉलर तक जाने की आशंका जताई जा रही है। सप्लाई बाधित होने से वैश्विक बाजार दबाव में हैं। भारत जैसे आयात पर निर्भर देशों में महंगाई, बढ़ते आयात बिल और रूपए पर अतिरिक्त दबाव की चिंता बढ़ गई है। कतर के पेट्रोलियम मंत्री ने चार दिनों पहले चेतावनी दी थी कि क्रूड ऑयल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। अब यह चेतावनी हकीकत का रूप लेती लग रही है। ब्रेंट क्रूड ऑयल 100 डॉलर प्रति बैरल के बैरियर को पार कर चुका है। इसमें एक ही दिन में 29 प्रतिशत की तेजी आई और 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से अब तक के उच्चतम स्तर पर है। ऑयल फैसिलिटीज पर हमला। दुनिया में पैदा होने वाले कुल क्रूड ऑयल का करीब एक तिहाई पश्चिम एशिया से आता है। अकेले होर्मुन स्ट्रेट से 20 प्रतिशत तेल की डिलिवरी होती है। इस रास्ते से व्यापार फिलहाल बंद है और इलाके में मौजूद ऑयल फैसिलिटीज भी निशाना बन रही है। पिछले दिनों कतर के सबसे बड़े एलएनजी प्लांट और सऊदी अरब की सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनरी पर ईरान ने हमला किया था। अब बहरीन की सरकारी कंपनी बीएपीसीओ ने भी कह दिया है कि वह अपने व्यापारिक वादे पूरे नहीं कर पाएगी। संघर्ष की वजह से ग्लोबल ऑयल सप्लाई चेन बाधित हुई और उसी का असर क्रूड ऑयल पर दिख रहा है। अमेरिका-इसाइल के ईरान पर हमला शुरू करने के बाद से इसमें करीब 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है और चिंता की बात है कि इसमें फिलहाल सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही। उल्टे कई एक्सपर्ट्स को 1973 के क्राइसिस की याद आ रही है, जब अरब-इस्राइल युद्ध की वजह से क्रूड की कीमतें 300 प्रतिशत तक चढ़ गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों कहा था कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज से गुजरने वाले तेल टैंकरों को सुरक्षा प्रदान कर सकती है, लेकिन मार्केट के रिएक्शन से जाहिर है कि उनकी बात पर किसी को भरोसा नहीं और यह आशंका भी बढ़ रही है कि संघर्ष लंबा चलेगा। शेयर बाजार पर भी यह डर हावी है। सोमवार को सेंसेक्स में 1.71 प्रतिशत और निफ्टी में 1.73 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत क्रूड ऑयल आयात करता है। इसमें तेजी का मतलब है आयात बिल का बढ़ना। एक अनुमान के अनुसार, क्रूड ऑयल में प्रति बैरल 10 डॉलर की बढ़ोतरी से जीडीपी पर 0.5 प्रतिशत तक का असर पड़ता है। ऑयल मार्केट जितने लंबे अरसे तक सामान्य से ऊपर रहेगा, भारत को उतना ही ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। इससे देश के भीतर महंगाई बढ़ेगी और पहले से डॉलर के मुकाबले दबाव झेल रहे रूपए में और नरमी आएगी।

## परंपराओं और नियमों का उल्लंघन



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए प्रस्ताव में भी परंपराओं और नियमों का उल्लंघन कर रही है, लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर मंगलवार को हुई बहस के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने गर्व से दावा किया था कि इस बहस के लिए 10 घंटे का समय दिया गया है, जबकि दिसम्बर 1954 में इसी तरह के एक प्रस्ताव के लिए केवल ढाई घंटे निर्धारित किए गए थे, श्री रिजिजू शायद यह बताना भूल गए कि 18 दिसम्बर 1954 को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु बहस के दौरान सदन में मौजूद रहे और उसमें हिस्सा भी लिया था, सदन में बोलते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने सदन की अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष से अनुरोध किया था कि बहस के समय का अधिकांश हिस्सा विपक्ष को दिया जाए, लोकसभा में जब यह प्रस्ताव लाया गया था।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# गुर्दों की खामोश पुकार : समय रहते पहचानें, जीवन बचाएं



योगेश कुमार गोयल

मानव शरीर की जटिल संरचना में गुर्दे (किडनी) ऐसे मौन प्रहरी हैं, जो शरीर के भीतर निरंतर संतुलन बनाए रखने का कार्य करते हैं। वे रक्त से विषैले अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालते हैं, शरीर में तरल पदार्थों का संतुलन बनाए रखते हैं, रक्तचाप को नियंत्रित करने वाले हार्मोन बनाते हैं और लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ए अंग तब तक चुपचाप काम करते रहते हैं, जब तक कि इनमें गंभीर क्षति न हो जाए। यही कारण है कि गुर्दे की बीमारी को अक्सर 'साइलेंट किलर' या 'मूक महामारी' कहा जाता है। आज विश्व स्तर पर गुर्दे की बीमारियां तेजी से बढ़ती हुई स्वास्थ्य चुनौतियों में शामिल हो चुकी हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार दुनिया में 85 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी प्रकार की किडनी बीमारी से प्रभावित हैं और हर 10 में से 1 व्यक्ति को क्रॉनिक किडनी डिजीज का खतरा है। चिंता की बात यह है कि अधिकांश लोगों को तब तक अपनी बीमारी का पता नहीं चलता, जब तक कि गुर्दों को गंभीर क्षति न पहुंच जाए। हर वर्ष लाखों लोग गुर्दे की बीमारी से जुड़ी जटिलताओं के कारण असमय मृत्यु का शिकार हो जाते हैं।

इन्हीं चुनौतियों के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को 'विश्व किडनी दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को 'सभी के लिए गुर्दा स्वास्थ्यरू लोगों की देखभाल, ग्रह की रक्षा' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय न केवल किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देता है बल्कि यह भी बताता है कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2006 में इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ किडनी फाउंडेशंस की संयुक्त पहल के रूप में हुई थी, जिसका उद्देश्य दुनियाभर में किडनी रोगों के बढ़ते बोझ को कम करना, लोगों को समय पर जांच के लिए प्रेरित करना और स्वास्थ्य प्रणालियों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना था। आज यह अभियान सैंकड़ों देशों में मनाया जाने वाला एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है, जिसमें स्वास्थ्य संस्थान, चिकित्सक, सामाजिक संगठन और आम नागरिक सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

गुर्दे की बीमारी का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे विकसित होती है। शुरुआती चरणों में व्यक्ति को सामान्य रूप से कोई परेशानी महसूस नहीं होती लेकिन भीतर ही भीतर गुर्दों की कार्यक्षमता कम होती रहती है। यही कारण है कि विशेषज्ञ समय-समय पर किडनी की जांच कराने पर विशेष जोर देते हैं। साधारण रक्त और मूत्र परीक्षणों के माध्यम से गुर्दों की कार्यप्रणाली का आकलन किया जा सकता है और बीमारी को शुरुआती चरण में ही नियंत्रित किया जा सकता है। कुछ लोगों में गुर्दे की बीमारी का जोखिम सामान्य से अधिक होता है। मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्ति इस बीमारी के सबसे बड़े जोखिम समूह में आते हैं क्योंकि लंबे समय तक उच्च रक्त शर्करा और बढ़ा हुआ रक्तचाप गुर्दों की नाजुक फिल्टरिंग इकाइयों को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके अतिरिक्त मोटापा, हृदय रोग, पारिवारिक इतिहास, धूम्रपान, बढ़ती आयु और कुछ दवाओं का लंबे समय तक उपयोग भी गुर्दे की बीमारी के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को विशेष रूप से नियमित जांच कराने की सलाह दी जाती है। गुर्दे की बीमारी के कुछ संभावित संकेत भी होते हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। लगातार थकान महसूस होना, पैरों या टखनों में सूजन, आंखों के आसपास सूजन, पेशाब के रंग या मात्रा में बदलाव, बार-बार पेशाब आना, भूख कम लगना, मतली या सांस फूलना जैसे लक्षण गुर्दों की समस्या की ओर संकेत कर सकते हैं। हालांकि यह आवश्यक नहीं कि ए सभी लक्षण हर मरीज में दिखाई दें, इसलिए जांच को ही सबसे विश्वसनीय तरीका माना जाता है। किडनी की कार्यक्षमता का आकलन करने के लिए कई प्रकार की चिकित्सीय जांचें उपलब्ध हैं। रक्त में क्रिएटिनिन स्तर की जांच और अनुमानित 'ग्लोमेरुलर फिल्ट्रेशन रेट' यह बताती है कि गुर्दे रक्त को कितने प्रभावी ढ़ंग से फिल्टर कर रहे हैं। इसके अलावा मूत्र परीक्षण के माध्यम से प्रोटीन या एल्ब्यूमिन की उपस्थिति का पता लगाया जाता है, जो गुर्दे की शुरुआती क्षति का संकेत हो सकता है। अल्ट्रासाउंड जैसे इमेजिंग परीक्षणों से गुर्दों की संरचना और किसी संभावित रुकावट, पथरी या सिस्ट का पता लगाया जा सकता है। यदि समय रहते गुर्दे की बीमारी का पता चल जाए तो अक्सर जीवनशैली में बदलाव और दवाओं के माध्यम से इसे नियंत्रित किया जा सकता है लेकिन यदि बीमारी उन्नत चरण में पहुंच जाए तो डायलिसिस या किडनी प्रत्यारोपण जैसी जटिल उपचार प्रक्रियाओं की आवश्यकता पड़ सकती है। इसीलिए विश्व किडनी दिवस का प्रमुख संदेश है 'जल्दी पहचान, बेहतर उपचार।' गुर्दों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी जीवनशैली उपाय अपनाए जा सकते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना गुर्दों को विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। संतुलित और पौष्टिक आहार, जिसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन शामिल हों, किडनी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। नमक और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन रक्तचाप को बढ़ा सकता है, जिससे गुर्दों पर दबाव पड़ता है। नियमित शारीरिक गतिविधि भी गुर्दे के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट पैदल चलना, योग, तैराकी या साइकिल चलाना शरीर के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और रक्तचाप तथा रक्त शर्करा को नियंत्रित रखने में मदद करता है। धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन भी गुर्दों को नुकसान पहुंचाता है, इसलिए इनसे दूर रहना चाहिए। दर्द निवारक दवाओं का अत्यधिक और लंबे समय तक उपयोग भी किडनी को प्रभावित कर सकता है। नॉन-स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाओं का अनियंत्रित उपयोग गुर्दों पर दबाव डालता है, इसलिए किसी भी दवा का लंबे समय तक उपयोग करने से पहले चिकित्सकीय सलाह लेना आवश्यक है।



पर्यावरणीय कारक भी किडनी स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। बढ़ता वायु और जल प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक गर्मी और पर्यावरणीय विषाक्त पदार्थ गुर्दों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। लंबे समय तक गर्म वातावरण में काम करने से शरीर में निर्जलीकरण और ताप तनाव बढ़ता है, जिससे गुर्दों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसी प्रकार प्रदूषित जल और रासायनिक पदार्थ भी किडनी को नुकसान पहुंचा सकते हैं। यह अभियान केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ स्वास्थ्य प्रणालियों की आवश्यकता पर भी बल देता है। उदाहरण के लिए, डायलिसिस उपचार में बड़ी मात्रा में पानी और ऊर्जा का उपयोग होता है। इसलिए चिकित्सा क्षेत्र में ऐसी तकनीकों और प्रक्रियाओं को अपनाने की आवश्यकता है, जो पर्यावरण के अनुकूल हों और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें। बहरहाल, किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में समाज के प्रत्एक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को वर्ष में कम से कम एक बार किडनी की जांच अवश्य करानी चाहिए। यदि बीमारी का प्रारंभिक चरण में ही पता चल जाए तो उचित उपचार और जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से गुर्दों को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। वास्तव में गुर्दे हमारे शरीर के ऐसे मौन संरक्षक हैं, जिनकी उपेक्षा गंभीर परिणाम ला सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम किडनी स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, पर्यावरण की रक्षा करें और ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो शरीर और प्रकृति दोनों के लिए लाभकारी हो। यदि हम समय रहते सचेत हो जाएं और नियमित स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें तो गुर्दे की बीमारियों के बढ़ते खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश देता माहे रमजान



निर्मल रानी

पूरे विश्व में इन दिनों मुसलमानों की इबादत का पवित्र महीना रमजान पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस बात से सभी भलीभांति परिचित हैं कि धार्मिक नियमों व रीति रिवाजों का अनुपालन करने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान के पूरे महीने के दौरान दिन भर रोजा (व्रत) रखते हैं और सारा दिन खाना पानी कुछ भी ग्रहण नहीं करते। सूर्योदय से पूर्व सहरी खाकर सूर्यास्त के बाद इफ्तारी कर रोजदार लोग अपना रोजा खोलते हैं। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों या अपने अपने घरों में इबादत भी करते हैं। भारत में प्रत्एक वर्ष रमजान के दौरान हिन्दू, मुस्लिम और सिख समुदायों के बीच एकता की कई हृदयस्पर्शी व प्रेरणादायक मिसालें देखने को मिलती हैं। ऐसी मिसालें निश्चित रूप से हमारे देश के भाईचारे, आपसी सहयोग और मुहब्बत का प्रतीक हैं। कहीं हिन्दू तो कहीं सिख रोजा इफ्तार करते हैं। तो कहीं मंदिर में इफ्तारी कर मुस्लिम भाइयों को कोई पंडित जी रोजा खुलवाते हैं। कहीं मुस्लिम लोग कुरआन की तरावीह (नमाज -इबादत) छोड़ कर पड़ोसी हिन्दू भाई के घर में लगी आग बुझाने पहुंच जाते हैं तो कहीं हिन्दू भाई बहन रोजा रखकर मुहब्बत का पैगाम देते हैं। जस्टिस मारकण्डे काटजू सहित देश के अनेक गैर मुस्लिम बुद्धिजीवी रमजान के दौरान प्रतीकात्मक रूप से रोजा रखकर साम्प्रदायिक सद्भाव का सन्देश देते हैं।

उदाहरण के तौर पर राजस्थान के बाड़मेर और जैसलमेर जैसे सीमावर्ती जिलों में एक हिन्दू परिवार के सदस्य माह-ए - रमजान में पांच रोजे रखते हैं। इसी तरह महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के एक गांव में 40-50 हिन्दू रोजा रखते हैं और नियमानुसार सहरी व इफ्तार ग्रहण करते हैं। इन हिन्दू रोजदारों का कहना है कि यह उनके परिवारों की सदियों पुरानी परंपरा है। इसी तरह राजस्थान के सीकर जिले के कांवट गांव में हिन्दू-सिख परिवार मस्जिद में 15 दिनों तक इफ्तार की दावत दे कर श्रद्धा, सद्भाव व प्रेम का सन्देश देते हैं। राजस्थान के कांवट में सिख परिवार भी हिन्दुओं संग मिलकर रोजदारों को भोजन कराते हैं। हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द का ज्वलंत उदाहरण चेन्नई के मायलापुर स्थित सूफीदर मंदिर में देखने को मिलता है। यहां गत 40 वर्षों से रोजा रखने वालों के लिए इफ्तार तैयार किया जाता है। यहां के पंडित और स्वयंसेवक मुस्लिम रोजदार भाइयों को इफ्तार कराकर उन्हें रोजा खुलवाते हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के इटावा के अमर सिंह शाक्य जैसे हिन्दू 22 वर्षों से पूरे 30 रोजे रखते आ रहे हैं । उधर उत्तर प्रदेश के रामपुर में ही इस बार मुस्लिमों ने रोजा रखते हुए अपने हिन्दू साथियों के साथ मिलकर होली भी मनाई। बेशक ऐसे आयोजन व गतिविधियां विभिन्न आस्थाओं के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाती हैं।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला फैसलाबाद में रात के समय एक हिन्दू व्यक्ति के घर में रखे गैस सिलेंडर से भीषण आग लग गई। उस समय पास की एक मस्जिद में अनेक मुस्लिम भाई रोजा इफ्तार के बाद तरावीह की नमाज अदा कर रहे थे। वे सभी पड़ोस से अचानक उठने वाले शोर शराबे से व्याकुल हुए। सभी मुस्लिम भाइयों ने नमाज तरावीह छोड़ दी और फौरन एक साथ मौके पर पहुंचकर न केवल आग बुझाने में मदद की बल्कि मस्जिद से पानी का भी पूरा उपयोग कर आग बुझाने में सफलता हासिल की। इन सबकी की मदद से ही आग पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। इस इंसानियत भरी मिसाल ने हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को और मजबूत किया। जहां मुस्लिम भाइयों ने अपनी इस सेवा को ही सच्ची इबादत बताया वहीं हिन्दू पीड़ित परिवार ने भी यह कहा कि हम मुस्लिम भाइयों की इस इंसानियत को कभी नहीं भूलेंगे। देश के विभिन्न भागों से रमजान के दौरान इस वर्ष साम्प्रदायिक सद्भाव की और भी अनेक खबरें सुनने व देखने को मिलीं। जम्मू-कश्मीर के नगर में सिख युवाओं ने लाल चौक पर रोजदारों को शरबत व पानी पिलाया तथा खजूर आदि वितरित कर उनके लिए इफ्तार का प्रबंध किया। इसी तरह पंजाब के जीजी इंस्टीटड्ूट में हिन्दू, मुस्लिम, सिख भाइयों ने एक साथ मिलकर रोजा इफ्तार किया इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर देश में अमन शांति व भाईचारे की दुआ मांगी। इन दिनों दिल्ली की रहने वाली नेहा भारती सोशल मीडिया के माध्यम से काफी लोकप्रिय हो रही हैं। वे पिछले 4 वर्षों से लगातार रमजान के पूरे महीने पुरानी दिल्ली की जामा मस्जिद के बाहर रोजदारों के लिए इफ्तार का इंतजाम कर रही हैं। वह हर दिन लगभग लगभग 300 से 350 रोजदारों को इफ्तार कराती हैं। नेहा भारती की श्रद्धा को इस बात से भी समझा जा सकता है कि वे इफ्तार का सामान (पकवान) घर पर अपने हाथों से ही तैयार करती हैं और शाम को उसे लेकर स्वयं जामा मस्जिद पहुंचती हैं और रोजदारों में वही इफ्तारी पूरी श्रद्धा व सद्भाव के साथ वितरित करती हैं। नेहा के साथ उनके परिवार के सदस्य और अनेक मित्र भी इन सब में उनकी सहायता करते हैं। पूरे रमजान के दौरान वह रोजाना इफ्तारी में अलग अलग तरह के पकवान बनाती हैं ताकि रोज इफ्तार करने वालों को अलग अलग तरह के पकवान मिल सकें ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लड़ाकू विमान अपग्रेड : भारत का वायु रक्षा में क्रांतिकारी कदम



रजनीश कपूर

उन्नत माध्यमिक लड़ाकू विमान द्ध।डब्।ऋ को 5।5वीं और छठी पीढ़ी में अपग्रेड करनाभारत की रक्षा क्षमताओं में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। हाल के वर्षों में, भारत ने अपनी वायु सेना को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी तकनीकों पर जोर दिया है। 'एमका' कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 2026 तक, 'एमका' को 5.5वीं पीढ़ी और आगे छठी पीढ़ी के स्तर तक अपग्रेड करने की योजना ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। इस योजना के तहत, नई स्टेल्थ तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्ध।प्ऋ के उपयोग पर जोर दिया गया है। सवाल उठता है कि क्या यह भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति को कैसे मजबूत करेगा और क्या यह अमेरिका तथा चीन से मुकाबला करने में सक्षम होगा?

'एमका'कार्यक्रम की शुरुआत 2011 में हुई थी, जब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन DRDO की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ADA ने पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर जेट विकसित करने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि, 'एमका' एक ट्विन-इंजन, सिंगल-सीट विमान है, जिसका वजन लगभग 27 टन है और यह मैक 2.15 की गति से उड़ान भर सकता है। डा. संस्करण GEF414 इंजन का उपयोग करेगा, जबकि Mk2 को 110-120 kN थ्रस्ट वाले नए इंजन से लैस किया जाएगा, जो फ्रांस की साफरान या अन्य साझेदारों के साथ सह-विकासित होगा। 2026 तक, 'एमका' Mk2 को 5.5वीं पीढ़ी का दर्जा दिया जा रहा है, जिसमें छठी पीढ़ी की विशेषताएं जैसे AI-संचालित इलेक्ट्रॉनिक पायलट और प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस शामिल हैं। इसका प्रोटोटाइप रोलआउट 2028 के अंत तक और पहली उड़ान 2029 में होने की उम्मीद है, जबकि इंडक्शन 2035 तक हो सकता है। यह अपग्रेड भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे देशों की श्रेणी में खड़ा करेगा, जो पांचवीं पीढ़ी के विमान संचालित करते हैं। जानकारों का मानना है कि 'एमका'में अपनाई जा रही नई स्टेल्थ तकनीक भारत की वायु रक्षा को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान करेगी। स्टेल्थ का मतलब है रडार से बचाव, जो विमान को दुश्मन की नजरों से छिपा कर रखता है। 'एमका'में डाइवर्टरलेस सुपरसोनिक इनलेट DSI, सर्पेंटाइन एयर इनटेक डक्ट और उन्नत रडार-एब्जॉर्बेंट मटेरियल्स का उपयोग किया जा रहा है। ये विशेषताएं रडार सिग्नेचर को न्यूनतम करती हैं, जिससे विमान दुश्मन के वायु रक्षा सिस्टम को भेद सकता है। उदाहरण के लिए, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने हाल ही में एक नए इंटेक डिजाइन का विकास किया है, जो 98 प्रतिशत प्रेशर रिकवरी सुनिश्चित करता है, जो स्टेल्थ और इंजन दक्षता के बीच संतुलन भी बनाता है। यह तकनीक 'एमका'को चीनी श्र-20 या अमेरिकी F-35 जैसे विमानों से बेहतर छिपाव प्रदान करेगी। गौरतलब है कि 'एमका'में 'इलेक्ट्रॉनिक पायलट' नामक AI-सिस्टम होगा, जो पायलट के साथ सहयोगी की भूमिका निभाएगा। यह ।प् खतरे का पता लगाने, रूट ऑप्टिमाइजेशन, कॉम्बैट स्ट्रैटेजी और मिशन प्लानिंग में मदद करेगा। इसके अलावा, AI-आधारित प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस से विमान की उपलब्धता दर 75 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, जो वर्तमान विमानों से कहीं अधिक है। सेंसर फ्यूजन और नेटवर्क-सेंट्रिक वारफेयर सिस्टम 'एमका' को ड्रोन स्वार्म्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स के साथ एकीकृत करेगा। यह छठी पीढ़ी की दिशा में कदम है, जहां AI स्वायत्त निर्णय लेने में सक्षम होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह अपग्रेड भारत की वायु सेना को आधुनिक युद्धों में बढ़त देगा, जहां AI और स्टेल्थ निर्णायक कारक हैं।



रक्षा विशेषज्ञ यह सवाल भी उठा रहे हैं कि इस अपग्रेड से भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति कैसे सुधरेगी? यह स्वदेशी तकनीक पर निर्भरता बढ़ाएगा, जो आयात पर निर्भरता कम करेगा। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना में स्क्वाड्रन की कमी है, और 'एमका'इस कमी को पूरा करेगा। स्टेल्थ और AI से लैस 'एमका'भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मजबूत डिटरेंस प्रदान करेगा। चीन के साथ सीमा विवादों में, 'एमका' J-20 का मुकाबला कर सकेगा, जो वर्तमान में भारत के लिए चुनौती है। पाकिस्तान के चीनी श्र-10 या JF-17 के खिलाफ भी यह श्रेष्ठ होगा। वैश्विक स्तर पर, 'एमका'भारत को क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) जैसे गठबंधनों में मजबूत भागीदार बनाएगा। यह एशिया में पावर बैलेंस को भारत के पक्ष में झुका सकता है, क्योंकि यह चौथा देश होगा जो स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का विमान विकसित करेगा।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के F-22 और F-35 परिपक्व तकनीक वाले लड़ाकू विमान हैं, जिनमें दशकों का अनुभव है। 'एमका'की स्टेल्थ और AI विशेषताएं F-35 से तुलनीय हैं, लेकिन उत्पादन और संचालन अनुभव की कमी एक कमजोरी है। हालांकि, 'एमका'की लागत कम होगी और यह भारत की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप होगा। वहीं चीन के J-20 के खिलाफ, 'एमका'की उन्नत स्टेल्थ और AI बढ़त दे सकती है, खासकर स्।ब पर, जहांश्र-20 की संख्या अधिक है, लेकिन 'एमका'की ।प् एकीकरण से भारत गुणवत्ता में आगे निकल सकता है। दावा है कि छठी पीढ़ी की ओर अपग्रेड से 'एमका' अमरीका के 'नेक्स्ट जनरेशन एयर डोमिनेन्स' NGAD या चीनी छठी पीढ़ी कार्यक्रमों से मुकाबला अवश्य कर सकेगा। लेकिन वहीं इस परियोजना में चुनौतियां भी हैं। जैसे कि इंजन विकास में देरी, फंडिंग की कमी और समयसीमा का पालन। इसलिए यदि 'एमका' को एक सफल परियोजना बनाना है तो सरकार को समय पर फंडिंग और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियां सुनिश्चित करनी चाहिए। यह न केवल रक्षा बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता का प्रतीक है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। देश में एलपीजी की 'भारी' कमी को लेकर पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व पार्टी सांसद संजय सिंह और पार्टी नेता जैस्मीन शाह।

## चीन ने बेहद शक्तिशाली कार्बन फाइबर को पेश किया

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को घरेलू स्तर पर विकसित और बेहद शक्तिशाली टी1200 कार्बन फाइबर बना लिया है। इसका अंतरिक्ष और मानव रोबोट क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाएगा। इस फाइबर का व्यास मानव बाल के दसवें हिस्से से भी कम है, फिर भी इसकी मजबूती साधारण स्टील की तुलना में 10 गुना अधिक है और इसका घनत्व स्टील के घनत्व का केवल एक-चौथाई है। हाई-टेक उद्योगों में इसे अपनाने की गति तेज होने की उम्मीद है। इसके निर्माता 'चीन नेशनल बिल्डिंग मटेरियल ग्रुप कंपनी लिमिटेड' के अनुसार, कंपनी इस केबल के सौ टन की वार्षिक उत्पादन की क्षमता हासिल कर ली है।

## कश्मीर का प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन 16 मार्च से खुलेगा

**श्रीनगर।** कश्मीर का प्रसिद्ध इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन 16 मार्च को आगंतुकों के लिए खुलने के लिए पूरी तरह तैयार है। डल झील के किनारे स्थित एशिया के सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन को देखने के लिए अभी से हजारों दर्शक घाटी में आने लगे हैं। फ्लोरीकल्चर विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उद्घाटन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इस साल आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई नई चीजें जोड़ी गई हैं। फ्लोरीकल्चर कश्मीर की निदेशक मथुरा मासूम ने बताया कि विभाग ने अतिरिक्त रंगों और किस्मों के साथ बगीचे को और अधिक आकर्षक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि हमने इस साल बगीचे को और सुंदर बनाने की कोशिश की है।

# अमेरिकी-इजरायली हमलों में 1300 से अधिक ईरानी मारे गए

### संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और स्थाई प्रतिनिधि ने कहा: 9669 नागरिक ठिकाने भी हुए नष्ट



■ घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों और महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है

**न्यूयॉर्क।** संरा में ईरान के राजदूत और स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा गत 28 फरवरी से अमेरिका-इजरायल के सैन्य हमलों में ईरान में 1300 से अधिक नागरिक मारे गए हैं और 9669 नागरिक ठिकाने नष्ट हो गए हैं।

इरावानी ने मंगलवार को प्रेस को दिए एक बयान में बताया कि नष्ट किए गए नागरिक ठिकानों में 7943 आवासीय घर, 1617 वाणिज्यिक और सेवा केंद्र, 32 चिकित्सा सुविधाएं, 65 स्कूल और शैक्षणिक संस्थान, रेड क्रिसेंट की 13 इमारतें और कई ऊर्जा आपूर्ति सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वे (अमेरिका-इजरायल) जानबूझकर और अंधाधुंध तरीके से मेरे देश के नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय कानून का कोई सम्मान नहीं कर रहे हैं और इन अपराधों को करने में कोई संयम नहीं दिखा रहे हैं। इरावानी ने कहा कि घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों और महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यह आंकड़े वास्तविक नहीं हैं, इनमें बढ़ोतरी हो सकती है। ईरान के राजदूत ने नागरिक बुनियादी ढांचों पर हमलों का उल्लेख करते हुए बताया कि शनिवार रात तेहरान और अन्य शहरों में ईंधन भंडारण केंद्रों पर भारी हमले किए गए, जिससे वातावरण में बड़ी मात्रा में खतरनाक और जहरीले प्रदूषक फैल गए हैं। ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी का हवाला देते हुए इरावानी ने कहा कि इन विस्फोटों के कारण गंभीर वायु प्रदूषण हुआ और नागरिकों, विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर स्वास्थ्य स्थिति वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो गए हैं। उन्होंने कहा कि ये जघन्य हमले अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय दायित्वों का भी उल्लंघन करते हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन और जैविक विविधता पर कन्वेंशन के तहत आने वाले नियम शामिल हैं। इरावानी ने अन्य उदाहरणों का भी जिक्र किया, जिनमें शनिवार तड़के तेहरान के मेहराबाद हवाई अड्डे पर हुए हमले शामिल हैं, जिससे कई नागरिक विमान और सुविधाएं नष्ट या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके अलावा होर्मोजगन प्रांत के केशम द्वीप पर एक मीठे पानी के संयत्र पर हमला किया गया, जिससे 30 गांवों की जल आपूर्ति बाधित हो गई। प्रतिनिधि ने यह भी कहा कि रविवार तड़के इजरायल ने लेबनान के बेरूत में रामादा होटल पर 'जानबूझकर आतंकवादी हमला' किया, जिसमें चार ईरानी राजनयिक मारे गए। उन्होंने कहा कि किसी अन्य संप्रभु राज्य के क्षेत्र में राजनयिकों की लक्षित हत्या एक गंभीर आतंकवादी कृत्य, युद्ध अपराध और अंतर्राष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन है।

## नेटवर्क की तरह काम करता है ईरान की मोजेक डिफेंस सिस्टम

# लीडरशिप खत्म, फिर भी जंग लड़ रहा ईरान



■ लीडरशिप 7 टुकड़ों में ताकत बांट रखी है, हर अहम पद के लिए 4 उत्तराधिकारी पहले से तय

■ सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद अब तक करीब 50 टॉप अधिकारी हमले में मारे गए

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच 12 दिनों से जंग जारी है। पहले ही दिन सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद अब तक करीब 50 टॉप अधिकारी हमले में मारे गए हैं। इसके बावजूद ईरान दावा कर रहा है कि वह लंबे समय तक जंग लड़ सकता है। इसके लिए ईरान ने एक खास स्ट्रेटजी बनाई है, जिसमें सेना का कमान किसी के पास नहीं बल्कि 7 छोटे-छोटे हिस्सों में बांट दी गई है। इसके अलावा हर पद के लिए 4 संभावित उत्तराधिकारी पहले से तय कर दिए गए हैं। अमेरिका ने 28 फरवरी को खामेनेई के काम्प्लेक्स पर हमला किया था, जिसमें उनकी मौत हो गई थी। इस हमले में खामेनेई की बहू और पोती भी मारी गई थीं। 1 मार्च को ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा था कि देश ने दो दशकों तक अमेरिका के युद्धों का अध्ययन किया है। इससे सीख कर ऐसा सुरक्षा ढांचा बनाया गया, जिससे राजधानी पर हमला होने के बाद भी लड़ाई जारी रहे। इसके लिए ईरान ने एक खास स्ट्रेटजी बनाई, जिसका नाम रखा 'डिसेंट्रलाइज्ड मोजेक डिफेंस'। मोजेक का मतलब टाइल्स (छोटे-छोटे टुकड़ों) से बना हुआ डाइग्राम होता है। ठीक वैसे ही इस रणनीति में ईरान की पूरी सैन्य कमान और क्षमता को केंद्रीकृत नहीं रखा जाता, बल्कि 7 छोटे-छोटे, स्वतंत्र हिस्सों में बांट दिया जाता है। इससे अगर दुश्मन टॉप लीडरशिप, सेंट्रल कमांड सेंटर, या बड़े हेडक्वार्टर पर हमला करके उन्हें नष्ट भी कर दे, तब भी बाकी सिस्टम टूटता नहीं है और लड़ाई जारी रख सकता है। डिसेंट्रलाइज्ड मोजेक डिफेंस इस्लामिक रिवाल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) से सबसे ज्यादा जुड़ी हुई है। यह पूर्व कमांडर मोहम्मद अली जाफरी (2007-2019) के समय विकसित हुई। इस ढांचे में आईआरजीसी, बसीज मिलिशिया, नियमित सेना, मिसाइल यूनिट, नौसेना और स्थानीय कमांड संरचनाएं एक नेटवर्क की तरह काम करती हैं। संचार टूटने की स्थिति में भी स्थानीय यूनिट्स को कार्रवाई की स्वतंत्रता रहती है। ईरान ने अलग-अलग संस्थाओं को अलग-अलग रोल दिए हैं।

### 1 रेगुलर आर्मी (आर्टेश):

पहले झटके को सहन करती है। आर्मर्ड, मैकेनाइज्ड और इन्फैंट्री यूनिट्स दुश्मन के एडवांस हमलों को स्लो करती हैं। फ्रंट को स्टेबलाइज करती हैं।

### 2 एयर डिफेंस यूनिट्स:

छिपाव, धोखा और डिस्पर्सल (फैलाव) से दुश्मन की एयर सुपीरियरिटी को जितना हो सके रोकती हैं।

### 3 आईआरजीसी:

मुख्य रोल दूसरे स्टेज में। डिसेंट्रलाइज्ड आपरेशंस, घात, लोकल रेसिस्टेंस, सप्लाई लाइन्स डिसरप्ट करना, शहरों, पहाड़ों और रिमोट इलाकों में फ्लेक्सिबल गोरिल्ला वार।

### 3 बसिज मिलिशिया:

बसिज मिलिशिया: इसे 31 प्रांतों में डिवाइड किया गया है, लोकल कमांडरों को ज्यादा आटोनामी (स्वायत्तता) मिली है।

### 4 नौसेना:

नौसेना: फारस की खाड़ी और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में एंटी-एक्सेस टैक्टिक्स, फास्ट अटैक क्राफ्ट, माइंस, एंटी-शिप मिसाइल्स से दुश्मन के जहाजों को तबाह करना। मिसाइल फोर्स (आईआरजीसी कंट्रोल: डिटरेंट और डीप स्ट्राइक-दुश्मन के इंफास्ट्रक्चर और मिलिट्री टारगेट्स पर हमला। क्षेत्रीय नेटवर्क (प्राक्सी फोर्सेस-मिडिल ईस्ट में सहयोगी ग्रुप्स (जैसे हिजबुल्लाह, हूती आदि) जंग को ईरान की सीमाओं से बाहर फैलाते हैं, ताकि दुश्मन एक फ्रंट पर फोकस न कर सके। पूर्व ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने 6 अक्टूबर, 2024 को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स के एयरोस्पेस बल के कमांडर अमीर अली हाजीजादेह को आर्डर ऑफ विक्टर से सम्मानित किया था। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया और 2003 में इराक पर हमला किया। इससे सद्दाम हुसैन का हाईली सेंट्रलाइज्ड रिजीम कुछ ही दिनों में ढह गया। कमांड स्ट्रक्चर पर हमला हुआ और सब कुछ बिखर गया। ईरान ने देखा और सीखा कि सेंट्रल कमांड पर निर्भर रहना खतरनाक हो सकता है। ईरान ने अपनी सेना को और सेंट्रलाइज्ड नहीं बनाया, बल्कि छोटे-छोटे हिस्सों में बांटा। ईरान जानता है कि दुश्मन की कन्वेंशनल ताकत (एयर पावर, टेक्नोलाजी, इंटेलिजेंस) ज्यादा होगी, इसलिए उसने सीधे मुकाबले के बजाए सर्वाइवल यानी जंग को लंबी खींचने और दुश्मन को थकाने वाली स्ट्रेटजी अपनाई।

## ईरानी दूतावास को सौंपें अमेरिकी हमले में मृतकों के शव: श्रीलंकाई अदालत

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने बुधवार को को आदेश दिया कि अमेरिकी हमले में मारे गए 84 ईरानी नागरिकों के शवर ईरान के दूतावास को सौंप दिए जाएं। इन शवों को फिलहाल गाले राष्ट्रीय अस्पताल के दो फ्रीजर कंटेनर्स में रखा गया है। गाले के मुख्य मजिस्ट्रेट समीर दोडांगोडा ने अस्पताल के निदेशक को आदेश दिया कि सभी शव ईरान के दूतावास को सौंप दिए जाएं। यह आदेश गाले हार्बर पुलिस के अनुरोध पर जारी किया गया। पिछले बुधवार को श्रीलंका ने बताया था कि अमेरिकी पनडुब्बी के हमले में ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना के डूबने के बाद 84 ईरानी नागरिकों के शव बरामद किए गए। यह घटना श्रीलंका के दक्षिणी तट पर गाले के पास हुई थी। यह जहाज विशाखापत्तनम से ईरान लौट रहा था। आईआरआईएस ने एक नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लिया था। इन शवों को बाकी बचे हुए 32 लोगों के साथ गाले के करापिटिया स्थित राष्ट्रीय अस्पताल लाया गया था। इससे पहले श्रीलंका सरकार ने कहा था कि हालात बेहतर होने तक शवों को देश में ही रखा जाएगा, ताकि बाद में उन्हें उनके देश भेजा जा सके।

## ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई 'पूरी तरह सुरक्षित'



■ राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के पुत्र ने चोटिल होने की खबरों का किया खंडन

**तेहरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर जारी अटकलों के बीच को एक बड़ा स्पष्टीकरण सामने आया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के पुत्र, यूसुफ पेजेशकियन ने बुधवार को पुष्टि की कि नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई 'पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ' हैं।

पेजेशकियन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कुछ मित्रें, जिनके 'उच्च स्तर पर संपर्क' हैं, उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया है कि सर्वोच्च नेता स्वस्थ्य एवं सुरक्षित हैं उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इससे पहले कई अंतर्राष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा था कि पिछले दिनों ईरान पर हुए अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में मोजतबा खामेनेई घायल हो गए थे। नियुक्ति के 48 घंटों बाद भी उनके सार्वजनिक रूप से सामने न आने के कारण इन अफवाहों को और बल मिला था।

## ताकाइची की 'युद्ध नीतियों' के खिलाफ टोक्यो में भारी प्रदर्शन

टोक्यो। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की सरकार की सैन्य विस्तार की नीतियों के विरोध में मंगलवार रात टोक्यो में हजारों लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इन हजारों प्रदर्शनकारियों ने नेशनल डाइट (जापान की संसद) के बाहर जमा होकर मिसाइलों की तैनाती और घातक हथियारों के निर्यात में ढील देने के सरकारी फैसलों की कड़ी निंदा की। कड़ाके की ठंड के बावजूद, प्रदर्शनकारियों ने 'युद्ध को ना' और 'संविधान कुचलना बंद करो' जैसे नारों वाली तख्तियां थाम रखी थीं।

# ईरान की बैकों पर हमले की चेतावनी

### गूगल और माइक्रोसॉफ्ट भी निशाने पर



■ यह बयान कथित तौर पर एक ईरानी बैंक पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में आया

**तेहरान।** ईरान ने एक बड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह क्षेत्र में स्थित अमेरिका और इजरायल से जुड़े आर्थिक केंद्रों, बैंकों और गूगल एवं माइक्रोसॉफ्ट जैसी अमेरिकी कंपनियों को भी निशाना बना सकता है। यह बयान कथित तौर पर एक ईरानी बैंक पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में आया है।

ईरान में रिवोल्यूशनरी गार्ड्स से संबद्ध 'खतम अल-अंबिया' मुख्यालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि एक ईरानी बैंक पर हुए हमले के बाद अब दुश्मन के वित्तीय संस्थान उनके निशाने पर हैं। ईरान ने क्षेत्र के नागरिकों को सलाह दी है कि वे सुरक्षा के लिहाज से इन बैंकों के एक किलोमीटर के दायरे से दूर रहें। इसके साथ ही, ईरान ने उन दिग्गज अमेरिकी तकनीकी कंपनियों की सूची जारी की है जिनकी तकनीक का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। इनमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, आईबीएम और ओरेकल जैसी कंपनियां शामिल हैं। ईरानी मीडिया के अनुसार, इन कंपनियों के इजरायल और कुछ खाड़ी देशों में स्थित कार्यालय और क्लाउड-आधारित बुनियादी ढांचे अब ईरान के 'वैध सैन्य लक्ष्य' हैं। ईरान का कहना है कि जैसे-जैसे युद्ध का दायरा बढ़ रहा है, वह अपने हमलों का विस्तार आर्थिक और तकनीकी संपत्तियों तक करने के लिए मजबूर है। रिपोर्ट के अनुसार, इन कंपनियों के कार्यालय और क्लाउड सेवाओं से संबंधित बुनियादी ढांचे इजरायल के कई शहरों के साथ-साथ कुछ खाड़ी देशों में भी स्थित हैं, जो अब ईरानी हमलों के जोखिम के दायरे में आ गए हैं। ईरानी अधिकारियों ने पहले ही चेतावनी दी है कि यदि उनके ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले जारी रहे, तो वे क्षेत्र की तेल सुविधाओं को निशाना बनाएंगे, जिससे तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं।

## किम जोंग उन ने क्रूज मिसाइल परीक्षण का किया निरीक्षण

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के नए युद्धपोत से किए गए क्रूज मिसाइल परीक्षण का निरीक्षण किया। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया से 11 दिन का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रीडम शील्ड' शुरू किया है। उत्तर कोरिया इस सैन्य अभ्यास का कड़ा विरोध कर रहा है। सरकारी मीडिया के अनुसार, मिसाइलों का प्रक्षेपण नए 5000 टन वर्ग के 'चोए ह्योन' विध्वंसक युद्धपोत से नाम्पो तट के पास किया गया, जहां जहाज के प्रदर्शन परीक्षण चल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मिसाइलें करीब 2 घंटे 50 मिनट तक तय मार्ग पर उड़ती रहीं और कोरियाई प्रायद्वीप के पश्चिमी तट के पास पीले सागर के ऊपर से गुजरते हुए अपने निर्धारित लक्ष्यों को भेद दिया।

# लेबनान में इजरायली हमलों में कम से कम 19 की मौत



■ बराशीत में दो सीरियाई नागरिक घायल हुए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है

**बेरूत।** लेबनान में इजरायली हमलों में कम से कम 19 लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रलय के अनुसार दक्षिणी लेबनान के अल-शहाबिया में रातभर चले हमलों में सात लोगों की मौत हुई और 11 अन्य घायल हुए।

पूर्वी लेबनान के बालबेक जिले के तमनीन अल-तहता क्षेत्र में हुए हवाई हमले में सात लोगों की मौत हुई है और 18 लोग घायल हैं। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के अनुसार दक्षिणी लेबनान के बित जुबैल जिले के सफ अल-हवा इलाके में एक एसयूवी पर इजरायली ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई। इसी तरह नबतिएह में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई, जबकि बेका घाटी के जलाया क्षेत्र में भी एक व्यक्ति के मारे जाने की पुष्टि हुई है। अन्य ड्रोन हमलों में बराशीत और तिबनिन क्षेत्रें में कई लोग घायल हुए हैं। बराशीत में दो सीरियाई नागरिक घायल हुए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। इसके अलावा अली अल-नहरी (बेका घाटी) में हुए हमले में पांच लोग घायल हुए हैं। लेबनान के सामाजिक मामलों के मंत्रलय के अनुसार इजरायली हमलों के बाद अब तक लगभग 7-8 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं, जिनमें से करीब 1-2 लाख लोग सरकारी राहत केंद्रों में रह रहे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना यूनिफिल ने सीमा से लगे अल्मा अल-शाब शहर से अपने कर्मियों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। यह ईसाई बहुल शहर इजरायल सीमा के पास स्थित है, जहां इजरायली सेना की चेतावनियों के बावजूद कई निवासी अब तक वहां से नहीं गए थे।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में थाई कार्गो जहाज पर हमला, 20 लोग बचाए गए

बैंकॉक। ईरान इजरायल-अमेरिका युद्ध में महत्वपूर्ण हो चले समुद्री रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य में थाईलैंड की एक कार्गो जहाज पर बुधवार को हमला होने के बाद चालक दल के 20 सदस्यों को बचाकर ओमान ले जाया गया है। रॉयल थाई नेवी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसमें शामिल जहाज मयूरी नारी है और यह बुधवार सुबह संयुक्त अरब अमीरात के खलीफा की एक बंदरगाह से निकला था। होर्मुज इलाके में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11 बजे उस पर हमला हुआ। घटना के बाद, रॉयल थाई नेवी तुरंत बचाव कार्य में जुट गई। बचाए गए थाई चालक दल के सदस्यों को ओमान के खासाब पहुंचाया है। अधिकारी बाकी तीन सदस्यों की तलाश जारी रखे हुए हैं। थाई नौसेना ने कहा कि हमले की सही वजह की जांच की जा रही है।

# गंभीर मानवीय संकट से गुजर रहा है क्यूबा: संरा

### हम ईंधन आयात करने में असमर्थता के कारण बिगड़ती स्थिति को लेकर गहराई से चिंतित: स्टीफल



■ अमेरिका ने वेनेजुएला से क्यूबा जाने वाले तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था

**न्यूयॉर्क।** क्यूबा में ईंधन की कमी ने एक मानवीय संकट पैदा कर दिया है, जिससे इस द्वीपीय देश की स्वास्थ्य प्रणाली एक नाजुक मोड़ पर पहुंच गई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि हम ईंधन आयात करने में असमर्थता के कारण बिगड़ती स्थिति को लेकर गहराई से चिंतित हैं।

इसने ऊर्जा संकट को जन्म दे दिया है। उन्होंने एक ब्रीफिंग के दौरान कहा कि संयुक्त राष्ट्र बिना किसी बाधा के क्यूबा तक सहायता पहुंचाने के लिए अमेरिका सहित सदस्य देशों के साथ बातचीत कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि अस्पतालों को बार-बार बिजली कटौती, आवश्यक दवाओं की कमी और महत्वपूर्ण उपकरणों को चलाने में असमर्थता का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा कैंसर उपचार, डायलिसिस, आपातकालीन सेवाओं, शिशु और मातृ देखभाल, कोल्ड-चेन सिस्टम के साथ-साथ पुरानी और गैर-जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं में भारी व्यवधान आ रहा है। कार्यालय ने बताया कि लगभग 16000 कैंसर रोगियों को रेडियोथेरेपी की आवश्यकता है और कीमोथेरेपी पर निर्भर 12000 से अधिक लोगों को बिजली कटौती और संसाधनों की कमी के कारण आवश्यक उपचार नहीं मिल पा रहा है। एम्बुलेंस को ईंधन पाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जिससे आपातकालीन देखभाल में देरी हो रही है। ओसीएचए के अनुसार, लगभग दस लाख लोग टैंकर ट्रकों द्वारा पहुंचाए जाने वाले पानी पर निर्भर हैं, जिनके लिए ईंधन की आवश्यकता होती है। पानी पंप करने वाले 80 प्रतिशत से अधिक बुनियादी ढांचे बिजली पर निर्भर हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर और लंबे समय तक सेवा बाधित हो रही है। कार्यालय ने कहा कि उत्पादन से लेकर भंडारण और वितरण तक खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाएं तेजी से प्रभावित हो रही हैं। 'कोल्ड-चेन सिस्टम' विफल हो रहे हैं, परिवहन बाधित हो रहे हैं और देश भर में बुनियादी खाद्य पदार्थों की उपलब्धता में कमी आ रही है। अमेरिकी प्रशासन ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह क्यूबा में कुछ तेल की अनुमति दे रहा है, लेकिन इसे केवल निजी क्षेत्र को बेचा जा सकता है, सरकार को नहीं। अमेरिका ने वेनेजुएला से क्यूबा जाने वाले तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# खाड़ी देशों पर हमले को समर्थन नहीं



■ शांति बहाल करने पर काम जारी रखेंगे : चीन

**बीजिंग।** चीन ने खाड़ी देशों पर हमलों का विरोध करते हुए क्षेत्र में तनाव कम करने और शांति बहाल करने के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने की बात कही है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बुधवार को कहा कि चीन खाड़ी देशों पर हमलों का समर्थन नहीं करता है और नागरिकों तथा गैर-सैन्य लक्ष्यों पर होने वाले अंधाधुंध हमलों की निंदा करता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में सबसे बड़ी प्राथमिकता शत्रुता और संघर्ष को और फैलने से रोकना है। चीन संबंधित पक्षों के साथ सहयोग बढ़ाकर क्षेत्र में तनाव कम करने और शांति स्थापित करने के प्रयास जारी रखेगा। गौरतलब है कि क्षेत्र में तनाव 28 फरवरी को उस समय बढ़ गया था जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान के कई ठिकानों, जिनमें तेहरान भी शामिल है, पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इसी बीच होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग में भी तनाव बना हुआ है। दुबई से लगभग 50 समुद्री मील उत्तर-पश्चिम में बुधवार को एक मालवाहक जहाज पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया, जिससे वह इस क्षेत्र में हाल के दिनों में निशाना बनाए गए तीसरे जहाज के रूप में सामने आया। ब्रिटेन की यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) के अनुसार जहाज के चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं और किसी पर्यावरणीय क्षति की सूचना नहीं है। इससे पहले ओमान के मुसंदम प्रायद्वीप के उत्तर में एक कार्गो जहाज में आग लगने के कारण उसे खाली कराना पड़ा था, जबकि संयुक्त अरब अमीरात के तट के पास एक अन्य जहाज भी क्षतिग्रस्त हुआ था।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108